

मोहन भागवत ने कहा - पीओके भारत का एक कमरा, उसे वापस लेकर रहेंगे - 12



आर्थिक आंकड़े शेयर बाजार को करेंगे प्रभावित - 12




पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात नहीं कर पाएंगे ट्रंप, कोर्ट ने लगाई रोक - 13



पाकिस्तान और भारत की महिला कप्तान ने नहीं मिलाया हाथ- 14

आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान 24.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.03 सूर्यास्त 05.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 12:24 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 6 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 54, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# दार्जिलिंग में भूस्खलन, 20 की मौत

## उत्तर बंगाल में सड़कें-पुल ध्वस्त, 12 घंटों में 300 मिलीमीटर बारिश, सिक्किम से संपर्क टूटा

दार्जिलिंग, एजेंसी

पश्चिम बंगाल और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। उत्तरी बंगाल में दार्जिलिंग में कई भूस्खलन हुए जिससे कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हो गए। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। कई जगह पुल टूट गए और सड़कों पर मलबा जम गया जिससे यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है।

एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, सरसली, जसबीरगांव, मिरिक बस्ती, धार गांव (मेची), नागराकाटा और मिरिक झील क्षेत्र से लोगों के मारे जाने की खबर है। दार्जिलिंग उपमंडल अधिकारी ने बताया कि पुलिस, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रतिक्रिया टीम की मदद से बचाव और राहत अभियान जारी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। वह 6 अक्टूबर को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी और क्षेत्र की स्थिति का आकलन करेंगी, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक भी प्रभावित हुए हैं। उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने स्थिति को चिंताजनक बताया और रिपोर्ट का हवाला देते हुए मृतकों की संख्या 20 बताई। गुहा ने कहा यह संख्या बढ़ भी सकती है। भूस्खलन के कारण मिरिक-सुखियापोखरी सड़क सहित प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित हो गया जबकि कई पहाड़ी बस्तियों की संचार लाइनें टूट गईं। यहां 12 घंटों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई, जिससे कम से कम सात जगहों पर भयंकर बाढ़ और भूस्खलन हुआ। उन्होंने इस स्थिति की तुलना पिछले महीने त्योहारों के मौसम में कोलकाता में आई भीषण बाढ़ से की।



दार्जिलिंग में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद राहत कार्य में जुटी प्रशासनिक टीम।

### नेपाल और प. बंगाल को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में जानमाल की हानि से बहुत दु:ख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। हम प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं नेपाल में भारी बारिश के कारण हुई जान-माल की क्षति पर रविवार को दुख जताते हुए मोदी ने कहा कि एक मित्र पड़ोसी एवं सबसे पहले मदद देने वाले देश के रूप में भारत हर प्रकार की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नेपाल में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ में 51 की मौत

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल में विभिन्न स्थानों पर मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ आई, जिसके कारण रविवार सुबह तक कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। कोशी प्रांत में इल्लम जिले के विभिन्न स्थानों पर कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने बताया कि इन 37 लोगों में से देउमाई और माईजोगमाई नगरपालिका क्षेत्रों में आठ- आठ लोगों की मौत हुई, इल्लम नगरपालिका और संदकपुर ग्रामीण नगरपालिका में छह-छह, मंगसेबुंग में तीन और फाकफोकथुम गांव में एक व्यक्ति की मौत हुई है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण उदयपुर में दो और पंचथार में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रौतहट में बिजली गिरने से तीन और खोतांग जिले में दो की मौत हो गई। इस बीच, पंचथार जिले में भारी बारिश के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण हुई एक दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। रसुवा जिले के लांगटांग संरक्षण क्षेत्र में उफनती नदी में बह जाने से कम से कम चार लोग लापता हो गए।

# बिहार चुनाव की 17 नई पहल देश को दिखाएगी राह : ज्ञानेश

पटना, एजेंसी



- मुख्य निर्वाचन आयुक्त बोले एसआईआर करवाना निर्वाचन आयोग का विशेषाधिकार
- बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा जल्द

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इससे पहले राज्य में चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी। कुमार ने यह भी कहा कि आगामी चुनाव में लागू की जाने वाली 17 नई पहलें न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगी। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कुमार ने कहा कि बिहार चुनाव को छठ महापर्व की तरह, लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि बिहार ने वैशाली से लोकतंत्र को जन्म दिया है और अब बिहार से ही चुनाव सुधार की नई दिशा देश को मिलेगी। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जबकि योग्य मतदाता नामांकन की समाप्ति से दस दिन पहले तक फॉर्म-6 या फॉर्म-7 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। कुमार ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने पर संतोष व्यक्त करते हुए दावा किया कि इससे 22 वर्षों के बाद मतदाता सूची का शुद्धिकरण संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि एसआईआर करवाना निर्वाचन आयोग का विशेषाधिकार है। नई पहलों में कुछ चुनाव पूर्व लागू होंगी, जबकि कुछ मतदान के दिन प्रभावी रहेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप आधार कार्ड को पहचान पत्र के रूप में स्वीकार किया है, लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। आयुक्त ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे प्रत्येक केंद्र पर अपने एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित करें और वे फॉर्म 17सी तक मतदान प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहें।

### सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत होगी वेबकास्टिंग

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया, बूथ से 100 मीटर की दूरी तक प्रत्याशी अपने एजेंट को तैनात कर सकेंगे ताकि मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। इसके अतिरिक्त बिहार के सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत 'वेबकास्टिंग' की जाएगी, जिससे मतदान की पूरी प्रक्रिया पर वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अब ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें दिखाई देंगी और क्रमांक (सीरियल नंबर) बड़े अक्षरों में होगा, जिससे मतदाताओं को पहचान में आसानी हो। उन्होंने कहा कि यह कदम मतदाता सुविधा और पारदर्शिता दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व सीजेआई पर गलत टिप्पणी, एडमिन पर केस

**हैदराबाद।** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमण के नाम पर कुछ टिप्पणियां कथित तौर पर गलत तरीके से पोस्ट करने के आरोप में एक फेसबुक पेज के एडमिन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पूर्व प्रधान न्यायाधीश के निजी सचिव द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हैदराबाद पुलिस की साइबर अपराध शाखा द्वारा बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि 30 सितंबर को डाली गई पोस्ट में कथित तौर पर मानहानिकारक सामग्री और भड़काऊ सांप्रदायिक टिप्पणियां थीं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में जांच जारी है।

### हिंद महासागर में भारत ब्रिटेन का युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन की नौसेनाओं ने समग्र सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने के लिए पश्चिमी हिंद महासागर में व्यापक युद्धाभ्यास शुरू किया। विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) को कोंकण युद्धाभ्यास के लिए तैनात किया गया है। भारतीय नौसेना ने कहा कि यह अभ्यास सुरक्षित, खुले और मुक्त समुद्र सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि है और यह भारत-ब्रिटेन विजन 2035 में रेखांकित व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में दो और बच्चों की गई जान

- प्रशासन जांच में जुटा, अब तक 16 बच्चों की हो चुकी है मौत

बैतूल (मध्यप्रदेश), एजेंसी

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से 14 बच्चों की मौत के बाद अब बैतूल जिले के आमला प्रखंड में कफ सिरप के पीने से वहां के दो बच्चों की मौत हो गई। हालांकि, बैतूल के कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि दोनों बच्चों का इलाज बैतूल जिले के किसी भी शासकीय या निजी अस्पताल में नहीं हुआ है। मप्र में अब तक कुल 16 बच्चों की मौत हो चुकी है।

बैतूल के कलेक्टर ने कहा कि यह मामला बैतूल जिले से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं है, फिर भी मृतक बच्चों के बैतूल निवासी होने के कारण पूरी संवेदनशीलता से जांच की जा रही है। आमला प्रखंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जान गंवाने वाले बच्चों में एक की उम्र चार वर्षीय और दूसरा ढाई वर्ष का है। दोनों बच्चों को बुखार के इलाज के लिए पड़ोसी छिंदवाड़ा जिले के परासिया ले जाया गया, जहां उनकी हालत बिगड़ गई। विस्तृत जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### परासिया में 11 बच्चों की मौत का जिम्मेदार सरकारी चिकित्सक गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में गुर्दों के काम करना बंद कर देने के कारण 14 बच्चों की मौत होने के बाद पुलिस ने लापरवाही के आरोप में एक चिकित्सक को गिरफ्तार किया है और जहरीले 'कफ सिरप' की निर्माता कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि दवा के नमूनों में अत्यधिक जहरीला पदार्थ पाया गया है। जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें से दो छिंदवाड़ा शहर से, एक चौरई तहसील से और 11 परासिया उप-संभाग से थे। एसपी अजय पांडे ने बताया कि श्रीसन फार्मास्युटिकल्स, कांचीपुरम (तमिलनाडु) द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ को परासिया में 11 बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। कंपनी और डॉ. प्रवीण सोनी के खिलाफ परासिया पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। डॉ. सोनी यहां सरकारी चिकित्सक होने के बावजूद एक निजी क्लीनिक चलाते थे।

- जहरीले कफ सिरप की निर्माता कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया

### एक्शन में आई केंद्र सरकार, कार्रवाई के निर्देश

कफ सिरप के चलते हुए बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ आज एक अहम बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया।

## बर्फबारी




हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में रविवार को बर्फबारी हुई, जिसका पर्यटकों ने लुत्फ उठाया। अटल सुरंग से गुजरने वालों ने यहां वाहन रोक कर तस्वीरें कैमरे में कैद कीं। मानसून की वापसी के बाद यहां पर्यटकों की आमद भी बढ़ गई है। ● एजेंसी

### भारत निर्मित किफायती टीबी परीक्षण किट को मिली मान्यता

**नई दिल्ली।** तपेदिक के खिलाफ भारत की लड़ाई को बढ़ावा देते हुए आईसीएमआर ने स्वदेशी रूप से विकसित दो नई परीक्षण किट को मान्यता दी है जो बेहद किफायती और रोग का जल्द पता लगाने का विकल्प प्रदान कर सकती हैं।

तपेदिक (टीबी) का उन्मूलन मुख्य रूप से जल्द से जल्द और सटीक रूप से पता लगाने की क्षमता पर निर्भर करता है ताकि रोगियों का उपचार शुरू किया जा सके और सामुदायिक संचरण को रोका जा सके। आईसीएमआर ने कहा कि टीबी परीक्षण के लिए हाल ही में मान्यता प्राप्त किट में 'क्वांटिप्लस एमटीबी फास्ट डिटेक्शन किट' भी शामिल है, जिसे तेलंगाना स्थित ह्यूवेल लाइफसाइंसेज द्वारा विकसित किया गया है। क्वांटिप्लस फेफड़ों की टीबी का पता लगाने के लिए मान्यता प्राप्त पहला ओपन सिस्टम आरटी-पीसीआर परीक्षण है क्योंकि यह किसी भी मौजूदा पीसीआर मशीन पर काम कर सकता है।

- तपेदिक के खिलाफ लड़ाई को मिलेगा बढ़ावा

# बरेली बवाल : सात फरार उपद्रवियों पर 15-15 हजार का इनाम घोषित

- एसएसपी ने इनाम घोषित करके गिरफ्तारी के लिए गठित कीं टीमें

**बरेली।** शहर में हुए बवाल-फायरिंग के प्रकरण में फरार चल रहे सात उपद्रवियों पर एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार की रात 15- 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इनाम घोषित सभी आरोपी बवाल के बाद दर्ज किए मुकदमों में नामजद हैं। इसमें से तीन आरोपियों की बारादरी थाने में हिस्ट्रीशीट भी खुली हुई है। एसएसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन भी कर दिया है।

शहर में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद बवाल हो गया था। इस्लामिया मैदान की तरफ से जा रहे लोगों को पुलिस ने खलील तिराहे के पास रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पर पथराव कर दिया था। घटना का मास्टरमाइंड आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को बनाया गया था। इस मामले में पुलिस की तरफ से कोतवाली, कैंट, बारादरी, प्रेमनगर और किला थाने में कुल 10 मुकदमे दर्ज किए थे। इन मुकदमों में 125 लोगों को नामजद करने के अलावा करीब 3 हजार अज्ञात लोगों को शामिल किया गया है।

# पूर्व मंत्री के घर पर ग्रेनेड हमले में चार पर आरोपपत्र दायर

- आरोपपत्र में उप्र के अमरोहा निवासी सैदुल अमीन का नाम भी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित घर पर ग्रेनेड हमले में संलिप्तता के आरोप में खालिस्तान समर्थकों समेत चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए हैं।

आरोपपत्र में दो गिरफ्तार आरोपियों - उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी सैदुल अमीन और हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवासी अभिजोत जांगड़ा तथा दो फरार आरोपियों के नाम शामिल हैं। फरार आरोपियों की पहचान हरियाणा के यमुनानगर निवासी कुलबीर सिंह सिद्धू व करनाल निवासी मनीष उर्फ काका राणा के रूप में हुई है। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता के परिसर पर 7 अप्रैल, 2025 की रात को हमला हुआ था। कुछ दिनों बाद 12 अप्रैल को जांच का जिम्मा एनआईए को सौंप दिया था।

# हवा में था एअर इंडिया का विमान, खुल गया आरएटी, कराई इमरजेंसी लैंडिंग

मुंबई, एजेंसी

- अमृतसर-बर्मिंघम उड़ान में मच गई अफरा-तफरी

अमृतसर से बर्मिंघम जा रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई117 की इमरजेंसी लैंडिंग बर्मिंघम हवाई अड्डे पर कराई गई है। उड़ान के दौरान विमान की रैम एअर टर्बाइन (आरएटी) अचानक से खुल गई। जिसके बाद विमान को उतारा गया और जांच के लिए ग्राउंड किया गया। आरएटी दोनों इंजन के काम करना बंद करने या पूर्ण इलेक्ट्रॉनिक या हाइड्रोलिक विफलता की स्थिति में अपने आप सक्रिय हो जाता है। यह आपातकालीन ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए हवा की गति का उपयोग करता है।

हालांकि, विमानन कंपनी ने विमान में सवार लोगों की संख्या सहित विशिष्ट विवरण साझा नहीं किए। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। बता दें कि इस वर्ष जून में एअर इंडिया बोइंग 787 विमान दुर्घटना के कई संभावित कारणों में इंजन या हाइड्रोलिक/ इलेक्ट्रिकल विफलता या सॉफ्टवेयर की खराबी को भी शामिल किया जा रहा है। बोइंग 787-8 विमान 12 जून को लंदन गैटविक के लिए एआई 171 संख्या वाली उड़ान संचालित कर रहा था। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) इस दुर्घटना की जांच कर रहा है।




### एफआईपी ने डीजीसीए से जांच करने को कहा

**मुंबई।** पायलटों के संगठन द फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने डीजीसीए से देश में सभी बोइंग 787 विमानों की विद्युत प्रणाली की गहन जांच करने का आग्रह किया। संगठन ने डीजीसीए को एक पत्र लिखा है, जिसमें अमृतसर से बर्मिंघम के लिए संचालित बोइंग 787 विमान का भी जिक्र है।

निर्देश | राज्य कर विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने दी सख्त चेतावनी, व्यापारियों-उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत बर्दाश्त नहीं

# फील्ड में वही अधिकारी तैनात करें, जिनकी साफ छवि हो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार अब केवल 'परफॉर्मेंस' होगा। फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं, जिनकी छवि साफ हो और जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हों।

उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाह या संदिग्ध छवि वाले अधिकारी किसी भी स्थिति में फील्ड पोस्टिंग के पात्र नहीं होंगे। मुख्यमंत्री रविवार को राज्य कर विभाग की राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी के नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म के बाद बाजार में तेजी आई है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि धनतेरस और दीपावली पर अनावश्यक छापेमारी या जांच से बचा जाए। व्यापारियों या उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत कहीं से नहीं आनी चाहिए। योगी ने निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं बाजार में जाकर मार्केट मैपिंग करें, व्यापारियों से संवाद बढ़ाएं और उनकी अपेक्षाओं को समझें। उन्होंने जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने पर विशेष बल दिया। योगी ने कहा कि करदाता-मित्रवत वातावरण बनाकर ही स्थायी राजस्व वृद्धि हासिल की जा सकती है।

**परफॉर्मेंस से तय होगी जवाबदेही :** मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि सितंबर तक राज्य कर विभाग को 55,000 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जिसमें 40,000 करोड़ जीएसटी और 15,000 करोड़ वैट/नॉन-जीएसटी से हैं। गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 55,136.29 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। चालू वित्तीय वर्ष के लिए विभाग को 1.75 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 18,700 करोड़ अधिक है। योगी ने निर्देश दिए कि राजस्व संग्रह में परफॉर्मेंस से जवाबदेही तय होगी।

### फर्जीवाड़े पर जीरो टॉलरेंस

बैठक में फर्जी फर्मों और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के मामलों की समीक्षा की गई। विभाग ने अब तक 104 फर्मों में 873 .48 करोड़ के फर्जी आईटीसी की पहचान की है। योगी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि फर्जीवाड़े पर जीरो टॉलरेंस होगा। दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजस्व संग्रह में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, ईमानदारी सर्वोपरि है।

### तत्काल तैयार करें कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें और सुधार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। उन्होंने 50 प्रतिशत से अधिक संग्रह वाले बरेली, झांसी और कानपुर प्रथम जोन को संतोषजनक बताया, साथ ही असंतोषजनक प्रदर्शन करने वालों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

# वाल्मीकि जयंती के लिए 75 लाख रुपये आवंटित

## सरकार ने हर जिले में रामायण पाठ, दीपदान और सांस्कृतिक आयोजन के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 7 अक्टूबर को प्रदेशभर में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। शासन ने 75 लाख रुपये की धनराशि आवंटित करते हुए सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक परंपरा के रूप में, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक उत्सव के रूप में आयोजित किया जाए।

सभी मंदिरों, आश्रमों और वाल्मीकि स्थलों पर रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, दीप प्रज्ज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया है। साथ ही, प्रत्येक जिले में साफ-सफाई, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा और पेयजल जैसी व्यवस्थाओं के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

**शासन ने सभी जिलों को दिया बजट :** महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोहों के लिए प्रति जिला एक लाख का बजट जारी किया गया है। कुल 75 लाख की स्वीकृति के साथ शासन ने स्पष्ट किया है कि यह राशि दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मंच साज-सज्जा और जनसहभागिता संबंधी कार्यों पर व्यय की जाएगी। संस्कृति विभाग को निधि के पारदर्शी उपयोग और ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारियों को आयोजन की फोटो, वीडियो और रिपोर्ट शासन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### चित्रकूट के लालापुर में होगा राज्य स्तरीय आयोजन

राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम चित्रकूट के लालापुर में आयोजित होगा, जिसे महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली माना जाता है। यहां कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे दीप प्रज्ज्वलन से होगी। इसके बाद रामायण पाठ, पूजन-अर्चन, भजन और लव-कुश प्रसंग की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन में प्रसिद्ध कलाकार दयाराम रैकवाड़ और उनकी टीम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। अन्य प्रमुख स्थलों बिठूर (कानपुर), श्रावस्ती, अयोध्या, प्रयागराज और राजापुर (चित्रकूट) में भी भव्य आयोजन होंगे। जिला प्रशासन, संस्कृति, सूचना और पर्यटन विभागों को संयुक्त रूप से इन कार्यक्रमों के समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को पुस्तक 'विवेकानंद और मोदी-दो युगपुरुष, जिन्होंने भारत की दशा व दिशा बदली' भेंट की।

# बंदी भगाने की कोशिश दो सिपाही गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजियाबाद के कविनगर थाने में जेल प्रशासन ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** गाजियाबाद के डासना जेल से शनिवार को बंदी को भगाने की कोशिश करने वाले दो सिपाहियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ कविनगर थाने में पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपियों की कोशिश जेल अधीक्षक की सतर्कता से नाकाम हो गई।

गाजियाबाद पुलिस लाइन में तैनात सिपाही राहुल कुमार और सचिन की ड्यूटी कैदियों को पेशी के लिए हवालात और कोर्ट में ले जाने की थी। उस दिन छह कैदियों की कोर्ट में पेशी थी। पर, राहुल और सचिन बिजेंद्र को गौतमबुद्धनगर ले जाने की जिद करने लगे। पांच अन्य कैदियों को साथ न ले जाने की बात से साजिश का संदेह हुआ। इस पर जेल अधीक्षक ने पुलिस लाइन में इसकी सूचना दी। जांच में सामने आया कि दोनों सिपाही निजी वाहन से आये हैं। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। इसी बीच सिपाही सचिन वहां से भाग निकला। कविनगर थाने की टीम ने राहुल को हिरासत में ले लिया। वहीं कुछ देर बाद सचिन को भी गिरफ्तार किया गया। डासना जेल में बंद मेरठ निवासी बिजेंद्र के खिलाफ ईडी ने जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज की है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज काशी जाएंगे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी जाएंगे। उनका यह दौरा स्वच्छता, जनसेवा और विकास कार्यों को समर्पित होगा। मुख्यमंत्री चांदपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान (इरी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र आईसार्क में आयोजित सम्मेलन में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री पिपलानी कटरा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 400 सफाई कर्मियों को स्वच्छता किट वितरित कर सम्मानित करेंगे। इसके बाद वे अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां मुख्यमंत्री 150 कन्याओं को सिलाई-कढ़ाई मशीनें वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। इसके साथ ही वे काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेंगे व काशी में रात्रि विश्राम करेंगे।

### प्रदेशभर की आशा कर्मियों का प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन जो कि ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) से सम्बद्ध है, के आह्वान पर सोमवार को इको गार्डन में प्रदेशभर की हजारों आशा और संगिनी कार्यकर्ता अपनी लंबित मांगों के समर्थन में धरना देंगी। इस प्रदर्शन में ऐक्टू के राज्य सचिव अनिल वर्मा, भाकपा (माले) के राधे श्याम मौर्या, कॉमरेड रमेश सेंगर, मिड डे मील यूनियन की कमला गौतम, स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की अनीता वर्मा, तथा दलित चिंतक देव कुमार कबीर भी शामिल होंगे। आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में मानदेय में बढ़ोतरी, स्थायी रोजगार का दर्जा और सामाजिक सुरक्षा शामिल है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### सामाजिक न्याय सम्मेलन करेगी कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय के मुद्दे को और गर्माने की रणनीति बनाई है। पार्टी पिछड़ा वर्ग के समुदायों को एकजुट करने की मंशा के साथ प्रदेशभर सामाजिक न्याय सम्मेलन आयोजित करेगी। अभियान की शुरुआत लखनऊ से होगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सामाजिक न्याय और सभी जातियों को सम्मान व अधिकार दिलाने पर पार्टी का फोकस है। इन सम्मेलनों के जरिए पार्टी न केवल पिछड़े वर्गों को एकजुट करेगी, बल्कि यह भी विश्वास दिलाएगी कि हम संसद में उनकी आवाज उठा रहे हैं।

### बारबाडोस सम्मेलन में शामिल होंगे महाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना 5 से 12 अक्टूबर तक ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में आयोजित होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सीपीसी) में उत्तर प्रदेश विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सम्मेलन राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) की 180 शाखाओं की सबसे बड़ी वार्षिक बैठक है, जिसमें विश्वभर के संसद अध्यक्ष और प्रतिनिधि लोकतंत्र, सुशासन एवं वैश्विक सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कर रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में महाना सहित विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारी शामिल हैं। सतीश महाना को बारबाडोस रवाना होने से पूर्व शिकागो में प्रवासी भारतीयों की ओर से सम्मानित किया गया।



# प्रदेश में भी कफ सिरप की बिक्री पर लगी रोक

## राज्य औषधि प्रशासन ने लिया फैसला, एकत्र किए जाएंगे सैंपल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बच्चों के लिए उपयोग किए जाने वाले कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर प्रतिबन्ध के बाद राज्य सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया है। राज्य के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने सभी जिलों में औषधि निरीक्षकों को पत्र जारी कर प्रदेश भर में मिलावटी कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है।

राज्य औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त ने रविवार को जारी आदेश में सहायक आयुक्त (औषधि) दिनेश कुमार तिवारी ने स्पष्ट किया है कि मीडिया और विभिन्न रिपोर्टों के माध्यम से यह सामने आया कि सर्दी-खांसी के इलाज में उपयोग होने वाले कुछ सिरप छोटी उम्र के बच्चों की जान ले रहे हैं। इन सिरपों में मिलावट या गुणवत्ता की कमी की आशंका जताई गई है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि, श्रेसन फार्मास्युटिकल मैन्यू फैक्चर, बंगलौर द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ सिरप बैच नंबर एसआर-13, मई 2025 में पाए गए डायथायलेन ग्लाइकोल नामक मिश्रण हानिकारक है। दिनेश कुमार तिवारी ने सभी औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि वे मेडिकल स्टोरों, थोक दवा विक्रेताओं एवं निर्माण इकाइयों पर जाकर कफ सिरप के नमूने संकलित करें और प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजें। जब तक सिरप की परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं होती, तब तक इनकी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं।

### संदिग्ध उत्पादों की होगी पहचान

शासन ने औषधि निरीक्षकों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे दुकानों पर रखे कफ सिरप के बैच नंबर, निर्माता कंपनी और वितरण नेटवर्क की जानकारी संकलित करें, जिससे संदिग्ध उत्पादों की पहचान की जा सके। इतना ही नहीं, संकलित कफ सिरप के नमूनों का विवरण गूगल शीट पर देखा जाए, साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि सैंपल प्रदेश में कई बार न लिया गया हो। सैंपल जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा जाए, उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

### बच्चों को कफ सिरप देना सुरक्षित नहीं

डॉ.राम मनोहर लोहिया संस्थान में पीडियाट्रिक गैस्ट्रोइंट्रोलाजिस्ट डॉ.पीयूष उपाध्याय ने बताया कि पांच वर्ष तक के बच्चों को कफ सिरप देना सुरक्षित नहीं होता है। इसमें मौजूद डेक्सट्रोमेथोर्फेन बच्चों में सांस की दिक्कत, चक्कर, उल्टी और बेहोशी की संभावना को बढ़ाता है। अवंती बाई महिला चिकित्सालय लखनऊ के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सलमान खान का कहना है कि बिना डॉक्टर की सलाह के बच्चों को दवा नहीं देनी चाहिए, जबकि अमूमन देखा गया है कि अस्पताल में आने से पहले बच्चे सिरप का सेवन कर चुके होते हैं। डॉक्टरों को तो सिरप लिखने से बचना ही है, बल्कि अभिवावकों में भी जागरूकता होनी चाहिए।

### किडनी फेल होने, मौत की घटनाएं आईं सामने

मध्य प्रदेश की एक लैब रिपोर्ट में कोल्ड्रिफ नामक कफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल नामक जहरीले रसायन की मौजूदगी का खुलासा हुआ है, जो इंसानों के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। इस केमिकल के सेवन से मध्य प्रदेश और राजस्थान में अब तक 11 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि दो साल से छोटे बच्चों को किसी भी प्रकार का कफ सिरप नहीं दिया जाना चाहिए, जबकि पांच साल से कम उम्र के बच्चों को केवल डॉक्टर की सलाह पर ही यह दवा दी जाए।

### 8 तक कई जिलों में बारिश का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मौसम का मिजाज बता रहा है कि चंद ही दिनों में पड़ने वाली दिवाली के त्योहार तक मॉनसून जाड़े की दस्तक देकर ही लौटेगा। दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ के चलते आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में झमाझम बारिश होगी। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में भारी बारिश व ओले गिरने की भी आशंका है। उत्तर प्रदेश में अक्टूबर की शुरुआत के साथ ही बारिश का सिलसिला है। मौसम विभाग ने 8 अक्टूबर तक प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। पूर्वी यूपी में जहां भारी बारिश का अलर्ट है, वहीं आने वाले दिनों में तेज हवाओं की भी चेतावनी है। पश्चिमी यूपी में भी भारी बारिश की संभावना है और 6 अक्टूबर को ओलावृष्टि हो सकती है।

# नकली सोना गिरवी रख 88.32 लाख लोन कराने वाले दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसबीआई में गोल्ड लोन स्कीम में 2015 में हुआ था फर्जीवाड़ा
- ईओडब्ल्यू लखनऊ व वाराणसी की टीम ने आरोपियों को दबोचा

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक भदोही शाखा में नकली सोना गिरवी रखकर 88.32 लाख रुपये का लोन कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश ईओडब्ल्यू ने किया। लखनऊ व वाराणसी की संयुक्त टीम ने इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ 2015 में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसकी जांच ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही है।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, पकड़े गये आरोपियों में वाराणसी के लक्सा स्थित जद्दू मंडी निवासी रविशंकर वर्मा और चंदौली मुगलसराय के भोजपुर रतनपुर का संतोष कुमार सेठ शामिल है। टीम ने आरोपियों को चंदौली कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। इस मामले में जांच के दौरान 26 आरोपियों के नाम सामने आये। इनमें से 14 के खिलाफ ईओडब्ल्यू की टीम ने आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया है। अभी 10 आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, आरोपियों ने बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों से सांठगांठ कर नकली सोने के जेवर का फर्जी टेस्टिंग प्रमाण पत्र श्रीकृष्णा गोल्डवार टेस्ट लैब वाराणसी के नाम से तैयार किया। भूमि की फर्जी खतौनी, नकली सोना गिरवी के रूप में बैंक की भदोही शाखा में रखा। इसके बदले में कई बार में 88,32,882 रुपये का लोन हासिल किया। इसके बाद तत्कालीन शाखा प्रबंधक की तहरीर पर 2015 में भदोही कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शासन के आदेश पर ईओडब्ल्यू वाराणसी यूनिट को मामले की जांच सौंपी गई। ईओडब्ल्यू की जांच के दौरान रविशंकर वर्मा और संतोष कुमार सेठ का नाम सामने आया। टीम ने शनिवार देर शाम को दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# डिप्टी एसपी बने 82 अफसरों को मिली तैनाती

## रविवार को शासन ने जारी की सूची, एक माह पूर्व इंस्पेक्टर हुए थे प्रोन्नत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंस्पेक्टर से डिप्टी एसपी बने 82 अधिकारियों को रविवार को शासन ने तैनाती दे दी है। एक माह पूर्व पदोन्नत हुए इन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र तय कर दिये गये। जारी सूची के अनुसार, विनोद कुमार दुबे को सहायक सेनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र, राकेश कुमार शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक एसीओ सेक्टर लखनऊ में तैनाती दी गई है।

वहीं, भैया संतोष कुमार सिंह को डिप्टी एसपी कौशांबी, विकास राय को अयोध्या, सुनील कुमार सिंह को सुल्तानपुर, शेषधर पांडेय को प्रयागराज कमिश्नरेट में एसीपी, धर्मेंद्र कुमार यादव को सीतापुर का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है।

इसी तरह मुकेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक मैनपुरी, जिज्ञासा पाराशर को पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू मुख्यालय, उमाशंकर यादव को पुलिस उपाधीक्षक सीआईडी गोरखपुर, रामकृष्ण द्विवेदी को मैनपुरी और कुशलपाल सिंह को इटावा, भरत कुमार गौतम को पुलिस उपाधीक्षक गाजीपुर, बृजेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक सीतापुर बनाया गया है।

### नवरत्न एसीपी लखनऊ व राजेश दीक्षित सीओ जीआरपी

शासन से जारी सूची के अनुसार नवरत्न गौतम को एसीपी लखनऊ कमिश्नरेट, शैलेन्द्र सिंह को पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू वाराणसी और वीरेंद्र कुमार सिंह को कुशीनगर, रविन्द्र कुमार सिंह को एएनटीएफ प्रयागराज, सुरेश कुमार मिश्र को एलआईयू गोंडा, दया शंकर द्विवेदी को मंडलाधिकारी बरेली, विवेक वार्ष्णेय को एलआईयू अयोध्या और रमेश चंद्र यादव को सहायक सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी बनाया गया है। इसी तरह आनंद कुमार ओझा को एसीपी कानपुर, दिनेश कुमार पांडेय को मुख्यमंत्री सुरक्षा, पवन कुमार बहराइच, हारून राशिद को सहायक सेनानायक यूपी विशेष परिक्षेत्र सुरक्षा वाहिनी लखनऊ बनाया गया है। अजय कुमार सिंह को सहायक सेनानायक 6वीं वाहिनी एसएसएफ अयोध्या, विपिन कुमार पांडेय को पुलिस उपाधीक्षक यातायात निदेशालय, राजेश कुमार सिंह को एसीपी वाराणसी कमिश्नरेट और मीनाक्षी शर्मा प्रथम को सहायक सेनानायक 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली बनाया गया है।

# डेंगू-मलेरिया पर नियंत्रण को अभियान की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जागरूकता रैली को किया रवाना

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डेंगू-मलेरिया व मच्छर जनित अन्य बीमारियों पर हमने करारा वार किया है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं घर-घर दस्तक अभियान से इन बीमारियों की रोकथाम में काफी मदद मिली है।

उप मुख्यमंत्री रविवार को अलीगंज के अर्बन सीएचसी में पांच से 31 अक्टूबर तक संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 अक्टूबर तक संचालित घर-घर दस्तक अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि व्यापक स्तर पर इस अभियान का संचालन प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने संचारी रोगों के उपचार एवं रोकथाम के लिए जागरूकता रैली भी निकाली। रैली में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। साथ ही फॉगिंग मशीनों को भी रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस और दिमागी बुखार जैसे रोगों पर नियंत्रण पाने के लिए 13 विभागों के तहत संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया जा रहा है।

# छूटे छात्रों को छात्रवृत्ति का अंतिम मौका

## 10 से 14 अक्टूबर तक लॉक करना होगा मास्टर डाटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की समय-सारिणी जारी कर दी है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य तथा अल्पसंख्यक वर्ग के ऐसे छात्र जिन्हें गत वर्ष छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई थी, उन्हें आवेदन का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

इसके अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों द्वारा मास्टर डेटा लॉक करने की प्रक्रिया 10 से 14 अक्टूबर तक पूरी की जाएगी। इसके बाद विश्वविद्यालय, एफिलेटिंग एजेंसी द्वारा मास्टर डाटा का सत्यापन किया जाएगा। 26 अक्टूबर तक जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सीटों और शुल्क का सत्यापन करते हुए लॉक किया जाएगा।

### 27-31 अक्टूबर तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन और रजिस्ट्रेशन की अवधि 27 से 31 अक्टूबर तक निर्धारित है। छात्रों को आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर संस्थान में 1 नवम्बर तक जमा करना होगा। संस्थान द्वारा ऑनलाइन सत्यापन 2 नवम्बर तक और विश्वविद्यालयों, एफिलेटिंग एजेंसी द्वारा डाटा सत्यापन 3 से 6 नवम्बर तक किया जाएगा।

### त्रुटि सुधार का भी मिलेगा अवसर

छात्रों को आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए 8 से 11 नवम्बर तक अवसर दिया जाएगा। संशोधित आवेदन को 12 नवम्बर तक संस्थान द्वारा अग्रसारित किया जाएगा। 25 नवम्बर तक जिले स्तर पर डाटा सत्यापन एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा डिजिटल सिग्नेचर लॉकिंग की जाएगी।

# उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 4जी सेवा देगा बीएसएनएल

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

- 4जी नेटवर्क के जरिए बढ़ेगी सूचना तक पहुंच




**अमृत विचार :** उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अब केवल सेना के जवान ही नहीं, बल्कि बीएसएनएल भी उग्रवाद के खात्मे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। देश की इस प्रमुख सरकारी दूरसंचार कंपनी ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 2जी मोबाइल सेवा को 4जी में अपग्रेड करने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना का उद्देश्य न केवल बेहतर संचार सुविधा देना है, बल्कि सुरक्षा बलों को भी स्थानीय स्तर पर सूचना जुटाने में सहयोग प्रदान करना है।

इस परियोजना के तहत कुल 78 साइटों को 4जी नेटवर्क में अपग्रेड किया जा रहा है। इनमें से 25 साइटों पर काम पूरा हो चुका है, जबकि शेष 53 साइटों पर कार्य प्रगति पर है। इन सभी साइटों पर स्वदेशी तकनीक से बने उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी मजबूती मिल रही है।

**सेना को मिलेगा संचार में लाभ**

उग्रवाद प्रभावित इलाकों में जब संचार व्यवस्था मजबूत होगी, तो वहां तैनात सुरक्षाबलों को स्थानीय स्तर पर सूचनाएं जुटाने में मदद मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों से प्राप्त जानकारी को संकलित करने और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई करने में भी यह नेटवर्क बेहद सहायक सिद्ध होगा।

### ग्रामीण भारत को मिलेगी मजबूत कनेक्टिविटी

बीएसएनएल की यह पहल न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में डिजिटल समावेशन की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार उत्तर प्रदेश (पूर्व) अरुण कुमार गर्ग ने बताया कि बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी से शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और प्रशासनिक सेवाएं इन क्षेत्रों में पहुंच सकेंगी। बीएसएनएल का नेटवर्क विस्तार लगातार जारी है और ग्राहक संख्या में भी वृद्धि हो रही है। कंपनी का लक्ष्य है कि देश के ग्रामीण, दूरस्थ और अति पिछड़े क्षेत्रों में सशक्त और भरोसेमंद कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाए। यह परियोजना न केवल डिजिटल भारत की नींव को मजबूत कर रही है, बल्कि उग्रवाद के खिलाफ जंग में एक नया रणनीतिक आयाम भी जोड़ रही है। हमारा उद्देश्य है कि बीएसएनएल की पहुंच दूर-दराज और अति पिछड़े इलाकों तक हो, जिससे हर व्यक्ति संचार के माध्यम से जुड़ सके। बीएसएनएल द्वारा लगाए जा रहे 4जी बीटीएस को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि भविष्य में बिना नया टॉवर लगाए ही उन्हें 5जी में अपग्रेड किया जा सकेगा।

**चुनावी रण** | सपा, कांग्रेस, बसपा के नेताओं को सौंपा गया प्रचार का जिम्मा

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर यूपी में भी सरगर्मी तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा से मंत्रियों तो कांग्रेस से अजय राय और अविनाश को मिली जिम्मेदारी



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक हलकों में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता बिहार दौरा कर अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। चाहे सत्तासीन भाजपा हो, उसका सहयोगी दल सुभासपा या फिर सपा, कांग्रेस और बसपा जैसे विपक्षी दल, सभी ने फिलहाल बिहार पर फोकस कर रखा है।

इसी कड़ी में बसपा तो बिहार में उम्मीदवारों की सूची जारी करने वाली पहली पार्टी बनी। दरअसल, बीते चुनाव में खासकर उत्तर प्रदेश से सटे हुए इलाके में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन रहा था, इसलिए उन विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा पहले ही कर दी गई। बसपा को विधानसभा चुनाव 2020 में एक सीट पर जीत मिली भी थी।

बीते दिनों कैबिनेट मंत्री और एनडीए सहयोगी ओम प्रकाश राजभर ने भी बिहार की सियासत में दिलचस्पी दिखाते हुए घोषणा की थी कि सुभासपा चुनाव में एनडीए के साथ मिलकर मैदान में उतरेगी। इस बीच कांग्रेस ने अपने नेताओं को उप्र. से पहले बिहार की चुनावी परीक्षा में उतार दिया है। पार्टी ने बिहार विधान सभा चुनावों में यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय समेत कई को जिम्मेदारी सौंपी है।

इधर, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव लगातार बैठकों और चर्चाओं के जरिए बिहार चुनाव के मद्देनजर संगठन से फीडबैक ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, सपा पहले बिहार चुनाव में होमवर्क करेगी और वहां विधानसभा चुनाव के समाप्त होते ही पार्टी कई सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर सकती है।

### सत्तासीन भाजपा के दिग्गज भी सक्रिय

उत्तर प्रदेश भाजपा ने बिहार विधान सभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाने के साथ ही राज्य के बड़े नेताओं की फौज भी चुनाव मैदान में उतार दी है। ऐसे में यूपी के दिग्गज भाजपाई अब बिहार की जनता को साधेंगे। इनमें संगठन के साथ ही योगी सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, गन्ना विकास राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार और पार्टी के सांसद व विधायक भी शामिल हैं। सभी को एक या दो लोक सभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन लोक सभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विधान सभा क्षेत्रों में ये प्रचार करेंगे।

**735** छात्र-छात्राओं को दी उपाधियां

**28** मेधावियों को दिया गया स्वर्ण पदक







**27वां दीक्षांत समारोह** कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह को संबोधित करतीं कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, समारोह में स्वर्ण पदक और उपाधि प्राप्त मेधावी छात्र एवं कुलाधिपति द्वारा पुरस्कृत किए गए प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल। अमृत विचार

# कृषि क्षेत्र में सशक्त बनने से विकसित होगा भारत : कुलाधिपति

## आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के 27वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 27वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी व आत्मनिर्भरता के लिए ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत की गई है। आज महिलाएं नवाचार को अपनाकर कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं को जोड़ने से बड़ा फायदा होता है और बच्चे कुपोषण से मुक्त होते हैं। समारोह के अवसर पर 735 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व 28 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिया गया।

कहा कि यह पहला कृषि विश्वविद्यालय है जिसको नैक में ए प्लस प्लस प्राप्त हुआ है। कुलपति व शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने एनआईआरएफ रैंकिंग में कृषि विवि के शामिल होने पर प्रशन्नता जताई। कहा कि कृषि विवि को वर्ल्ड रैंकिंग के लिए तैयारी करनी होगी। कुलाधिपति ने कहा कि विवि की विकसित 200 प्रजातियां केवल अन्न के दाने नहीं हैं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने वाले बीज हैं। कहा कि कृषि के क्षेत्र में सभी के लिए अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व कुलाधिपति आनंदी बेन ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शुभारंभ राष्ट्रगान व विश्वविद्यालय कुलगीत से हुआ। पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर पर गोद लिए गांव के बच्चों ने भाषण एवं गीत प्रस्तुत किया। कुलपति ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। संचालन डॉ. सीताराम मिश्रा ने किया। प्रबंधन परिषद के सदस्य, कमिश्नर राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, सुल्तानपुर के जिलाधिकारी व विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।





मेधावी छात्र को स्वर्ण पदक देकर प्रोत्साहित करतीं कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राएं व मंचासीन कुलाधिपति, कुलपति व अन्य अतिथि। अमृत विचार

### कृषि अर्थव्यवस्था बढ़ाने के साधनों में से एक: डॉ. साइमन हेक

अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र, लीमा, पेरू के महानिदेशक डॉ. साइमन हेक ने बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में कहा कि 10 अक्टूबर 1975 को आचार्य नरेंद्र देव के नाम पर स्थापित कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एक दूरदर्शी स्वप्न से उभरा था। कृषि केवल लोगों का पेट भरने का काम ही नहीं करती, बल्कि यह अत्यधिक गरीबी को समाप्त करने और अर्थव्यव्था को बढ़ावा देने के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है। भारत अगली कृषि क्रांति का नेतृत्व करने के लिए अद्वितीय स्थिति में है। डॉ. हेक ने कहा कि भारत की लगभग 40 प्रतिशत कृषि भूमि अपनी उर्वरता खो रही है। यह स्थिति भविष्य की कृषि उत्पादकता के लिए खतरा है। जलसंकट एक भयावह चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विवि को नैक में उच्च ग्रेड प्राप्त पर विवि के वैज्ञानिकों, शिक्षकों, छात्रों और नेतृत्व को बधाई दी। विवि ने 43 विभिन्न प्रकार की फसलों की 202 किस्में विकसित की जिन्हें राज्य और पूरे देश में काफी लोकप्रियता मिली है।

### छह वर्षों में विश्वविद्यालय का हुआ चहुंमुखी विकास: कुलपति

कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में शामिल होने वाला राज्य का एकमात्र कृषि विवि है। इस बार उपाधियां व पदक पाने वाले छात्र-छात्राओं में 50 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। वर्तमान सत्र 2025-26 में 17 नए डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। विवि द्वारा फलों, मसालों और सब्जियों की कुल 13 नई प्रजातियां विकसित की गईं। पिछले एक वर्षों में 23 प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। 22वां राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इस बार कृषि विवि अयोध्या में आयोजित हुआ। एथलीट में स्वर्ण पदक जीतकर कृषि विवि की आंचल ठाकुर ने देशभर में विवि का मान बढ़ाया। विभिन्न जगहों के 100 टीबी मरीजों को गोद लिया है। 10 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक एवं जैविक खेती कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश को भी बिहार की तर्ज पर मखाना उत्पादक राज्य बनाने की तैयारी के लिए विश्वविद्यालय तेजी के साथ कार्य कर रहा है। इस बार हमारा विश्वविद्यालय क्यू.एस एशिया रैंकिंग में भी प्रतिभाग करने जा रहा है और सफल साबित होगा।

### जैविक खेती को देना होगा बढ़ावा : राज्यमंत्री

विशिष्ट अतिथि के तौर पर कृषि, शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि कीटनाशकों का उपयोग कम करके जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था तीन गुना से भी ज्यादा बढ़कर 2024-25 में लगभग 7 ट्रिलियन तक पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश 388 लाख टन दूध का उत्पादन करके भारत में प्रथम स्थान पर है। मत्स्य उत्पादन में वर्ष 2023-24 में 26.4% की वृद्धि हुई है। इसमें विश्वविद्यालय का भी बहुत बड़ा योगदान है। राज्यमंत्री औलख ने कहा कि विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में शानदार काम कर रहा है। इस वर्ष विश्वविद्यालय को प्राकृतिक खेती का नोडल सेंटर नियुक्त किया गया है।



स्वर्ण जयंती मैदान के गेट का लोकार्पण करतीं कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख।



कृषि विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण करतीं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल।

### उत्कृष्ट शिक्षक, किसान व विद्यार्थी सम्मानित

कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मत्सियकी महाविद्यालय के डॉ शशांक सिंह, महामाया अंबेडकर नगर के डॉ. मनीष कुमार, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के डॉ. आशीष कुमार सिंह, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. प्रज्ञा पांडेय, कृषि महाविद्यालय के समीर कुमार सिंह, कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ के डॉ. विनोद कुमार व पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ. नवीन कुमार को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजा है। वहीं सुल्तानपुर जनपद के धनपतगंज और बल्दीराय ब्लॉक के कुल 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आंगनबाड़ी किट प्रदान किया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति ने स्कूल बैग और फल देकर सम्मानित किया।वहीं विभिन्न जनपदों से पहुंचे रोशनगढ़ अंबेडकरनगर की कांती देवी को प्राकृतिक खेती एवं सब्जी नर्सरी उत्पादन, मड़या वाराणसी की सुमन देवी को पशुपालन, श्रीअन्न प्रसंस्करण कार्य, लाडनपुर मऊ के आशीष कुमार राय को दलहन-तिलहन एवं अनाज उत्पादन, बक्शा जौनपुर की दुर्गा मौर्या को कृषक उत्पादन संगठन का संचालन के लिए एवं रजौली बाराबंकी के किसान निमित कुमार सिंह को मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### झूमे मेधावी, अपने अरमान किए बयां



बीएससी ऑनर्स कृषि की परीक्षा में कुलाधिपति स्वर्ण पदक विजेता अर्पित पांडेय वर्तमान में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से परास्नातक कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। उन्होंने बताया कि वह अब प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते हैं। **- अर्पित**



बीएससी ऑनर्स उद्यान विभाग की परीक्षा में स्वर्ण पदक विजेता आर्यमन सिंह वर्तमान में पीजी की प्रवेश परीक्षा दे चुके हैं। शोध कार्य के पश्चात प्रोफेसर बनना चाहते हैं। यह अपनी सफलता का श्रेय तथा गुरुजनों को देते हैं। **-आर्यमन**



एमएससी अर्थशास्त्र कृषि की परीक्षा में कुलपति, कुलाधिपति दोनों स्वर्ण पदक विजेता ईशिता ओमर वर्तमान में कृषि विश्वाविद्यालय में शोध की छात्रा हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता राम कुमार माता निहारिका को देती है। वह प्रोफेसर बनना चाहती हैं। **-ईशिता**



बीएससी कृषि आनर्स की छात्रा आकांक्षा सिंह को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। वह बहुत खुश नजर आईं। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को देती हैं तथा भविष्य में प्रोफेसर बनना चाहती हैं। **-आकांक्षा**

### झूम उठे मेधावी-गुरुजनों से लिया आशीर्वाद

कृषि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के अवसर पर 735 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व 28 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिया गया। कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के हाथों स्वर्ण पदक पाकर सभी मेधावी खुशी से झूम उठे। पदक पाने के बाद छात्र-छात्राएं सेल्फी लेते नजर आए तो कोई पदक को चूमता हुआ नजर आया। सभी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को बधाईयां दीं और अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। कुलाधिपति स्वर्ण पदक सात, कुलपति स्वर्ण पदक 13 व विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक आठ मेधावियों को दिया गया। स्नातक के पांच मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक व स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के एक-एक मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया गया। स्नातक के कुल 353, परास्नातक के 339 तथा पीएचडी के कुल 43 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी गईं। 2024-25 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र को भारत सरकार के डिजी लॉकर में अपलोड कर दिया गया।

### छह पुस्तकों का किया विमोचन

कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल व अन्य अतिथियों ने छह पुस्तकों का विमोचन किया, जिसमें स्मारिका, वार्षिक रिपोर्ट 2024-25, पूर्वांचल खेती, योगा थेरेपी महिला अध्ययन आदि पुस्तकों का नाम शामिल है।

## विसर्जन के दौरान अश्लील गाने पर बवाल, दो चोटिल

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटरा मोहल्ले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान शनिवार रात एक अशोभनीय डीजे गीत को लेकर विवाद हुआ। मारपीट हुई। दो लोग चोटहिल हो गए। डाकखाना गली के सामने रात करीब सवा दस बजे दो डीजे संचालकों के बीच गाने को लेकर कहा-सुनी हो गई। इस दौरान तेलियागढ़ निवासी दीपक सोनी और भीटी चौराहा निवासी एक अन्य युवक घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। चार डीजे गाड़ियों को जब्त कर छह लोगों को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी शरदेंदु दूबे ने बताया कि दीपक शराब नशे में था। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर लिखे जाने तक पकड़े गए लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की तैयारी थी। कहा कि अश्लील गानों और शराब सेवन को लेकर आगे सख्त निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों।

## तेज धमाके के साथ गिरा जर्जर मकान, एक की मौत व दो गंभीर

बीकापुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** बीकापुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर-11 तेंदुआ माफी में स्थित एक पुराना व जर्जर मकान रविवार की दोपहर अचानक गिर गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोसियों का कहना है कि तेज धमाके के साथ मकान गिरा, जबकि पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि यह आवाज मकान गिरने से आई थी। उन्होंने किसी तरह के विस्फोट आदि से मकान गिरने की बात को नकारा। करीब 40 वर्ष पुराना व जर्जर मकान विवेकानंद पांडेय (25) पुत्र किशनदेव का था, जो तहसील में निजी मुंशी हैं। वह अपने परिवार के साथ इसके पीछे स्थित एक नए मकान में रहते थे। उन्होंने इस जर्जर मकान में अपना एक कार्यालय बना रखा था। रविवार दोपहर कार्यालय में नगर पंचायत कार्यालय में तैनात लिपिक विजय यादव (33) पुत्र हरिहर निवासी डीहवां व शेरपुर पारा निवासी सरवन (28) पुत्र श्यामलाल मिलने आए थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज आवाज के साथ मकान गिर गया, जिसमें तीनों दब गए। पुलिस व स्थानीय लोगों ने तत्काल रेस्क्यू शुरू किया व तीनों को बाहर निकालकर सीएचसी बीकापुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने सरवन को मृत घोषित कर दिया, जबकि विवेकानंद व विजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल विवेकानंद की मां ऊषा देवी ने कहा कि मकान कैसे गिर गया कुछ पता नहीं। घायल नगर पंचायत कर्मी विजय ने बताया कि तहसील के कार्य के चलते वह विवेकानंद के पास आए थे, जबकि सरवन हमारे बाद आया था। आगे के कमरे में बैठे 10 मिनट ही हुए थे। पानी पी रहे थे। तभी अचानक से तेज धमाके के साथ मकान की छत गिर गई। पड़ोसियों का भी कहना है कि बहुत तेज आवाज आई, आसपास के कुछ घरों में भी दरारें पड़ गईं।





बीकापुर के तेंदुआ माफी वार्ड में गिरा मकान।

- बीकापुर नगर पंचायत के वार्ड 11 के तेंदुआ माफी की घटना
- पुलिस के अनुसार जर्जर होने के कारण गिरा मकान, नहीं मिले विस्फोट होने के तथ्य

### काफी पुरानी व जर्जर थी बिल्डिंग, नहीं हुआ कोई विस्फोट

सूचना पर सीओ बीकापुर पियूष, कोतवाल लालचंद सरोज फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके से सैंपल एकत्र किया। वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह भी अपनी टीम के साथ पहुंचे व जांच की। सीएफओ ने बताया कि मलबे में तीन लोग दबे थे, इनमें से एक की मौत हो गई, दो लोग गंभीर रूप से घायल मिले। बताया कि मलबे की जांच की गई, लेकिन वहां ऐसा कोई रासायनिक पदार्थ नहीं मिला, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि सिलेंडर या कुछ विस्फोटक सामग्री फटी हो। बताया कि बिल्डिंग बहुत पुरानी थी, इसमें सरिया का प्रयोग नहीं किया गया था। कहा कि तेज आवाज बिल्डिंग गिरने से आई।

## आज रामलला को लगेगा 56 भोग वाल्मीकि जयंती पर आयोजन कल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** राम मंदिर में पहली बार शरद पूर्णिमा महोत्सव और महर्षि वाल्मीकि जयंती को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। सोमवार को रामलला का भव्य श्रृंगार और महाआरती का आयोजन होगा। दोपहर में छप्पन व्यंजनों का भोग लगेगा। शयन आरती के दौरान खीर का भोग लगाया जाएगा। वहीं 7 अक्टूबर को राम मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि जयंती उत्सव का भी भव्य आयोजन संपन्न होगा। अयोध्या के सभी वैष्णो संप्रदाय से जुड़े मंदिरों में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक आयोजन संपन्न होंगे। प्राचीन दंत धावन कुंड में भगवान विष्णु के अलौकिक झांकी का भी आयोजन होगा। ट्रस्ट के मुताबिक इस दौरान कुछ दर्शनार्थियों को ही दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने बताया कि सप्त मंडप के पास मार्ग निर्माण और बड़ी मात्रा में रखे गए पत्थरों के कारण सभी श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जाना संभव नहीं हो पायेगा। मार्ग में अवरोध अधिक है किसी भी प्रकार से घटना ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि जयंती पर पहली बार श्रद्धालुओं को दर्शन देने के लिए मंदिर के पट खोले जाएंगे, भव्य श्रृंगार और आरती का आयोजन संपन्न होगा।

**गड़बड़झाला** | दुकानदार ने पकड़ लिया माथा, पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारी भी हतप्रभ

## हे भगवान! नॉर्मल पर 1500, स्मार्ट मीटर पर 5 लाख का बिल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पावर कॉर्पोरेशन के स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के समझ से परे हो गए हैं। कंपनी के साथ - साथ मीटर लगाने के नाम पर भी खेल किया जा रहा है। नगर में हैरान कर देने वाले एक मामले में एक उपभोक्ता को बड़ा झटका लगा। सामान्य मीटर में हर माह आने वाला 1500-1600 का बिल स्मार्ट मीटर लगते ही पांच लाख के पार पहुंच गया। हालांकि मामला पकड़ में आ गया, लेकिन अभी तक उपभोक्ता को कोई राहत नहीं मिली है।

अब इसे पावर कॉर्पोरेशन की लापरवाही कहें या स्मार्ट मीटर का खेल कि एक उपभोक्ता का दो माह का बिल 5 लाख, 86 हजार, 722 रुपये आ गया। इसे देख लोगों में खलबली मच गई है। मुकेरी टोला निवासी हरिशंकर पांडेय के मकान में महेंद्र प्रताप मौर्य अमित इलेक्ट्रानिक और शैलेंद्र मौर्य नवीन बीज भंडार के नाम से दुकान किराए पर लेकर चलाते हैं। बिजली का बिल दोनों ही जमा करते हैं। इनके यहां 28 जून को विभाग ने स्मार्ट मीटर लगा दिया। 29 सितंबर को जब बिल आया तो दोनों दुकानदार अवाक रह गये। उनका दो माह का बिल पांच लाख, 86 हजार, सात सौ 22 रुपये था। आरोप है कि 1500 से 2000 का आने वाला बिल इतना अधिक कैसे आ गया। दोनों ने पावर कॉर्पोरेशन में शिकायत दर्ज कराई तो चेक मीटर लगाया गया। चेक मीटर में रीडिंग सामान्य मिली। पता चला कि स्मार्ट मीटर लगाते समय कर्मचारी ने पुराने मीटर की रीडिंग 9500 के स्थान पर 95000 लिख दिया था। इसके चलते अधिक बिल आ गया। दोनों उपभोक्ताओं ने बताया कि जब विद्युत उपकेन्द्र गए तो पल्ला झाड़ लिया गया। अधिशासी अभियंता प्रथम कार्यालय गए तो एक्सईएन मीटर के पास भेज दिया गया। चेक मीटर लगा और सप्ताह भर बाद उतर गया। रीडिंग सामान्य मिली फिर भी अभी तक बिल संशोधित नहीं हुआ है। बताया जा रहा है सिस्टम में फीड हो गया है। अब अक्टूबर में सुधार कर भेजा जाएगा। बिजली कब कट जाए पता नहीं। बताया इसे ठीक करने के लिए अधिशासी अभियंता ने एक्सईएन मीटर को पत्र लिखा है। कई अन्य उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से सभी परेशान हैं। बिल अधिक आना, बिना सूचना के काट देना और कनेक्शन जुड़वाने के नाम पर उपकेंद्र से लेकर अधिशासी अभियंता कार्यालय तक का चक्कर लगाना आदि समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं।



- बिजली कर्मी की करतूत आई सामने 9500 रीडिंग की जगह लिख दिया 95000

> दोनों उपभोक्ताओं की शिकायत का संज्ञान लिया गया है। बिल सुधार के लिए भेज दिया गया है। एक्सईएन मीटर की रिपोर्ट के बाद नया बिल सिस्टम से जनरेट होगा।
> **- मनीष चौबे, अधिशासी अभियंता प्रथम**

## दीपोत्सव के लिए 56 घाटों की मार्किंग शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा दीपोत्सव 2025 के भव्य एवं दिव्य आयोजन के लिए राम की पैड़ी पर घाटों की मार्किंग का कार्य रविवार से प्रारंभ हो गया है।

दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि घाटों की साफ सफाई के बाद मार्किंग का कार्य प्रारंभ करवा दिया है। रास्ते के लिए ढाई फीट का स्थान छोड़ा गया है तथा दीयों के ब्लॉक को सजाने के लिए साढ़े चार स्क्वायर फीट की एरिया को चिह्नांकित किया जा रहा है। दीपोत्सव के लिए कुल घाटों की संख्या 56 निर्धारित की गई है। मार्किंग कमेटी के संयोजक माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. रंजन सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा यह कार्य एक सप्ताह के अंदर में संपादित कर लिया जाएगा। दीपोत्सव के सफल आयोजन के लिए शीघ्र ही दीपों की आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी। तीस हजार स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीयन अंतिम चरण में है।





दीपोत्सव को लेकर अयोध्या में नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र की निगरानी में घाटों की मार्किंग करते कर्मी। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, सवार की मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के अमानीगंज-रुदौली मार्ग पर ग्राम मिर्जापुर के निकट शनिवार की रात करीब 11 बजे अमानीगंज से घर आ रहा बाइक सवार व्यक्ति अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इसके बाद वह बाइक समेत तालाब में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहम्मद शारिक (45) पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी कायस्थाना कोतवाली रुदौली के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मोहम्मद शारिक की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और परिजन बेसुध हो गए। कोतवाली प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि घटनास्थल पर बाइक के फिसलने और ब्रेक के निशान भी मिले हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि नियंत्रण खोने के बाद ही यह हादसा हुआ।

## मवेशियों को पकड़वाते प्रधान का पैर टूटा

**बड़ागांव। अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र राम नगर धौरहरा के ग्राम प्रधान योगेंद्र सिह मवेशियों को पकड़वाते चपेट में आने से उनका पैर टूट गया। पंचायत में मवेशी किसानों की हरी भरी फसल आए दिन चट कर रहे थे। रविवार सुबह ब्लॉक की टीम व ग्रामीणों के साथ प्रधान ने मवेशियों को पकड़वाने का खुद मोर्चा संभाला। कुछ मवेशियों को पकड़ा गया ही था कि भाग रहे एक घुमंतू सांड की चपेट में आकर प्रधान गिर गए। एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह वर्मा ने बताया कि प्रधान का निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

## ब्राह्मण महाकुंभ पर रोक लगाने के विरोध में किया बुद्धि शुद्ध यज्ञ

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** भरतकुंड में होने वाले ब्राह्मणों के महाकुंभ पर शासन द्वारा रोक लगाने पर व्यथित संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति ने रविवार को बुद्धि शुद्ध यज्ञ किया। ध्यान रहे कि पूरे देश के ब्राह्मण समाज के संगठनों का एक संयुक्त प्रबुद्ध सम्मेलन 5 अक्टूबर 2025 को भरत कुंड के हनुमान भरत मिलाप मंदिर पर आयोजित था। आयोजन को प्रशासन से अनुमति नहीं मिली थी। समिति के राष्ट्रीय संरक्षक कृपा निधान तिवारी का कहना है कि इस आयोजन को जातीय व राजनीति से प्रेरित मानते हुए सरकार के निर्देश पर अयोध्या जिले के शासन प्रशासन के रोक लगा दी। इससे आहत दूर देश से आए हुए ब्राह्मण संगठन के लोगों ने देश एवं प्रदेश के शासन प्रशासन के लोगों की बुद्धि शुद्ध करने के लिए यज्ञ किया। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा, भृगनंदन पांडे, डॉ अर्जुन पांडे, आरके पांडे, दद्दन मिश्र, डॉ दिनेश तिवारी, रामकृष्ण तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# व्यापारी अनूप का आरोप, दो करोड़ की रंगदारी मांग रहा था आलोक

आलोक सिंह पर जानलेवा हमले का मामला

अमृत विचार Follow UP

### व्यापार मंडल भी आया सामने, कहा अनूप को फर्जी फंसाया गया

### एफआईआर से नाम न हटाने पर बड़ा आंदोलन व जिलास्तर पर बंदी करने का किया ऐलान

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अधिवक्ता आलोक सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी बनाए गए शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व भाजपा नेता अनूप गुप्ता ने आलोक पर दो करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पैसा न देने पर उसने मुझे भी फंसा दिया। उनका आरोप है कि आलोक ने दबंगई से अन्य कई जमीनों में विवाद कराकर लोगों से गुंडा टैक्स वसूला है। पत्रकारों से बात करते हुए अनूप ने आरोप लगाया कि उन्होंने बूथ नंबर चार के पास एक जमीन का महर्षि विद्यापीठ से बैनामा कराया था।

वर्ष 2022 में आलोक आदि ने विजय बहादुर बनाम महर्षि विद्यापीठ के बीच उक्त जमीन का वर्ष 2003 में एक फर्जी इकरारनामा दिखाकर जिला न्यायालय से स्टे ले लिया। जिसे जिला जज, उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। मामला आज भी जिला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद उन्होंने सभी विभागों से एनओसी लेकर उक्त जमीन पर नक्शा पास कराकर होटल बनाना शुरू कर दिया। बताया कि आलोक आदि ने दो अगस्त उक्त जमीन पर अपनी बाउंड्रीवॉल को तोड़ने का आरोप लगाकर न्यायालय में याचिका दायर की, जिस पर 25 सितंबर को उसे फिर से स्टे मिल गया।

हालांकि तीन ही दिन में उक्त स्टे को न्यायालय ने खारिज कर दिया। बताया कि वह पूर्व से ही इस जमीन में हिस्सा या दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांग रहा था। उन्होंने इसकी शिकायत दो बार पूर्व एसएसपी से की थी, जांच एसपी सिटी को मिली थी, लेकिन आलोक आदि ने उनके समक्ष कोई साक्ष्य नहीं पेश किए। इसके चलते जांच लंबित रही। अनूप के अनुसार इसी के चलते वह इनसे रंजिश रख रहा था व अपने ऊपर हुए हमले में उन्हें भी रंजिशन फंसा दिया। कहा कि घटना के समय वह श्रृंगार हाट में दुर्गा विसर्जन यात्रा देख रहे थे, उनके पास इसकी सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्य भी हैं। वहीं, आलोक के बड़े भाई बृजेश सिंह ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि उनके भाई का किसी भी प्रॉपर्टी विवाद से कोई संबंध नहीं है। उन पर पैसे मांगने का व फर्जी आरोप लगाया जा रहा है।



पत्रकारों से वार्ता करते आरोपी व्यापारी अनूप गुप्त व व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता।

### आज अधिवक्ता करेंगे अयोध्या कोतवाली का घेराव

अधिवक्ता पर हमले से नाराज बार एसोसिएशन ने सोमवार को कोतवाली अयोध्या का घेराव करने का ऐलान किया है। इस मुद्दे को लेकर शनिवार को कचहरी में कलमबंद हड़ताल भी की गई थी, जिसमें स्टांप वेंडरों व टाइपराइटरों ने भी साथ दिया था। संघ के अध्यक्ष सूर्यनारायन सिंह का कहना है कि अयोध्या कोतवाल आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

### पक्ष में उतरा व्यापार मंडल, आज एसएसपी से करेंगे मुलाकात

अनूप के समर्थन में अयोध्या व्यापार मंडल के नेताओं ने भी मोर्चा खोल दिया है। अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री नंदलाल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका राधेश्याम गुप्त समेत अन्य ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर पुलिस प्रशासन ने एफआईआर से अनूप का नाम नहीं हटाया तो जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जिला स्तर पर दुकान बंद रख हड़ताल करने की भी बात कही। अध्यक्ष पंकज ने बताया कि रविवार को भी व्यापारियों की बैठक की गई, जिसमें जिले के वरिष्ठ व्यापारी नेता चंद्र प्रकाश गुप्त, नीरज जायसवाल, राधेश्याम गुप्त समेत अन्य मौजूद रहे। इसमें तय किया गया कि सोमवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मुलाकात कर उनसे व्यवसायी अनूप गुप्त का नाम हटाने का निवेदन किया जाएगा। कहा कि आठ अक्टूबर को देश की वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या आ रहे हैं। उम्मीद है कि उससे पहले इस मामले का पटाक्षेप हो जाएगा।

### आलोक ने मेरा व बच्चों का जीना कर दिया था दुश्वार

हमले में नामजद मोहित, धर्मवीर व धीरज के पिता मधुसूदन पांडेय ने आरोप लगाते हुए कहा कि आलोक सिंह दबंग प्रवृत्ति का युवक है। वह उनके बेटों को लंबे समय से परेशान कर रहा था। कई बार उनके घर आकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी है। बताया कि आलोक ने उनके छोटे बेटे धर्मवीर को बालू घाट पर पीटा था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ था और उस घटना का मुकदमा अयोध्या कोतवाली में दर्ज है। उन्होंने आरोपी को भू-माफिया बताते हुए कहा कि वह दूसरों की जमीन कब्जाकर उनसे मोटी रकम ऐंठना उसका धंधा है। कहा कि घटना के समय उनके अन्य बेटे घर पर थे और सीसीटीवी फुटेज से यह साबित हो सकता है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### मामले में चार की हुई गिरफ्तारी

अयोध्या कोतवाली पुलिस ने घटना में नामजद आरोपी धर्मवीर पांडेय पुत्र मधुसूदन पांडेय को रविवार की सुबह लवकुश नगर कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी मोहित पांडेय का मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में इलाज चल रहा है। उसे भी हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा सूरज निषाद निवासी रामघाट हाल्ट व अताउल्लाह शाह निवासी हैबतपुर को भी मामले में पकड़ा गया है। कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

### अंगूठी बेचकर खरीदी थी पिस्टल

सूत्रों के अनुसार आरोपी मोहित पांडेय, धर्मवीर पांडेय व धीरज पांडेय ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। तीनों भाई आलोक से बहुत नाराज थे। वह उसकी हत्या करने के फिराक में थे, इसकी साजिश दो माह से रच रहे थे। मोहित ने अपनी सोने की अंगूठी बेचकर अवैध पिस्टल व कारतूस खरीदा था। 10 हजार में तमंचा भी लाया गया था। वहीं बताया जा रहा है कि आलोक का भी आपराधिक इतिहास है, उसके खिलाफ अयोध्या कोतवाली में पांच केस दर्ज हैं।

# अधूरे कार्यों को समय से पूरा करें: डीएम



दीपोत्सव को लेकर रविवार को राम की पैड़ी समेत विभिन्न घाटों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

- आरती स्थल, राम की पैड़ी, नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधा विकास को देखा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के साथ शनिवार की देर शाम अयोध्या के विभिन्न परियोजनाओं सरयू आरती स्थल, राम की पैड़ी के निर्माणाधीन कार्य आदि का निरीक्षण किया। निर्धारित समय में इसे पूरा कराए जाने का निर्देश दिया।

राम की पैड़ी पर विजिटर गैलरी/सेल्फी प्वाइंट और पर्यटन सुविधाओं के लिए कार्य चल रहा है। इसकी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पिछली मई के पहले दी गई थी। इसके शुरुआत की तिथि मई 2025 और काम पूरा करने की संभावित तिथि मई 2026 है। परियोजना के निरीक्षण में कार्यस्थल पर स्तम्भ, स्टेज, स्टेप, पाथवे, प्लेटफार्म, दो नग स्टोन दीया, दो नग स्टोन प्लान्टर इत्यादि का काम होता मिला। उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव को निर्देश दिया कि भवन में फसाड डिजाइन का कार्य जल्द ही पूर्ण कराएं। जिससे पैड़ी पर एकरूपता दिखाई दे। राम की पैड़ी पर पत्थर लगाए जाने का कार्य भी चल रहा था। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लिमिटेड के सहायक परियोजना प्रबन्धक को निर्देश दिया कि मैन पावर बढ़ाकर जल्द ही पत्थर लगाने का कार्य पूर्ण करा लें। सहायक नगर आयुक्त नगर निगम से राम की पैड़ी व घाट पर अतिक्रमण को हटवाने का निर्देश दिया।

नदी का जलस्तर घटने के बाद सरयू आरती स्थल के पास सिल्ट जमा हो गई है। इसे समय से हटाए जाने के लिए परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया। तारों को समय से अंडरग्राउंड कराने की व्यवस्था के लिए कहा। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानन्द पाण्डेय, अपर नगर आयुक्त नागेन्द्र कुमार, अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव हेम सिंह, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक आरके यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ 10 दिवसीय 51 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ

**अयोध्या, अमृत विचार :** भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या श्रीरामहर्षण मैथिली सख्य पीठ धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट एवं श्रीरामहर्षणम चारुशीला मंदिर के द्वारा कलश यात्रा के साथ 10 दिवसीय 51 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ, 51 रामार्चा पूजन अनुष्ठान प्रारम्भ हुआ।

रविवार को हाथी, घोड़े और सजे-धजे रथों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों राम भक्त और संतों ने भाग लिया। वहीं महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति और आस्था का अभूतपूर्व दृश्य प्रस्तुत किया। चारुशीला मंदिर से निकलकर यह यात्रा हनुमान गढ़ी के रास्ते राम मंदिर से होते हुए रामकोट की परिक्रमा कर रामपथ होते हुए सरयू घाट पहुंची, जहां सभी महिलाएं कलश में सरयू का पवित्र जल भरकर विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी वल्लभाचार्य महाराज ने बताया कि राम नाम जप के रजत जयंती समारोह के रूप में यह कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अनुष्ठान वर्ष 2000 से परम पूज्य अनंत श्री विभूषित श्रीमद् रामहर्षण देवाचार्य महाराज के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ था, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन राम नाम का जाप किया हैं, जिससे भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया हैं।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## प्रशासन ने शुरू की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम की तैयारी

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिला प्रशासन ने आठ अक्टूबर के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी। उस दिन दक्षिण के तीन संगीतज्ञों की मूर्ति के अनावरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसमें शामिल होने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। रविवार को डीएम निखिल टी. फुंडे ने दूसरे अफसरों के साथ परिसर का निरीक्षण किया। अयोध्या के बृहस्पति कुण्ड परिसर में दक्षिण के संत, कवि, संगीतज्ञ त्यागराज, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियां लगाई जाएंगी। वीवीआईपी कार्यक्रम के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। रविवार को जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने गेट पर लगी टेढ़ी लाइट्स को ठीक कराने, दक्षिण भारतीय कवियों की प्रतिमाओं के पेडेस्टल पर लगने वाले पत्थर को शीघ्र ही मंगवाकर लगवाने, सीढ़ियों पर लगी लाइट्स की टेस्टिंग कराने के लिए उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबन्धक को निर्देश दिया।



श्रीराम राज्याभिषेक समारोह में भगवान का रूप धरे कलाकारों को तिलक लगाते विधायक वेद प्रकाश गुप्त।

## नाचते गाते निकाली श्री राम की शोभा यात्रा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शहर की विभिन्न राम लीला समितियों ने श्री राम की शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह मार्गों पर आरती उतारी गई। भव्यता के साथ श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सभी रामलीला समितियों के शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान की आरती उतारी। श्रीराम जानकी रामलीला कमेटी चौक बजाजा से लल्ली देवी परिसर में प्रभु श्री राम के भव्य राज्याभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, संजय जैन, घनश्याम अग्रवाल, विष्णु कुमार आदि तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति द्वारा अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अगुवाई में रिकाबगंज कमला नेहरू भवन के सामने सभी श्रीराम शोभायात्राओं का स्वागत किया गया। आरती और प्रसाद वितरण किया। उनके साथ पूर्व मंत्री अमृत, समिति संयोजक गगन जायसवाल, केशव बिगुलर, शिवजी गौड़, अजय विश्वकर्मा, अखिलेश पाठक, बजरंगी साहू, जनार्दन पांडे, किशन मौर्य, विशाल गुप्ता वासु आदि थे।



रुदौली की रामलीला में सजे राम दरबार में विराजमान राजा राम, माता सीता व लक्ष्मण का रुप धरे कलाकार।

## प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन्ह आयसु दीन्हा

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** श्रीरामलीला समिति खवाजाहाल रुदौली के तत्वावधान में चल रही 13 दिवसीय रामलीला का श्रीराम के राज्य अभिषेक के साथ समापन हो गया। मुनि वशिष्ठ के प्रथम तिलक करने के साथ आसमानआतिशबाजी से भर गया। विधायक रामचंद्र यादव ने प्रभु का तिलक कर लोक कल्याण की कामना की। समिति की ओर से मृदुल मनोहर अग्रवाल व अनुराग अग्रवाल ने उनका सम्मान किया। मंचन में 8 वर्ष के मृगांक शर्मा (बाल हनुमान) श्याम यज्ञसैनी (अंगद), विदित अग्रवाल( बालक)सरीखे कई नवोदित कलाकारों ने प्रस्तुति दी। राम के रूप में ओंकार शर्मा, लक्ष्मण के रूप में सारांश और सीता का ऋषभ शर्मा नेअभिनय किया। निर्देशन कमलेश मिश्रा व मृदुल मनोहर अग्रवाल ने किया। मुदित अग्रवाल ने बताया किइस वर्ष 13 दिनों की रामलीला को 12 लाख 85 हजार लोगों ने ऑनलाइन देखा।

## गर्भाशय के ट्यूमर के इलाज की दी जानकारी

**अयोध्या, अमृत विचार:** फैजाबाद ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी (फॉग्सी) की ओर से शहर के सिविल लाइन स्थित एक होटल में मायोमा (गर्भाशय के ट्यूमर) पर एक कार्यशाला हुई। फॉग्सी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. अल्का कृपलानी ने इससे लक्षण और इलाज के बारे में जानकारी दी। बताया कि मायोमा बच्चेदानी का ट्यूमर होता है। 35 से 45 वर्ष की महिलाओं में इसका प्रकोप अधिक देखा जाता है। लेप्रोस्कोपी, हिस्ट्रोस्कोपी या रोबोटिक सर्जरी से भी इसे निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं के बच्चे न हों या जिनके एक ही बच्चे हों, उनमें इसका अधिक खतरा रहता है। ज्यादा उम्र में शादी, बच्चे न होना, मोटापा, स्ट्रोजन बढ़े होने की परिस्थितियों आदि में इसके दुष्प्रभाव अधिक सामने आते ज्यादातर मामलों में इसके लक्षण नहीं मिलते हैं। फॉग्सी की सचिव डॉ. मंजूषा पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. सुमिता वर्मा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. शालिनी चौहान, डॉ. प्रियंका खरे, डॉ. प्रभा सिंह, डॉ. मीरा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

# पूराबाजार में स्वयंसेवकों ने निकाली पदयात्रा

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** राष्ट्र निर्माण के संकल्प और व्यक्ति निर्माण के अखंड ध्येय के साथ निरंतर कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौरवशाली सौ वर्षों की यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया।

यह पदयात्रा बच्चू लाल इंटर कॉलेज से शुरू होकर पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, आर्यशास्त्र के विद्यार्थियों, युवाओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संघ के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष केवल संगठन की उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति नई ऊर्जा और निष्ठा का संकल्प है। विद्यालय परिसर में पदयात्रा के समापन पर राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौजूद लोगों ने मां भारती की जय और अखंड भारत के जयघोष के साथ संघ के शताब्दी उत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कारवाह वेद प्रकाश, खंड संचालक जगदंबा प्रसाद, जिला मार्ग प्रमुख अजीत, खंड कारवां राजकुमार, खंड प्रचारक कनिष्क व राकेश कुमार खंड व्यवस्था प्रमुख कृपा शंकर सहित संघ के अनेक स्थानीय पदाधिकारी, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता तथा नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



पथ संचलन पर निकले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता। अमृत विचार

शताब्दी वर्ष पर किया गया आयोजन

आयोजन

सात अक्टूबर से होगा महोत्सव का आगाज, पोस्टर जारी

# भरतकुंड महोत्सव में लगेगा कई राज्यों के कलाकारों का जमावड़ा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** योगिराज भरत की तपोभूमि भरतकुंड नंदीग्राम पर आयोजित होने वाले 27वें भरतकुंड महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के कलाकार और कवि शामिल होंगे। उत्सव की तैयारी शुरू हो गई। रविवार को बैठक के बाद महोत्सव का पोस्टर जारी कर दिया गया।

अध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस बार श्री गायत्री महायज्ञ, ग्यारह हजार मातृ शक्तियों से दुर्दुरिया पूजन, रामकुंड से भरतकुंड तक भरत मिलाप यात्रा, दीपोत्सव व महाआरती, बालिकाओं से गरबा महारास, प्रसिद्ध साधु संतों, विद्वानों व मनीषियों से व्याख्यान और शास्त्रार्थ कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता, विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन, पौधरोपण, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, सुर साधना संगीत प्रतियोगिता आदि के आयोजन होंगे। संस्थापक सचिव अम्बरीष चन्द्र पांडेय ने बताया कि महोत्सव इस साल धर्म व संस्कृति को समर्पित होगा। व्यवस्थापक रामकृष्ण पाण्डेय ने बताया कि इस साल संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश से कुमार विशु, मनोहर सिंह व अल्का पहाड़िया, राधा प्रजापति, प्रीति सिंह, आराध्या गौतम, अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय और उत्तर मध्य क्षेत्र प्रयागराज से पंडित सत्य प्रकाश मिश्रा, निशी सिंह, वन्दना सिंह, सूचना विभाग उत्तर प्रदेश से प्रतिमा यादव, प्रकृति यादव, छविलाल पाल, सुजीत कुमार, निशी मिश्रा, ओम प्रकाश निराला, शैलजा भारती और मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग से संजो बघेल, पवन तिवारी, जनजातीय नृत्य के कलाकार अपनी भव्य प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ से रानी नंदिनी और मथुरा वृन्दावन की फूलों की होली, फरवाही नृत्य, कथक नृत्य, नौटंकी के विख्यात कलाकार आएंगे। नंदीग्राम रत्न सम्मान कला क्षेत्र से रानी नंदिनी, खेल के लिए ऋषभ दूबे, स्वास्थ्य के लिए डॉ आकांक्षा सिंह, संस्कृति के लिए जागरण सम्राट धर्मेन्द्र पाण्डेय, समाज सेवा के लिए वाराणसी के अमन कबीर, साहित्य से विशंभर नाथ शुक्ल, लेखन के लिए ज्ञान प्रकाश अवस्थी आकुल, उद्यम क्षेत्र से चन्द्र प्रकाश तिवारी, नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिमा शुक्ला को दिया जाएगा। संगीत के क्षेत्र में पंडित गौरी शंकर दास गवैया गुरु सम्मान प्रसिद्ध गायक एमबी दास और मल्लिका ए गजल सम्मान उभरती गायिका अंशिका सिंह को दिया जाएगा। बैठक में डॉ विजय शंकर मौर्या, अंकित उपाध्याय, डिम्पल तिवारी, विजय सिंह, विजय, अंतरिक्ष श्रीवास्तव, अनुपमा, बसन्त राम आदि के साथ सभी प्रभारियों ने तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया।



भरतकुंड महोत्सव का पोस्टर जारी करते समिति के पदाधिकारी।

# लापता रोडवेज कंडक्टर का शव तालाब में मिला

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार:** बाबा बाज़ार थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति का शव घर के सामने स्थित तालाब में उतराता हुआ दिखाई दिया। मृतक की पहचान महेंद्र कुमार शुक्ला (49 वर्ष) पुत्र स्व. सत्यनारायण शुक्ला के रूप में हुई है, जो लखनऊ में रोडवेज में कंडक्टर के पद पर तैनात थे। ग्रामीणों ने सुबह शव को तालाब में देखा और तत्काल बाबा बाजार थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद व पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया।

परिवार के लोगो ने बताया कि महेंद्र कुमार शुक्ला 3-4 अक्टूबर की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच घर से निकले थे, जिसके बाद वह नहीं लौटे। परिवार ने रातभर खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि मृतक शराब का सेवन करते थे। हालांकि गुमशुदगी की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी। मृतक महेंद्र कुमार अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। रुदौली सीओ आशीष निगम ने बताया कि शव मृतक के घर के ठीक सामने स्थित गहरे तालाब से बरामद हुआ है। घटना की जांच की जा रही है। बाबा बाज़ार थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए, लेकिन दोनों आंखें क्षतिग्रस्त थीं। शव का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बालिका योगासन प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल ओवरऑल चैंपियन

अयोध्या कार्यालय



प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका योगासन की विजेता वाराणसी टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

- आजमगढ़ द्वितीय, लखनऊ की टीम तीसरे स्थान पर रही

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयोजन में जीआईसी में आयोजित राज्य विद्यालय बालिका योगासन प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंकों के साथ वाराणसी मंडल ने चैंपियनशिप पर कब्जा कर लिया। आजमगढ़ द्वितीय लखनऊ टीम तृतीय स्थान पर रही। रविवार को उत्तर प्रदेश योग संघ के सचिव यश पाराशर, डॉ भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी बसंत कुमार, आयोजन सचिव जीआईसी के प्रधानाचार्य ओंकारनाथ ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल 28 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन रहा। योग संघ के सचिव यश पाराशर ने कहा कि विद्यालयों में योग को अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए। प्रतियोगिता के कलात्मक युगल मुकाबले के अंडर - 14 में सहारनपुर की अंशिका भारती और लक्ष्मी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। लखनऊ की सोनाली और रेशमा की जोड़ी द्वितीय व कानपुर की वहसुनी और नव्या की जोड़ी तृतीय रही। अंडर 17 वर्ग में मुरादाबाद की गुंजन और पालक की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। सहारनपुर की कलश और तनिष्का दूसरे स्थान व बरेली की सोनम और गायत्री ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में आजमगढ़ की स्पर्श और श्वेता ने प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सहारनपुर की अक्षर और सलोनी दूसरे स्थान पर व वाराणसी और अलीगढ़ की टीम तीसरे स्थान पर रही। रिदमिक युगल मुकाबले के अंडर 14 वर्ग में वाराणसी की दुर्गेश और खुशी ने प्रथम, आजमगढ़ की अंजलि और पहल ने द्वितीय, कानपुर की अन्या और रुखसत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्ग में मुरादाबाद की छवि और सोनी ने प्रथम स्थान, मेरठ की भूमिका, वेदांशी ने दूसरा स्थान और वाराणसी की अन्या और कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में वाराणसी की शिवानी व नंदिता ने प्रथम, आजमगढ़ की राजनंदनी और संजना ने दूसरा, लखनऊ की आर्य और प्रियंका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मंडलीय क्रीड़ा सचिव धर्मेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों और निर्णायक का आभार व्यक्त किया। जिला विद्यालय क्रीड़ा समिति के सचिव अभिषेक सिंह, विजेंद्र सिंह, माला यादव, अंजू रावत, श्वेता त्रिपाठी, श्रद्धा त्रिपाठी, पूजा गोस्वामी, पुष्पा यादव, नितिन यादव, आलोक, राकेश, प्रवीण सिंह, विवेक कुमार सिंह, आशीष , अनुज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# माध्यमिक विद्यालयों में अब प्रोजेक्ट प्रवीण के नाम पर 'खेल'

अयोध्या कार्यालय

- विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए निजी कंपनियों को ठेका, 20 अक्टूबर से व्यवसाय प्रशिक्षण का निर्देश

**अमृत विचार :** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अब प्रोजेक्ट प्रवीण लागू किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत निजी कंपनियों को विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके पहले कौशल विकास प्रशिक्षण के नाम पर दो साल चले प्रशिक्षण का अभी तक कोई ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने की नियत से नाम बदल कर नया ठेका दिया जा रहा है।

जिले में 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 20 अक्टूबर से प्रशिक्षण प्रस्तावित किया गया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने इसे लेकर आपत्ति भी दाखिल की है। निर्देश हैं कि प्रशिक्षण देने वाली कंपनियां विद्यालयों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करें। पाठ्य सामग्री बांटने और प्रशिक्षण बैच शुरू होने से संबंधित तीन फोटोग्राफ खींचकर जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से अनुमोदन कराते हुए मिशन पोर्टल पर अपलोड करना होगा। प्रशिक्षण की अवधि दो घंटे की होगी। डीआईओएस ऑफिस में कार्यरत प्रवीण यादव योजना के प्रभारी हैं। बताया कि चयनित कालेजों से ब्यौरा लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी का कहना है कि सब निजी कंपनी को लाभ के लिए किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व हिंदू महासंघ के पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**अंबेडकरनगर।** विश्व हिंदू महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष राम सिंगार गौतम के स्वर्गवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि उनके परिजनों को प्रदान की गई। इस क्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा, साधू वर्मा, भाजपा नेता राम शंकर सिंह, जिला मंत्री सुनील पासवान और उप जिलाधिकारी टांडा ने दिवंगत राम सिंगार गौतम के ग्राम दहियावर स्थित आवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी को 2 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया तथा परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की।

### किशोरी को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर में एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। स्कॉलरशिप आवेदन के बहाने उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है। पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी बीते 3 अक्टूबर को स्कॉलरशिप का ऑनलाइन आवेदन कराने गई थी। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। ऑनलाइन की दुकान पर पूछताछ करने पर पता चला कि किशोरी ने दुकान मालिक से अपनी साइकिल देखने को कहा था। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कोई पता नहीं चल सका है। 4 अक्टूबर को परिवार को जानकारी मिली कि गांव का ही युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी कोतवाली जैद अहमद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# 104 मोबाइल बरामद

- 19 माह में 4 करोड़ के 2172 फोन पुलिस ने लौटाए

**आजमगढ़, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत आजमगढ़ पुलिस ने सितंबर माह में खोए हुए 104 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 22 लाख रुपये आंकी गई है। सभी बरामद मोबाइल फोन शनिवार को उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए।

लोगों के गुमशुदा या चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए फरवरी 2024 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान गुमशुदा मोबाइल धारकों ने सीआईईआर (CEIR) पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने खोजबीन की। अभियान में सीसीटीएनएस प्रभारी आजमगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।एसपी ग्रामीण ने बताया कि फरवरी 2024 से अगस्त 2025 तक जनपद में कुल 2068 एंड्रॉयड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 3 करोड़ 83 लाख रुपये) बरामद किए गए थे। अब सितंबर 2025 में 104 मोबाइल और बरामद किए जाने के बाद कुल संख्या बढ़कर 2172 हो गई है, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 4 करोड़ 5 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि यह सफलता जनपद में डिजिटल ट्रेसिंग और आधुनिक तकनीक के उपयोग से संभव हुई है। अभियान आगे भी जारी रहेगा ।

# मिशन शक्ति : छात्राओं को पढ़ाया जागरूकता का पाठ

संवाददाता, अंबेडकरनगर

- छात्राओं को मिली नारी सुरक्षा और स्वावलंबन की प्रेरणा, विभिन्न विद्यालयों में हेल्पलाइन सेवाओं की दी गई जानकारी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेज में महिला पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को जागरूक कर उन्हें जागरूक किया।

पुलिस कर्मियों द्वारा महाविद्यालयों जनता इंटर कॉलेज उतरेथू, बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर, सती प्रसाद इंटर कॉलेज बनगांव डिहवा, शिवजी कुशलावती इंटर कॉलेज पलई रामनगर, डॉ. परशुराम दीनबंधु महाविद्यालय हरैया बसखारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर, जेडीजी इंटर कॉलेज धनवारी खेमापुर, शांति देवी रामबदन महाविद्यालय नसीरपुर, बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर आदि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वालंबन के उद्देश्य के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई। जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 102 गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि शामिल हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से छात्राओं को साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए गए तथा त्वरित कार्यवाही के लिए संबंधित हेल्पलाइन का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई तथा पारिवारिक, सामाजिक स्तर पर होने वाले संभावित दुर्व्यवहार से बचाव के उपाय बताए गए।



मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को महिला पुलिसकर्मियों ने किया जागरूक।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दी जानकारी : इस अवसर पर डॉ. तारा वर्मा, नीलम मिश्रा, एसआई सुषमा मौर्य, नीलम यादव प्रधानाचार्य, अनुपमा उपाध्याय, मीरा वर्मा, शकुंतला देवी, रंजना चौधरी, रेनू पांडे आदि टीम सदस्यों द्वारा विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में जाकर छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पढ़े बेटियां, बढ़े बेटियां अभियान और विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और विधवा पेंशन योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। जिससे वह अपने परिवार और समाज में इन योजनाओं की जागरूकता फैला सकें।

# चोरों ने महिला को बनाया बंधक नकदी और जेवरात किया पार

**जलालपुर, अमृत विचार।** जैतपुर के गोपरी चांदपुर गांव में शनिवार की रात घटी एक वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। आधी रात को घर में घुसे तीन अज्ञात चोरों ने सो रही महिला के हाथ पैर बांध कर उसे बंधक बना लिया। जिसकी बाद चोरों ने महिला की पिटाई की और जेवर और नकदी लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

बता दें कि गोपरी चांदपुर गांव निवासी बाबूलाल पाल की बहू कुसुम पत्नी लालमणि अपने दो छोटी बेटियों के साथ कमरे में सो रही थी। महिला ने बताया कि रात लगभग डेढ़ बजे छत के रास्ते घर में दाखिल हुए तीन चोरों ने पहले दरवाजा तोड़ा और उसके हाथ-पैर बांध दिए। पीडिता ने बताया कि विरोध करने पर चोरों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और बेरहमी से पीटा। इसके बाद चोरों ने महिला के गले का मंगलसूत्र, अंगूठी, नथुनी, बिछिया समेत सभी जेवर उतार लिए और बॉक्स में रखे करीब पांच हजार रुपए भी लेकर भाग निकले। घटना के दौरान महिला की बच्चियां सो रही थी। उनके जागने और शोर मचाने पर परिजनों को घटना का पता चला, लेकिन तब तक चोर रात के अंधेरे में गायब हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसओ जैतपुर धीरेंद्र आजाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिर भी जांच के लिए कई बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। इस दुस्साहसिक वारदात से गांव में भय और दहशत का माहौल है।



# सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

**जलालपुर।** विकास खंड भियांव अंतर्गत इंधना गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। 18 वर्षीय छात्र विवेक कुमार की जौनपुर में एक सडक़ हादसे में मौत हो गई। विवेक जौनपुर के शाहगंज रेलवे स्टेशन पर एक रिश्तेदार को ट्रेन में बैठाकर अपने घर लौट रहा था।

यह हादसा बीते शाम को शाहगंज क्षेत्र में हुआ। एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने विवेक को जोरदार टक्कर मार दी। विवेक की मौके पर ही मौत हो गई। विवेक कुमार इंटर का छात्र था और अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता का नाम भारत और माता का नाम उर्मिला है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जौनपुर भेज दिया गया है। गांव के प्रधान श्याम लाल यादव मौके पर पहुंचे।

# भैरहवा आई हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** नगर के तलवापार स्थित भैरहवा आई हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा और विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक विधि विभाग भाजपा दिवाकर ओझा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत टिबरेवाल ने किया। आई हॉस्पिटल के उद्घाटन अवसर पर कुशल डॉ. सौरभ श्रीवास्तव और डॉ. रवि कुमार की टीम द्वारा 310 मरीजों का निशुल्क आंखों की जांच कर उन्हें दवा का वितरण किया गया। साथ ही मरीजों को चश्मों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट भी प्रदान की गई। निदेशक हिदायत अली और शामिर अली ने बताया कि अस्पताल में नवीनतम तकनीक के साथ नेत्र रोगों की उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकें। कार्यक्रम में आए अतिथियों का अस्पताल के कोऑर्डिनेटर अब्दुल अजीम ने आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह के मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



आई हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा व साथ में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत टिबरेवाल व अन्य। अमृत विचार

# माधवपुर दिघौटा में महिलाओं को किया गया जागरूक



महिलाओं को उनके हक की जानकारी देतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**जलालपुर, अमृत विचार।** जलालपुर के माधवपुर दिघौटा गांव में महिला उप निरीक्षक ममता यादव के नेतृत्व में महिलाओं की चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं। इस दौरान उप निरीक्षक ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 सहित अन्य सुरक्षा सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल स्मिता सिंह, अमृता सिंह, शिल्पी गौतम समेत तमाम महिलाएं मौजूद रहीं। चौपाल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सजग बनाना है।

# युवक को चोर समझ कर ग्रामीणों ने पीटा

**जलालपुर।** चोरी की होती वारदातों और भय के बीच संदिग्धों की पिटाई का मामला अब क्षेत्र में आम होता जा रहा है। दुलहुपुर खुर्द गांव में एक अर्धनग्न युवक को देखकर ग्रामीणों ने पकड़ लिया और चोर समझ कर उसे रस्सी से बांध दिया और जमकर पिटायी की। ग्रामीणों ने बताया कि तीन युवक चोरी की नीयत से गांव में घुसे थे। ललकारने पर दो भाग गए जब कि एक युवक ग्रमीणों के हत्थे चढ़ गया। जिसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया गया। युवक की पहचान राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के चतुरपुर निवासी पंकज के रूप के हुई। इस संबंध में एसओ कटका राकेश कुमार ने बताया कि पंकज शराब के नशे में अपनी बाइक से गिर गया था। ग्रामीणों ने उसे चोर समझ कर पकड़ लिया।

# जुलूसे गौसिया का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अंजुमन गुलामे मुस्तफा मीरानपुर द्वारा जुलूसे गौसिया का वार्षिक कार्यक्रम शनिवार को पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ आयोजित किया गया। स्थानीय व अतिथि नातिया अंजुमनों ने बड़े पीर बे-नजीर सैय्यदना शेख गौसे आजम रहमतुल्लाह अलैह की शान में एक से बढ़ कर एक नात शरीफ प्रस्तुत करके अकीदतमंदों का दिल जीत लिया।

हापिुज मुकर्रिबीन नक्शबंदी के संचालन में सर्वप्रथम मेजबान अंजुमन गुलामे मुस्तफा के नातख्वां मोहम्मद कासिद, मोहम्मद मुनीम, भोनू आदि ने नात पेश करते हुए कहा कि मौला अली का सदका, गंज-ए-शकर का सदकाए मेरी लाज रख लो या गौस मैं मुरीद हूं तुम्हारा। जबकि अंजुमन कारवाने मुस्तफा जाफराबाद-जलालपुर के लोगों ने पढ़ा हम मोहम्मद पे हैं कुर्बान जमाना देखे। अंजुमन खुद्दामुल इस्लाम बाजिदपुर ने पढ़ा गौसे आजम जीलानी गौसे आजम जीलानी, तुम जहरा के दुलारे हो मौला अली के प्यारे हो। अंजुमन इस्लामिया कदीम मछलीगांव द्वारा पढ़ी गई नाते पाक अब्दुल्लाह का प्यारा है, आमिना का शहजादा काफी सराहा गया। हाफिज नसीरुद्दीन, रियाज अहमद, रईस खान, तारिक, नबी हसन, मोहम्मद नईम, सायमन, मोहम्मद हसन, पीर मोहम्मद आदि के नेतृत्व में जुलूस भ्रमण करते हुए पक्का चौक नंबर-1 पर पहुंच कर समाप्त हुआ।



राष्ट्रीय ध्वज के साथ मीरानपुर में भ्रमण करते जुलूसे गौसिया। अमृत विचार

# मित्र की तरह काम करेगा मनोदर्पण ऐप : बीएसए

- ऐप हाईस्कूल और इंटर के छात्रों के लिए किया गया तैयार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग अब बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की मदद के लिए आगे आया है। यूपी बोर्ड ने विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव और मानसिक दबाव से मुक्त कराने के लिए मनोदर्पण नामक ऐप विकसित किया है। यह ऐप खास तौर पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए तैयार किया गया है।

मनोदर्पण ऐप के जरिए छात्र घर बैठे ऑनलाइन काउंसलर और मनोवैज्ञानिकों से बातचीत कर सकेंगे। विशेषज्ञ उन्हें परीक्षा के डर, तनाव और दबाव से निपटने के तरीके बताएंगे। साथ ही यह ऐप समय प्रबंधन, एकाग्रता बढ़ाने और पढ़ाई को रोचक बनाने के उपयोगी सुझाव भी देगा। इस पहल से छात्र अपनी दिनचर्या को संतुलित रखते हुए बेहतर तैयारी कर सकेंगे और मानसिक रूप से भी मजबूत रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण तिवारी ने बताया कि मनोदर्पण ऐप परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों के लिए एक मित्र की तरह काम करेगा। जब भी कोई छात्र तनाव महसूस करे, वह इस ऐप की मदद से तुरंत मार्गदर्शन पा सकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

**मुहिम** 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का सीएमओ ने अकबरपुर सीएचसी पर किया उद्घाटन

# संचारी रोग से बचाव के लिए अधिकारी व कर्मचारी लोगों को करें जागरूक : सीएमओ

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में रविवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का औपचारिक उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। जनपद के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर से सीएमओ ने लोगों को जागरूक करने के लिए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल।

रैली में स्वास्थ्य विभाग और अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। फ्लैग ऑफ से पहले सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जनमानस को सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल ने संचारी अभियान को सफलता पूर्वक पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने उपस्थित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बताया कि संचारी रोगों से आम जनमानस को बहुत ही ज्यादा हानि होती है और साथ में कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता, जो अत्यन्त ही दुख विषय है। संचारी रोगों से मानव विकास सूचकांक प्रतिशत भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान में आशा और आगनबाड़ी घर-घर जाकर बुखार के रोगियों और टीबी के रोगियों की सूचना भी एकत्रित करेंगी। 15 वर्ष से कम उम्र तक के बच्चों के घर पर स्टीकर चिपकाए जाएंगे।

### छिड़काव के लिए उपलब्ध कराई जा रही दवा

नोडल अधिकारी वीबीडी डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि समस्त सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सम्बन्धित विभागों को कार्यक्रम सम्बन्धित लॉजिस्टिक्स उपलब्ध करायी जा चुकी है। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा नालियों में छिडक़ाव के लिए दवा उपलब्ध कराई जा रही है। डीएम अनुपम शुक्ला के निर्देशों के अनुपालन में जनपद स्तर पर पिछले तीन वर्षों में पाए गए डेंगू, जेई, ईएस रोगियों की सूचना सभी सम्बन्धित विभागों को भेजी जा रही है। जिससे उन गांवों और वार्डों में सभी विभाग मिलकर अपने-अपने कार्यों का विशेष सम्पादन करा सकें। प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गौतम मिश्रा ने बताया गया कि जहां-जहां पर संचारी रोग के रोगी चिन्हित हो रहे हैं वहां पर जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा 48 घंटों के भीतर पहुंचकर निरोधात्मक कार्यवाही कराई जा रही है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम NAURANG था अब, मैंने अपना नाम बदल कर नौरंग चौहान रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। NAURANG CHAUHAN S/O JAISRAJ ADD LONIYAN PURWA NAYPUR DIST GONDA U-P 271129

**सम्भागीय कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**
**नवीन मण्डी स्थल स्थल उतरौला रोड, देवीपाटन (गोण्डा)**

पत्रांक:–नि0–देवी0 (गोण्डा) / (निविदा प0) / 2025–502 दिनांक:–04–10–2025

ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक:–नि0–देवी0 (गोण्डा) / (निविदा प0) / 2025–461 दिनांक:–25.09.2025 के द्वारा जनपद बहराइच के मण्डी समिति, बहराइच के क्षेत्रान्तर्गत कमांक–06 पर सं0 मार्ग खैरा बेहडा मार्ग से भिरवा जाने वाली रोड से गड़रियन पुरवा तक के मरम्मत कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में अनुरक्षण सहित निविदा की लागत रू0 20.92 लाख, धरोहर धनराशि रू0 2.10 लाख, निविदा शुल्क रू0 3,776.00 संशोधित किया जाता है। शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

उपनिदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)

# जीएसटी रिफॉर्म से हर परिवार को फायदा

## नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधारों पर आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बोले भाजपा के कोषाध्यक्ष मनीष कपूर

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रविवार को सुलतानपुर, इसौली, जयसिंहपुर और कादीपुर विधानसभाओं में नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधारों पर व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए गए। सुलतानपुर विधानसभा के क्षत्रिय सभागार में हुए सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष सीए मनीष कपूर ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म उपभोक्ता और व्यापारी, दोनों के हित में है। इससे मांग और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जो एक नए आर्थिक युग की शुरुआत है।

उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से लागू यह रिफॉर्म देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। सरकार ने 28 प्रतिशत टैक्स स्लैब में आने वाली 98 प्रतिशत वस्तुओं को 18 व 12 प्रतिशत स्लैब में लाया है, जबकि 99 प्रतिशत वस्तुएं अब 5 प्रतिशत टैक्स श्रेणी में आ गई हैं। खानपान व रोजमर्रा की वस्तुएं 5 प्रतिशत और दूध-पनीर जैसे डेयरी उत्पाद जीरो टैक्स पर होंगे। मनीष कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ लोगों को दीपावली गिफ्ट दिया है।



क्षत्रिय सभागार में आयोजित सम्मेलन में शामिल अतिथिगण। ● अमृत विचार

मुख्य वक्ता सीए संतोष सिंह ने जीएसटी की बारीकियां समझाईं। सम्मेलन की अध्यक्षता समाजसेवी सुंदर लाल टंडन ने की, जबकि संचालन पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक विनोद सिंह व कई वरिष्ठ नेताओं ने व्यापारियों से संवाद किया। इसी क्रम में इसौली में भाजपा प्रदेश मंत्री मीना चौबे मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने रोटी, कपड़ा और मकान तीनों में राहत दी है। कादीपुर में विधायक राजेश गौतम और इसौली में एमएलसी शैलेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। सदर विधानसभा के सम्मेलन में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म का लाभ हर वर्ग को मिलेगा।

# दुर्गा पूजा मेले में महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले 7 शोहदे चढ़े पुलिस के हत्थे

**भदैंया, सुलतानपुर,अमृत विचारः** दुर्गा पूजा मेले के दौरान महिलाओं पर फब्तियां कसने और अभद्र हरकत करने वाले सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। देहात और शिवगढ़ थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान के तहत बीते सात दिनों में यह कार्रवाई की गई है।

देहात कोतवाली क्षेत्र में मिशन शक्ति निरीक्षक अनिल वर्मा, आरक्षी विशाल राजभर और महिला कांस्टेबल नीलम सिंह, रंजना यादव व पूजा पाल की टीम दोमुहा के पास चेकिंग कर रही थी। तभी हनुमानगंज से आई महिलाओं ने शिकायत की कि एक युवक बाजार में गंदे गाने गाते हुए फब्तियां कस रहा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम महानपुर मोड़ के पास पिताम्बरपुर खुर्द निवासी युवक, 26 सितंबर को उगईपुर

- मिशन शक्ति अभियान के तहत देहात और शिवगढ़ पुलिस की सख्त कार्रवाई

मोड़ पर भादा गांव निवासी युवक और 30 सितंबर को बैजूपुर-बौखारेपुर नहर के पास लंभुआ थाना क्षेत्र के पूरे गोसाई निवासी युवक को पुलिस ने महिलाओं से अभद्रता करने पर गिरफ्तार किया। 29 सितंबर को बाबूगंज-शमीगंज रोड पर ज्ञानीपुर निवासी युवक को भी इसी आरोप में गिरफ्तार किया गया। दोनों थानों की पुलिस ने सातों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

शिवगढ़ कोतवाल ज्ञानेश दूबे ने बताया कि दुर्गा पूजा मेले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतत अभियान जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवा उत्सव 15 अक्टूबर को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से 15 अक्टूबर को क्षत्रिय भवन सभागार में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जिले के सभी विकास खंडों और स्कूल/कॉलेज के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष होनी चाहिए। प्रतियोगिता की 7 विधाएं हैंकृडिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकनृत्य, लोकगीत, कविता लेखन और इनोवेशन। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान धारकों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### गोमती मित्रों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन पर विसर्जन शोभायात्रा से पूर्व, गोमती मित्रों ने सीता उपवन व सीता कुंड धाम की साफ-सफाई करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्रमदान सुबह 6 बजे से 9 :30 बजे तक चला। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह और वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश पाठक ने सहयोग व स्वच्छता का आग्रह किया। कार्यक्रम में रतन कसौंधन, रुद्र प्रताप सिंह, रमेश माहेश्वरी, राम क्विंचल मौर्य, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दारू के लिए पैसे न देने पर धमकी

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बसहां निवासी उदयभान पांडेय ने शिकायत दी कि गांव निवासी विक्रम निषाद दारू के लिए पैसे जबरदस्ती मांगता है और न देने पर मां-बेटियों को गालियां देता है तथा जान से मारने की धमकी देता है। मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देने के बाद शनिवार को दोस्तपुर थाने में विक्रम निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कार्यवाही की जा रही है।

### खेत की सिंचाई को लेकर पिटाई

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम दूल्हापुर में खेत की सिंचाई के लिए पाइप लगाने के विवाद में मारपीट हुई। ग्राम प्रधान वीरेंद्र ने चकरोड में खड़जा तोड़कर पाइप लगाना शुरू किया था। इसी दौरान गांव निवासी गौरी शंकर, बलराम और शुभम पहुंचे और बीरेंद्र को डंडे, लात-घूंसों से पीटने लगे। बचाव में बलराम की पत्नी कमला, पुत्री रागिनी और पुत्र अमित भी शामिल हुए और तीनों ने उन पर पलटवार किया। शनिवार को वीरेंद्र ने कोतवाली में तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों का चिकित्सकीय मुआयना कराकर मुकदमा दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# राज्यपाल ने 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किया खिलौना व स्वास्थ्य किट

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अयोध्या के कुमारगंज में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वास्थ्य और खिलौनों की किट वितरित की। इसमें बाल विकास परियोजना बल्दीराय से 50 और धनपतगंज की 50 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

बाल परियोजना बल्दीराय से रेखा तिवारी (नरगेसवा), रामसवारी (सझौवा) और धनपतगंज से चिंता सिंह (महमूदपुर), किरण शर्मा (धनजई), लक्ष्मी गुप्ता (रामनगर) को राज्यपाल ने मुख्य विकास अधिकारी सुलतानपुर अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में किट प्रदान की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी अजीत कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, डीसी उमेश तिवारी, बीसी दुर्गेश शुक्ला सहित अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





सीडीओ की अध्यक्षता में राज्यपाल ने वितरित किया स्वास्थ्य किट। ● अमृत विचार

### दो छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को परेशान करने और तय हुई शादी को तोड़वाने के प्रयास के आरोप में दो छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी अखंड नगर थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 में पढ़ती है। जानकारी के अनुसार, छात्र विपुल और किशोरी के बीच बातचीत शुरू हुई। किशोरी ने अपनी मां से शादी की इच्छा जताई, लेकिन विपुल ने शादी से इनकार कर भागने की कोशिश की। इसके बाद किशोरी की मां ने पढ़ाई छोड़वा कर बेटी की शादी दूसरी जगह तय कर दी। आरोप है कि विपुल ने अपने साथी वैभव को किशोरी और शादी तय लड़के का नंबर देकर किशोरी को बदनाम कर शादी तोड़वाने का प्रयास किया। पुलिस ने शनिवार को उन्होंने विपुल और वैभव निवासी विशुनपुर छीतेपट्टी के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# दुर्गा पूजा में अपराध निरोधक समिति सक्रिय

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति पूरी तरह सक्रिय है। समिति की टीम पुलिस के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रही है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के हनुमानगंज, लोहरामऊ, कामतागंज, पखरौली और धरौली समेत कई स्थानों पर स्थापित पूजा पंडालों पर समिति के सदस्य तैनात हैं। हनुमानगंज मेले के दौरान देहात कोतवाल अखंड देव मिश्रा के नेतृत्व में अपराध निरोधक समिति की टीम ने बाजार क्षेत्र में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



पुलिस के साथ अपराध निरोधक समिति के लोगों ने किया पैदल मार्च। ● अमृत विचार

- पंडालों में भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा को पुलिस के संग किया पैदल मार्च

समिति के सदस्यों ने बताया कि वे प्रतिदिन शाम 6 से रात 11 बजे तक पूरी सक्रियता से कार्य करते हैं। पंडालों में भीड़ नियंत्रण, महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित कराने के साथ ही प्रसाद वितरण में भी सहयोग दिया जा रहा है। इस मौके पर समिति के सदस्य अशोक कुमार सिंह, रामकेवल वर्मा, सुरेश चंद वर्मा, मोहम्मद अनवर, हृदय राम वर्मा, सुशील कुमार सिंह, राम यज्ञ उपाध्याय, राम उजागर विश्वकर्मा, चंद्रभान यादव, बृजलाल यादव व मोहम्मद जफर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कादीपुर सीएचसी में डॉक्टर और फार्मासिस्ट में हाथापाई

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर में शनिवार देर शाम चिकित्सक और फार्मासिस्ट के बीच हुए विवाद ने हंगामे का रूप ले लिया। ड्यूटी के दौरान चिकित्सक डॉ. दीपंकर विश्वास और फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य के बीच कहासुनी बढ़ने पर डॉक्टर ने फार्मासिस्ट के साथ हाथापाई कर दी।

डॉ. विश्वास की तैनाती सीएचसी धनपतगंज में है, लेकिन विभागीय आदेश के चलते वे गुरुवार और शनिवार को कादीपुर में ड्यूटी करते हैं। इसी दौरान दोनों के बीच यह विवाद हो गया। डॉक्टर का कहना था कि फार्मासिस्ट उनके

- डॉ. दीपंकर ने मांगी माफी, दोनों पक्षों ने कोतवाली में किया समझौता

निर्देशों का पालन नहीं करते और उन्हें चिकित्सक नहीं मानते, जबकि फार्मासिस्ट का तर्क था कि जब उनकी तैनाती कादीपुर में नहीं है, तो उन्हें यहां का प्रभारी डॉक्टर नहीं माना जा सकता। विवाद बढ़ने पर फार्मासिस्ट ने घटना की शिकायत कोतवाली में दी। रविवार को दोनों पक्ष थाने पहुंचे, जहां वार्ता के बाद डॉ. विश्वास ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया और फार्मासिस्ट से माफी मांगी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हो गया।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी हुई तेज

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दशहरा दुर्गा पूजा मेला के उपरांत होने वाले प्रतिमा विसर्जन की तैयारी को लेकर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर सक्रिय हो गई है। रविवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने सीताकुंड घाट का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं और आम जनमानस की सुरक्षा तथा सुविधा में कोई कमी न रहे।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि विसर्जन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। घाट पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग, बालू से भरी बोरियों द्वारा समतलीकरण, अस्थायी रैंप निर्माण और कुण्ड की वृहद सफाई के साथ पानी भरने का कार्य तेजी से चल रहा है। हवन सामग्री कुण्ड की सफाई, पर्यावरण पार्क गेट से सीताकुंड घाट तक अबाध प्रकाश व्यवस्था और मोबाइल टॉयलेट की सुविधा भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा, पालिका द्वारा मेला नियंत्रण कक्ष और कैम्प कार्यालय स्थापित किया जा रहा है, जहां साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल और अन्य आकस्मिक समस्याओं के निस्तारण हेतु 24 घंटे रोटेशन में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी लालचंद्र सरोज, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अधूलिका, सहायक अभियंता संतोष कुमार, अवर अभियंता नीलम कुमारी व सुनील कुमार पाल सहित सभासद रमेश सिंह टिन्नू, अरुण तिवारी, मनीष जायसवाल, गोमती मित्र मंडल के मदन सिंह व सफाई विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



सीताकुंड घाट पर विसर्जन की तैयारियों का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष।

- पालिकाध्यक्ष ने निरीक्षण कर सुरक्षा व सफाई दुरूस्त करने का दिया निर्देश

### अनस आलम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी टीम में चयनित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सिरातुल मुस्तकीम डिग्री कॉलेज के बीएससी फाइनल छात्र अनस आलम को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी टीम में चयनित किया गया। अंतर विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा आयोजित ट्रायल में चयनित अनस 7-9 अक्टूबर गलगोटिया विश्वविद्यालय, नोएडा में देशभर के विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करेंगे। उनके कोच राजकुमार सरोज हैं। एमजीएस स्पोर्ट्स कैंपस में अभ्यास करने वाले अनस आलम को कॉलेज प्रबंधन और खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बालिकाओं का दल रवाना

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में 5 से 7 अक्टूबर राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की दस बालिकाओं की टीम हिस्सा लेगी। बालिका सब-जूनियर में खुशबु तिवारी, शालिनी, स्वाति, रुचि; जूनियर में लक्ष्मी पाल, कैशिकी; सीनियर में प्रिन्सी, सेजल पाल, कशिश चयनित हुईं। टीम के साथ कोच दिलीप वर्मा, अंकित भट्ट, कौशलेंद्र सिंह, अरविंद कुमार मौजूद रहेंगे। क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक ने अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

# संघ के पथ संचलन ने दिया एकता का संदेश

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड भदैंया मंडल बरुई द्वारा रविवार सुबह पखरौली गांव में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन श्रीमद् भागवत कथा स्थल शांति सदन विद्यालय के पास स्थित पंडाल से प्रारंभ होकर गांव की गलियों से होता हुआ पुनः वहीं समाप्त हुआ।

गणवेशधारी स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर अनुशासित ढंग से आगे बढ़ रहे थे। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के उद्घोषों से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के जोश से गूंज उठा। पथ संचलन के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का



भदैंया के पखरौली गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन। ● अमृत विचार

- पखरौली में गूंजे 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे

स्वागत किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभावना, सेवा, अनुशासन और संगठन का संदेश फैलाना है। इससे समाज में एकता की भावना मजबूत होती है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक योगदान का भाव जागृत होता है। कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सेवा प्रमुख यदुवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता राम सहाय जी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रजराज जी और डॉ. सलिल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# भाकियू के नेताओं ने संगठन से दिया सामूहिक इस्तीफा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के जिलाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने संगठन से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के पीछे राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषीपाल अंबावता के तानाशाही रवैये और संगठन की नीतियों को लेकर निराशा बताई जा रही है।

इस्तीफा देने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रुपेश शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय, प्रदेश महासचिव आनंद प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मजीद खान, तहसील अध्यक्ष अरविंद, युवा जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष देवव्रत श्रीवास्तव, प्रदीप

- किसान हितों के लिए काम करते रहेंगे: गिरीश पाण्डेय

सिंह, राकेश सिंह, राजेश सिंह, भारत गांधी, रोहित निषाद और चंद्रप्रकाश निषाद शामिल हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय ने कहा कि इस्तीफा देने के बावजूद वे किसान हितों के लिए काम करते रहेंगे और उनकी लड़ाई जारी रखेंगे। वहीं, जिला अध्यक्ष रमाशंकर गिरी ने बताया कि संगठन को एकजुट करने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी सदस्य सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है और इसकी घोषणा जल्द की जाएगी।

# विधायक ने लिया दुर्गा महोत्सव का जायजा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने शनिवार शाम शहर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में भ्रमण कर माता दुर्गा का आशीर्वाद लिया और लोगों को शांति और विकास का संदेश दिया। उन्होंने देवी पांडालों में दर्शन-पूजन कर लोक कल्याण की कामना की और पूजा समितियों से व्यवस्था की जानकारी ली।

यात्रा की शुरुआत सुपर मार्केट में आयोजित भंडारे से हुई, जिसका आयोजन भाजपा नेता विजय त्रिपाठी ने किया था। इसके बाद डाकखाना स्थित भाजपा नगर मंडल स्टॉल, गुरु नानक देव रोड और सब्जी मंडी के पांडालों में विधायक ने फूल माला से स्वागत स्वीकार किया और मां दुर्गा के समक्ष शीश



एक पूजा पंडाल पर पहुंचे विधायक का किया गया सम्मान। ● अमृत विचार

- दुर्गा पूजा महोत्सव गंगा-जमुनी संस्कृति का प्रतीक: विनोद सिंह

नवाया। घंटाघर व ठठेरी बाजार के पांडालों में भी उन्होंने पूजा की और आरएसएस स्टॉल में कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। विधायक का काफिला गभड़िया, अमहट और ओमनगर के पांडालों में पहुंचा। इस दौरान उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव गंगा-जमुनी संस्कृति का प्रतीक है। कार्यक्रम में सभासद मंगरू प्रजापति, अंतिमा व संदीप गुप्ता, रज्जन सिंह, दिनेश चौरसिया, ज्ञान जायसवाल, श्याम बहादुर पांडेय, बिन्नू पांडे, अनुज सिंह, अजय सिंह, सुशील पांडेय सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पहल

## नहीं होगा फाइलों का ढेर, ई-ऑफिस पर काम न करने वाले कुछ कर्मियों का बीते माह का वेतन हुआ था बाधित

# ई-ऑफिस से प्रशिक्षित विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सरकारी ऑफिसों में बढ़ते फाइलों के बोझ व पटलों पर रुकी फाइलों पर त्वरित कार्य के लिए शासन द्वारा ई -ऑफिस संचालित किया जा रहा है। ई -ऑफिस के संचालन में विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अभी भी रुचि नहीं ले रहे हैं। अधिकांश कार्य फाइलों पर ही हो रहे हैं, जिसके चलते सितम्बर माह का कुछ कर्मियों का वेतन भी बाधित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास विभाग में ई -ऑफिस का संचालन जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र कुमार त्रिपाठी देख रहे हैं।



विकास भवन में कंप्यूटर पर काम करते जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी।

वहीं नगरी क्षेत्र के विकास विभाग का जिम्मा जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी दद्दन कुमार को मिला है।

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि सभी विकास खंडों की मैपिंग कर अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षित किया जा चुका है। सभी को यूजर आई डी व पासवर्ड उपलब्ध करा ई -ऑफिस पर कार्य करने के लिए

> ई-ऑफिस से विकास से संबंधित सभी विभागों को जोड़ा गया है, जिसकी निगरानी शासन स्तर से हो रही है। **- दद्दन कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी/ई-ऑफिस नोडल**

प्रेरित किया जा रहा है। कुछ कर्मियों ने ई-ऑफिस पर कार्य नहीं किया था जिससे उनका सितम्बर माह का वेतन बाधित किया गया है। फिलहाल अभी कुछ तकनीकी कारणों से पूरी तरह से ई-ऑफिस संचालन में दिक्कत आ रही है।

### दफ्तरों से घट रहा फाइलों का बोझ, जनता को भी राहत

बताते चलें कि इस ई-ऑफिस के संचालन से जहां दफ्तरों में फाइलों का बोझ कम हो रहा है। वहीं, आम जनमानस को भी राहत मिल रही है। किसी भी कार्य के लिए आम जनमानस को अब इस पटल से उस पटल पर चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ई-ऑफिस में फाइल इस पटल से उस पटल पर पहुंचती रहेगी। फाइल किस पटल पर है इसकी भी जानकारी मिलती रहेगी। इतना ही नहीं ई आफिस कार्यप्रणाली में कोई भी कर्मी किसी फाइल को रोककर नहीं रख सकता है, इसकी निगरानी शासन स्तर से होती रहेगी।

### शास्त्र व शस्त्र सनातन की परंपराः अरविंद सिंह

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विजयदशमी के अवसर पर शहर के एक मैरिज लॉन में राजपूताना शौर्य फाउंडेशन आर्यावर्त द्वारा विधिवत शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोगों ने सहभागिता की। फाउंडेशन के प्रदेश संचालक मंडल सदस्य एवं प्रदेश संरक्षक अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शास्त्र और शस्त्र सनातन धर्म की अनादि परंपरा हैं, जिन्हें आगे बढ़ाना आवश्यक है। शक्ति यदि धर्म से जुड़ी हो तो राम का अवतरण होता है, और जब अधर्म से जुड़ती है तो रावण और कंस का जन्म होता है। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, डॉ. आर. एन. सिंह, संघ जिला प्रचारक आशीष जी, बसंत सिंह मृत्युंजय सिंह, प्रीति प्रकाश, अर्चना सिंह, कुलदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# संतों के प्रति अमर्यादित भाषा के विरोध में विहिप ने दी तहरीर

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचारः** रविवार को विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के पदाधिकारी करौंदीकला थाने पहुंचे व एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। परिषद ने आरोप लगाया कि 2 अक्टूबर को क्षेत्र के अमरेमऊ स्थित बौद्ध विहार में आयोजित गोष्ठी के दौरान राईबीगो निवासी श्यामलाल निषाद ने संतों व भगवा ध्वज के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया।

पदाधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने सार्वजनिक मंच से भगवाधारी को "हरामी" कहकर संबोधित किया और हिंदू धर्म व साधु-संतों के प्रति अपमानजनक बातें कहीं। इससे न केवल धार्मिक

- अमरेमऊ बौद्ध विहार गोष्ठी में विवाद, विधायक ने किया विरोध

भावनाएं आहत हुईं बल्कि समाज में द्वेषपूर्ण वातावरण और अशांति फैलाने का प्रयास भी हुआ। घटना के दौरान मौके पर मौजूद विधायक राजेश गौतम ने आरोपी के बयान का तत्काल विरोध किया और उसका उद्बोधन रुकवाया। थाने पर तहरीर देने वालों में गिरीश उपाध्याय, राम सहाय दूबे, सच्चिदानंद पांडेय, अनुराग तिवारी, चित्रसेन, जोखन लाल सिंह, अजय उपाध्याय और प्रशांत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मनकापुर में 7 घंटे ठप रहेगी बिजली

**मनकापुर, अमृत विचार** :सोमवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 33 केवी सब स्टेशन राजापुर परसौरा की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। अवर अभियंता बृजनंदन यादव ने बताया कि राजापुर परसौरा वाया मेहनौन लाइन पर पेड़ों की डालियों की कटिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान करीब बीस हजार की आबादी प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि लगभग पांच सौ गांवों और मजरों में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### प्रतिमा विसर्जन के बाद किया गया भंडारा

**इटियाथोक** : गांधी आश्रम समिति गोंडा रोड इटियाथोक बाजार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा प्रतिमा रखी गई। उसके विसर्जन के बाद शनिवार की शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष राम उग्र तिवारी, प्रिंस मोबाइल शॉप, विवेक पांडे, राजेंद्र सोनी, विनोद सोनी, विशाल, ननकन सोनी, राजकुमार गुप्ता, रंजीत फल वाले, शिवराम सोनी, अंकित सोनी, सुधांशु तिवारी, प्रदीप सोनी, शंकर सोनी, निधान सोनी, संजय सोनी, देवी गुप्ता, सर्वेश शुक्ला सहित कमेटी मुकेश सम्मानित लोगों का सहयोग रहा।

### चौपाल 10 अक्टूबर को

**रुपईडीह, अमृत विचार**। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिशुनापुर बेलभरिया में आगामी 10 अक्टूबर को चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पंचायत सचिव प्रसून राज श्रीवास्तव ने बताया कि इस चौपाल को सफल बनाए जाने के लिए तैयारी की जा रही है।

### दो घरों से बैटरी चोरी

**रुपईडीह, अमृत विचार** : कौड़िया के बनगाई गाँव निवासी राम आशीष जायसवाल की जल जीवन मिशन के तहत निर्मित कमरे में रखा हुआ झटका मशीन का बैटरी तथा रमेश कुमार कनौजिया की रखी हुई बैटरी रात में कुछ लोगों ने चुरा लिया। घटना की सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि घटना की जाँच कर कार्रवाई किए जाने के लिए आर्य नगर चौकी प्रभारी को निर्देश दिया गया है।

### मंडी परिसर में अवैध पार्किंग से नाराजगी

**गोंडा, अमृत विचार** : गल्ला मंडी परिसर में अनावश्यक रूप से गाड़ियों को पार्किंग किया जा रहा है। जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ ऐसे लोग अपनी गाड़ी मंडी में लाकर खड़ी कर दे रहे हैं, जो ना तो व्यापारी हैं ना ही किसान इन पर मंडी प्रशासन रोक नहीं लग रहा है। मंडी परिसर में कई वाहन कई कई दिन खड़े रहते हैं। जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में कठिनाई हो रही है। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी प्रशासन इन पर जानबूझकर रोक नहीं लग रहा है। गेहूं का सीजन चल रहा है इन वाहनों से ट्रैकों के लोडिंग में समस्या आ रही है। व्यापारियों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### मोबाइल दुकान में युवक की पिटाई

**नवाबगंज** : कस्बे के पड़ाव मोहल्ले में शनिवार शाम करीब 07 बजे मोबाइल की दुकान में खड़े युवक फैसल को तीन दबंगों ने घेरकर बेरहमी से पीट दिया। पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के एसएमआई मार्केट में वह मोबाइल रिपेयर करवाने गया था। तभी आरोपी अनुराग तिवारी पुत्र उद्धव तिवारी निवासी पटपरगंज रोड नवाबगंज, जिगर सर्राफ पुत्र अज्ञात निवासी अशोकपुर और सदन सिंह पुत्र अज्ञात निवासी गोकुला आए और अपशब्द बोलते हुए उसे पीटने लगे। सूचना पाकर सीओ तरबगंज यूपी सिंह और थाना अध्यक्ष अभय सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति नियंत्रण में लाई। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### गृहस्थ जीवन ही सर्वोत्तम : ब्रह्माकुमारी अनामिका

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, परसपुर सेवा केन्द्र पर रविवार को आयोजित प्रवचन में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहन ने कहा कि गृहस्थ जीवन ही वास्तविक साधना स्थल है। परमात्मा हमें कर्मयोगी बनने की शिक्षा देते हैं, न कि कर्म संन्यासी बनने की। उन्होंने कहा कि गृहस्थाश्रम से बड़ा कोई आश्रम नहीं। परमात्मा भी गृहस्थों को ही कलयुग के अंत में सत्य ज्ञान देने आते हैं। माया या विकार बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि मनोवृत्तियों में होते हैं। यदि मन पवित्र है तो गृहस्थ जीवन भी तपोवन बन सकता है।

# मशीनें खराब, सुविधाएं नहीं, मरीज परेशान

**सीएचसी नवाबगंज**

संवाददाता, नवाबगंज, गोंडा

- एक्स-रे, ईसीजी और वॉटर कूलर ठप, दिव्यांग और आम शौचालय बंद, मरीज इलाज के लिए बाहर खर्च कर रहे पैसे

**अमृत विचार** : नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सिर्फ स्थानीय क्षेत्र ही नहीं बल्कि वजीरगंज, तरबगंज, बस्ती और गोंडा से भी सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं। बीते 22 सितम्बर से सीएचसी में एक्स-रे जांच ठप है। मरीज और तीमारदार अब बाहर की दुकानों पर 300 से 350 रुपये खर्च कर एक्स-रे करवा रहे हैं। शनिवार को विश्नोहरपुर के राम कुमार सिंह और महंगूपुर की अनीता को चिकित्सक ने चेस्ट एक्स-रे लिखा, लेकिन टेक्नीशियन महेश सत्संगी ने प्लेट न होने की बात कहकर जांच करने से मना कर दिया।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जुटे मरीज। अमृत विचार

टेली मेडिसिन विभाग की ईसीजी और बीपी मशीनें भी खराब हैं। गलत रीडिंग आने के कारण मरीजों की जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। सीएचसी परिसर में दिव्यांग शौचालय हमेशा बंद रहता है और आम शौचालय भी अधिकांश समय बंद रहता है। पेयजल सुविधा के लिए लगाया गया वाटर कूलर पिछले आठ महीने से खराब पड़ा है। इस स्थिति से मरीज और उनके तीमारदार परेशान हैं, क्योंकि सुविधाओं के बावजूद उन्हें इलाज के लिए खुद पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राम मोहन सिंह ने बताया कि एक्स-रे प्लेट की समस्या के लिए आदेश जारी कर दिया गया है। बीपी मशीन, ईसीजी मशीन और वाटर कूलर की मरम्मत अतिशीघ्र कराई जाएगी।

# पथ संचलन में दिखा शौर्य व अनुशासन

**गोंडा, अमृत विचार**ः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को आवास विकास में गोविंदम शाखा का तिकोनिया पार्क में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। ध्वज प्रणाम और शस्त्र पूजन के साथ विजयादशमी उत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। इसके बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें संघ की विचारधारा और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा हुई।


संघ शाखा में उपस्थिति स्वयंसेवक। अमृत विचार

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नगर संघचालक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संघ ने अपनी 100 वर्षों की यात्रा में सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि माना है। उन्होंने कहा कि संघ का अर्थ आज रेडी फॉर सेल्फलेस सर्विसर के रूप में भी देखा जाता है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ पांच प्रमुख संकल्पों समरसता, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक अनुशासन और स्वदेशी-को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धर्मेंद्र ने कहा कि बड़े झंझावातों और चुनौतियों के बावजूद सनातन संस्कृति का जीवित रहना संघ की कार्यशैली का परिणाम है। इस अवसर पर विभाग कार्यकारणी सदस्य राम प्रकाश, सह जिला कार्यवाह रणविजय, जिला प्रचारक सतीश, नगर कार्यवाह बी एन सिंह, नगर प्रचारक अमित, बस्ती प्रमुख आवास विकास अमित समेत अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# किशोर की गोली मारकर हत्या

## ढाबे पर करता था काम, पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार** : एक ढाबे पर काम करने वाला 15 वर्षीय बालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बालक के इस निर्मम हत्या से लोग हैरान हैं। बताया जाता है कि उसे काम के लिए बुलाने पर उसने मना कर दिया था। इसलिए नाराज व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। उसे मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

इटियाथोक के ग्राम भवानीपुर खुर्द के बंधूपुरवा मजरा निवासी मोहन(15) पुत्र शिव शंकर वर्मा गांधी चबूतरा स्थित संजय यादव के ढाबे पर मजदूरी करता था। शनिवार की शाम 6:30 बजे के आसपास ढाबे से थोड़ी दूर वह सड़क के किनारे जख्मी व बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर भवानीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज रविंद्र कुमार रमन ने पहुंच कर घायल किशोर को आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। इस घटना के बारे में भवानीपुर खुर्द पुलिस चौकी के प्रभारी रविंद्र कुमार रमन ने बताया कि किशोर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मृतक के पिता की तहरीर पर गांधी चबूतरा पर यूरिया पंप की दुकानदार महादेवा कला निवासी संदीप मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक के पिता ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि संदीप मिश्रा उसके लड़के को काम करने के लिए बुलाते थे तो उनका लड़का काम करने के लिए मना कर देता था। इसी बात को लेकर संदीप मिश्रा दुश्मनी रखते थे। शनिवार की शाम 6:00 बजे के आसपास उनके बेटे को बुलाकर ले गए और गोली मार दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। अभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है।


मोहन (फाइल फोटो)।

# 1600 मीटर दौड़ में शिवा चौहान ने मारी बाजी

**बेलसर, अमृत विचार** : सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन जगदम्बा शरण सिंह एजुकेशन इंस्टीट्यूट के मैदान में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन रविवार को हुआ। जूनियर बालक वर्ग 1600 मीटर दौड़ में शिवा चौहान ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर आकाश पांडेय तथा तीसरे पर मुकेश मौर्य रहे।

सीनियर बालक वर्ग में मनीष मौर्य प्रथम, अभिषेक यादव द्वितीय तथा मनीष पांडेय तृतीय नंबर पर रहे। तरबगंज जूनियर बालक वर्ग में शिवपूजन प्रथम, नीरज सिंह द्वितीय, मनोज कुमार तृतीय। सीनियर बालक वर्ग में गौतम निषाद प्रथम, शनि यादव द्वितीय तथा प्रिंस सिंह तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग जूनियर ब्लॉक तरबगंज कबड्डी में विजेता रही। उपविजेता टीम नीरज सिंह की रही। कबड्डी महिला जूनियर ब्लॉक बेलसर विजेता टीम सुभाष इंटर कालेज तथा उपविजेता सालमुन निशा की टीम रही। सीनियर कबड्डी महिला ब्लाक बेलसर विजेता टीम जगदम्बा शरण सिंह एजुकेशन इंस्टीट्यूट बेलसर। उपविजेता महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कालेज। महिला जूनियर कबड्डी ब्लाक तरबगंज में विजेता टीम शीतला प्रसाद सिंह कन्या इंटर कॉलेज विजेता रहा।


बेलसर के जगदम्बा शरण सिंह एजुकेशन इंस्टीट्यूट के मैदान में खिलाड़ी। अमृत विचार

- प्रतियोगिता में उपविजेता रहे आकाश पांडेय

इस दौरान पप्पू सिंह, विधानसभा प्रभारी सूर्य नरायन मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य सीपी सिंह, महाविद्यालय प्रभारी डॉ अनुराग सिंह, प्राचार्य डॉ गीता रानी यादव, सोनू सिंह, टिवंकल सिंह, डॉ नवीन सिंह, निरंकार सिंह, आशीष शुक्ला, देवीदयाल तिवारी, सुरेश नरायन चौबे, शारीरिक शिक्षक जितेंद्र झा, दिलीप सिंह, रजनीश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत, चचेरा भाई गंभीर

**धानेपुर, अमृत विचार** : आनन्द नगर बगुलही मार्ग पर शनिवार को सड़क हादसे में बाइक सवार चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

धानेपुर के ग्राम पंचायत डेबरी कला के प्रधान प्रतिनिधि फूलचंद तिवारी के मुताबिक ग्राम पंचायत के मजरा बेचई पुरवा निवासी मनोज कुमार अपने चचेरे भाई अन्नू कुमार के साथ बाइक से आनंद नगर बाजार गया हुआ था। वहां से वापस अपराह्न में चचेरे भाई बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। आनंदनगर बगुलही मार्ग पर सुग्गापुर के निकट पहुंचे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मनोज कुमार पुत्र सरवन कुमार (17) को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्नू पुत्र पवन कुमार को मेडिकल कॉलेज लखनऊ रिफर कर दिया। धानेपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**करनैलगंज, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र में एक 25 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का एक डेढ़ वर्ष का बच्चा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोंचा कासिमपुर के ग्राम कुंवरपुर अमरहा निवासी विनय की पत्नी मनीषा (25) को सुबह करीब 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, पारिवारिक कलह के चलते मनीषा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर भेजकर मामले की जांच कराई जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**परसपुर** : ग्राम रेक्सड़िया में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज में चौपहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मायके वालों का आरोप बहराइच जिले के थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी सुंदरी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में अपनी पुत्री सुमन की शादी रेक्सड़िया निवासी अनिल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की थी। विवाह के समय एक लाख रुपये नकद व एक बाइक दान-दहेज स्वरूप दी गई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालीजन चौपहिया गाड़ी की मांग को लेकर सुमन को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। थाना प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 11 अक्टूबर से शुरू होगा हनुमान जयंती महोत्सव

## कटरा कुटी धाम से निकलेगी कलश यात्रा

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार**ः पौराणिक सिद्ध पीठ कटरा कुटी धाम संत सुंदर दासपुरम में इस वर्ष भी हनुमान जयंती महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर को विशाल कलश यात्रा से होगा।

महंत स्वामी चिन्मयानंद दास महाराज ने बताया कि यह 19वां हनुमान जयंती महोत्सव है। कलश यात्रा प्रातः 9 बजे मंदिर प्रांगण से निकलकर शिवदयालगंज बाजार होते हुए अयोध्या नया घाट सरयू तट पहुंचेगी। श्रद्धालु सरयू जल भरकर लौटकर महायज्ञ शाला में कलश स्थापित करेंगे। इसके बाद भंडारे में प्रसाद वितरण होगा। 12 से 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायं 7 से 10 बजे तक कथावाचक मिथिला शरण पांडे महाराज द्वारा श्रीराम कथा होगी। 19 अक्टूबर को महायज्ञ पूर्णाहुति और विशाल भंडारा, 20 अक्टूबर को दीपोत्सव, 22 अक्टूबर को छप्पन भोग भंडारा व विचार गोष्ठी, 30 अक्टूबर को गोपाष्टमी गौपूजन, 31 अक्टूबर को अक्षय नवमी पर आंवला पूजन और 5 नवंबर को देव दीपावली व गुरु नानक जयंती मनाई जाएगी। धाम परिसर में रविवार को आयोजित हुई तैयारी बैठक की अध्यक्षता महंत स्वामी चिन्मयानंद दास महाराज ने की। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अरुण सिंह ने विभिन्न समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। तैयारियां जोरों पर हैं।


कटराकुटी धाम पर संत का स्वागत करते महंत चिन्मयानंद। अमृत विचार

## मक्का कलस्टर के लिए जमीन व किसानों का होगा सत्यापन

**गोंडा** : मक्का कलस्टर के लिए कृषकों की सूची व भूमि सत्यापन के लिए ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक की ओर से तहसीलदार तरबगंज को सत्यापन के लिए सूची भेजी गई है। मक्का कलस्टर के लिए कम से कम एक विकासखंड में 50 हेक्टेयर से अधिक जमीन आवश्यक होता है। मक्का कलस्टर निर्माण के लिए अथिस्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम लौवा टेपरा, विकासखंड बेलसर, तहसील तरबगंज ने आवेदन किया था। क्षेत्र को मिनी कलस्टर निर्माण के लिये प्रस्तावित किया गया था। प्रस्ताव में न्यूनतम 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में एक विशिष्ट फसल के लिए कलस्टर विकास की योजना प्रस्तुत की गई थी। प्रस्ताव के आधार पर कृषकों की भूमि की संलग्न सूची कुल 53 .6 हेक्टेयर का सत्यापन जाना है। जिला स्तरीय कलस्टर सुविधा इकाई की तीन सदस्यीय समिति द्वारा स्थल सत्यापन के उपरांत लौवा टेपरा ग्राम को मिनी कलस्टर के रूप में अनुशंसित किया जायेगा। मक्का कलस्टर निर्माण के आवेदक कुलदीप मिश्रा के आवेदन के बाद सत्यापन की कवायद शुरू हो चुकी है। ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक हरी किशोर वर्मा ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य है कृषकों को समूह में संगठित कर नवीनतम कृषि तकनीकों एवं संसाधनों का लाभ उपलब्ध कराना।

**आयोजन** | जयपुर से आए कलाकारों ने भक्ति भजन व नृत्य से बांधा समां

# भरत मिलाप देखकर सजल हुईं आंखें

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : नगर की प्रसिद्ध श्रीरामलीला में शनिवार की रात भरत मिलाप व मूर्ति स्वागत की लीला का भव्य मंचन हुआ। लीला के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। मंचन गाड़ी बाजार स्थित पुलिस चौकी के सामने किया गया।

गुड़ाही बाजार स्थित श्रीरामलीला भवन से दो दर्जन से अधिक देवी-देवताओं की झांकियां निकाली गईं। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता जानकी का विमान मेहंदीहाता, बजरंगनगर, नचनी होते हुए बाजार पहुंचा। जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं, आरती और भोग से स्वागत किया। रामलीला के संरक्षक व व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंघानिया ने आरती कर भगवान का स्वागत किया। इसके बाद बाजार के मुख्य मार्गों से झांकियों का भव्य जुलूस निकला। कार्यक्रम स्थल पर श्रीराम और भरत के मिलन का भावुक कर देने वाला दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर सभी की आंखें नम हो गईं।जयपुर, राजस्थान से आए कलाकारों ने भक्ति भजन, नृत्य-नाटिका और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांध दिया। कार्यक्रम देर रात तीन बजे तक चलता रहा।


राम के चरण पखारते भरत। अमृत विचार

मौके पर एएसपी राधेश्याम राय, कोतवाल तेजप्रताप सिंह, नगर चौकी प्रभारी राजीव कनौजिया सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। मोहित पाण्डेय, अशोक सिंघानिया, हितेश सिंह, अनुज जायसवाल, घनश्याम तिवारी, रितेश सोनी, रामचरित्र महाराज, विश्वनाथ शाह, कन्हैया लाल वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सिटी डायरी


कार्यालय में बैठक करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

### बूथ स्तर पर होगी पार्टी मजबूत तभी मिलेगी सफलता: राम प्रताप

**गोंडा** : रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन सभागार में हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के निर्देशों पर चलते हुए सभी बूथों पर मजबूती से काम करना है। अभी जहां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जिले में अच्छा प्रदर्शन करने की चुनौती है। इसलिए जब तक हम बूथों तक मजबूत नहीं होंगे तब तक हम राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी की अथक मेहनत में सहभागी नहीं बन पाएंगे। जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्य ब्रिजेश द्विवेदी, सुभाष चंद्र पांडे, संतोष सिंह, संतोष ओझा, सेवादल अध्यक्ष प्रदुम्न शुक्ला मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग ने शिविर लगाकर 22 हजार वसूले, 10 के काटे कनेक्शन

**गोंडा, अमृत विचार** : बिजली विभाग ने कैंप लगाकर बकाया बिजली का बिल वसूला तथा कई लोगों का कनेक्शन भी काटा है। रविवार को दुबहा बाजार उपखंड अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर विद्युत विभाग ने ग्राम पंचायत भगहरिया, मिताई में एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बकाया विद्युत बिलों की वसूली एवं उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना था। टी जी सेकंड अर्जुन कुमार पाल ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 18 उपभोक्ताओं ने अपना बकाया विद्युत बिल जमा किया, जिससे विभाग को लगभग 22 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके साथ ही विभाग द्वारा 10 उपभोक्ताओं के बिजली संयोजन को बिल जमा न करने के कारण कट कर दिया गया। वहीं, 5 उपभोक्ताओं ने नए विद्युत संयोजन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। शिविर में ग्राम प्रधान दिनेश सिंह उर्फ "विक्की", लाइनमैन रमेश कुमार, सुधांशु मिश्र एवं राहुल तिवारी सहित विद्युत विभाग के अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं को बिजली उपयोग से संबंधित जागरूकता भी प्रदान की गई तथा समय पर बिल जमा करने की अपील की गई। शिविरों से उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया । विभाग द्वारा आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।


देवीपाटन मंदिर के महंत कमलेश नाथ योगी।

### भारत हिंदू राष्ट्र था, है और रहेगा : कमलेश नाथ योगी

**गोंडा** : देवीपाटन शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी रविवार को गोंडा पहुंचे और एक निजी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए महंत मिथिलेश नाथ योगी ने हिंदू राष्ट्र घोषित करने पर कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र था, है और रहेगा। हिंदू राष्ट्र की घोषणा की जरूरत नहीं, देश पहले से हिंदू राष्ट्र है। हिंदू धर्म यहीं है तो भारत हिंदू राष्ट्र ही है। सर तन से जुदा करने के सवाल पर महंत ने कहा कि इस तरह के नारे और बयान देना गलत है। अपने अधिकार की लड़ाई लड़ना ठीक है, लेकिन ऐसी बात गलत है।


स्मारिका का विमोचन करते विधायक प्रेम नरायन पांडेय।

### बरियाडीह का मेला शुरू

**दुर्जनपुर घाट, गोंडार** : तरबगंज तहसील क्षेत्र में सैकड़ों वर्षों की परंपरा को संजोए बरियाडीह का सांस्कृतिक व धार्मिक मेला रविवार से शुरू हो गया। इस मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने किया। इससे पहले विधायक ने बरियाडीह मेले पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक व धार्मिक स्वरूप को संजोए रामलीला का मंचन होगा। यह मेला क्षेत्र का पौराणिक मेला माना जाता है। यहां बाहर के दुकानदार भी अपना व्यवसाय करते हैं। बच्चों के लिए झूले भी लगाए जाते हैं। इस अवसर पर विधायक प्रेमनरायन पांडेय, अध्यक्ष डॉ .सुरेश कुमार शुक्ला, रामनाथ सिंह एवं जगदंबा प्रसाद तिवारी ने संयुक्त रूप से स्मारिका का विमोचन किया।

# बहन-बेटियों की आबरू से खिलवाड़ किया तो खैर नहीं

## सीओ कैसरगंज ने जीआईसी गर्ल्स इंटर कॉलेज की बालिकाओं को दी मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी

जागरूकता

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के सिलसिले में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज में बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के तहत बहन-बेटियां बेझिझक होकर घर से स्कूल कॉलेज ही नहीं हर जगह स्वतंत्र होकर आ जा सकती हैं। किसी शरारतीतत्व द्वारा गंदी हरकत करने पर वीमेन हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112 एवं अपने नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं। अधिकारी ने कहा बहन-बेटियों की आबरू से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं है। इस मौके पर महिला आरक्षी, सब इंस्पेक्टर, बीट महिला पुलिस अधिकारी मौजूद रही।



बालिकाओं को महिला सशक्तीकरण की जानकारी देते सीओ कैसरगंज।

### बालिकाओं को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**बहराइच, अमृत विचार।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों द्वारा स्कूल कालेज में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं को मिशन शक्ति से संबंधित उनके अधिकार और साइबर क्राइम से बचने के उपाय की जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न कॉलेज, स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मिशन शक्ति जागरूकता अभियान व साइबर जागरुकता अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं, महिलाओं एवं स्थानीय लोगों को जागरुक किया गया। इस अवसर पर समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं क्या दिख रहा हूं के प्रति जागरूक किया गया इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वीमेन पावर लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) आदि व महिला सम्मान, नारी स्वावलंबन एवं शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र एवं महिला हेल्पडेस्क के कार्य, उद्देश्य और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

## दो तस्कर दबोचे, 2 किलो गांजा बरामद

**बलरामपुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.558 किलोग्राम गांजा, 11,300 नकद व एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक गिरीजेश तिवारी मय टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बोधीडीह-बनकटा मार्ग पर दबिश देकर अभियुक्त नित्यानंद शुक्ला व मंगलदेव को पकड़ा। नित्यानंद के पास से 1.332 किग्रा गांजा व 5300 रुपये, जबकि मंगलदेव के पास से 1.226 किलोग्राम गांजा व 6000 रुपये नकद मिले। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदबुद्धि युवक को चोर समझ पुलिस को सौंपा

**नवाबगंज, बहराइच।** नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा स्थित ग्राम राजापुर गांव में चोर की अफवाहें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर समझकर आम लोगों को गांव वाले निशाना बना रहे हैं रात को एक मंदबुद्धि का युवक जो अर्धनग्न अवस्था में था भोजन की तलाश में गांव में चला गया गांव वालों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया तथा रस्सी से बांध दिया पुलिस को सूचना दी गई मौके सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित संतलिया पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को ले कर जानकारी शुरू की तो युवक बोल भी नहीं रहा था।

### ग्राम प्रधान के निधन से शोक की लहर

**नवाबगंज, बहराइच।** विकासखंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत बिलासपुर निवासी ग्राम प्रधान का लंबी बीमारी के बाद लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। बताया जाता है कि प्रधान, ननकाऊ प्रसाद मौर्या पुत्र रामखेलावन उम्र 48 वर्ष ग्राम पंचायत चौगोई बिलासपुर विकास खंड नवाबगंज, बहराइच पहली बार प्रधान पद पर निर्वाचित हुए। वे दो साल से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। एक सप्ताह पहले उन्हें उपचार के लिए लखनऊ ले जाया गया था जहां पर उनकी मृत्यु हो गई।

### लाभार्थियों को मिलेंगे दो निःशुल्क सिलेंडर

**बलरामपुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य सरकार ने प्रदेश के लाभार्थियों को प्रति कनेक्शन दो एलपीजी सिलेंडर रिफिल निशुल्क प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य परिवारों में स्वच्छ ईंधन उपयोग बढ़ाना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को राहत देना है।

# संदिग्ध दशा में मिला महिला का शव

## छह माह पहले हुई थी शादी, पति-ससुर व सास समेत 5 पर केस

संवाददाता, पुरैना बाजार, बहराइच

**अमृत विचार।** शादी के महज छह महीने बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। थाना क्षेत्र के ग्राम श्रीनगर चौराहा में शनिवार की देर रात 23 वर्षीया पुष्पा मौर्या का शव फांसी के फंदे से झूलता मिला। मायके पक्ष ने दहेज प्रताड़ना के चलते आत्महत्या की आशंका जताई है। ग्राम पकड़िया पुरवा थाना पयागपुर निवासी ममता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने बेटी पुष्पा की शादी छह माह पहले रामबाबू मौर्या पुत्र जयप्रकाश मौर्या से यथोचित दहेज देकर की थी।



आरोप है कि शादी के कुछ ही दिन बाद पति, ससुर, सास और दो ननदें अन्नी व आरती अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। ममता देवी के अनुसार दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपितों ने पुष्पा के साथ लगातार गाली-गलौज और मारपीट की। बीती रात करीब 11 बजे दामाद रामबाबू ने फोन कर बताया कि आपकी बेटी ने फांसी लगा ली है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो पुष्पा का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर पति रामबाबू मौर्या, ससुर जयप्रकाश मौर्या, सास और दो ननदों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 85, 80(2) एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष रूप से की जा रही है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

## महिला को बोलेरो ने मारी टक्कर, मौत

**खैरीघाट, बहराइच।** जिले के थाना खैरीघाट अंतर्गत खेत देखने गई महिला को बोलेरो ने टक्कर मार दी जिसमें महिला के सिर में चोट आने से मौत हो गई। ग्राम पंचायत शिवपुर के मजरा टिकानपुरवा निवासी सफ़ीकुन पत्नी अनवर अली उम्र करीब 47 वर्ष की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रधान वारिस अली ने बताया कि मृतका शाम करीब 6 बजे अपने बेटे रिजवान के साथ गांव से करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित खेत देखने है थी वापस आते समय बेहड़ा की ओर से आ रहे अज्ञात बोलेरो वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे महिला के सर में चोट आ गई ।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने अपने निजी वाहन से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा ले गए जहां चिकित्सकों ने महिल को मृत घोषित कर दिया। सफीकुन के चार बेटे और पांच बेटियां हैं।

# चोरों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के लिए तत्पर : एसपी सिटी

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के गांवों में इस समय चोरों का आतंक लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। चोर आए दिन किसी न किसी गांव को अपना निशाना बनाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब सूचना पुलिस को मिलती है और पुलिस मौके पर पहुंचती है तो घटना महज अफवाह साबित होती है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने भी लोगों को जागरुक करते हुए अफवाह न फैलाने की अपील की थी। जबकि अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने शनिवार को फिर से आम जनमानस से अपील की है कि वह अफवाह पर ध्यान न दें। सही घटना होने पर पुलिस को जानकारी दें। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अफवाह फैलाने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में चोरों के आतंक की अफवाह इतनी अधिक फैली कि मामले में मुख्यमंत्री को दखल देते हुए बीते दिनों यह कहना पड़ा था कि चोरी के आरोप में पकड़े गए लोगों की संपत्ति जप्त कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने आशंका जताई थी कि चोरी की अफवाह फैलाकर लोगों में दहशत पैदा करने का कार्य कुछ लोग कर रहे हैं। ऐसे में उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। इसके बाद जनपद पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी थी। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील करते हुए कहा था कि अफवाहों पर ध्यान न दें। इस संबंध में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने लोगों से एक बार फिर अपील की है। उन्होंने कहा है कि गांव के इर्द-गिर्द चोरों के होने की अफवाह कुछ शरारती तत्वों की ओर से फैलाई जा रही है।

# स्वच्छता अपनाकर संचारी रोगों से करें बचाव

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** सीएमओ कार्यालय परिसर में शनिवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ विधायक बलरामपुर पल्टूराम द्वारा किया गया। उन्होंने फीता काटकर तथा वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया। कहा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता और स्वच्छता जरूरी है। प्रत्येक नागरिक को घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने, जलभराव रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को "संचारी एवं दस्तक शपथ" दिलाई गई, जिसमें सभी ने रोग नियंत्रण और जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित होगा। इस अवधि में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुखार सर्वे, मच्छर जनित स्रोतों की जांच, स्वच्छता जागरूकता एवं रोग नियंत्रण संबंधी गतिविधियाँ करेंगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डीएमओ राजेश पांडेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सिद्धार्थ गुप्ता, राम शंकर सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



संचारी रोग दस्तक अभियान की शुरुआत कराते सदर विधायक। अमृत विचार

# भेड़िए ने दो लोगों पर किया हमला ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में आदमखोर भेड़िए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की देर शाम रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित टेडीया ग्राम में जानवर ने एक महिला समेत दो लोगों पर हमला कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों की जान बचाते हुए जानवर का पीछा कर उसे घेरकर कर मारडाला। हमले में घायल लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टेडीया ग्राम में रहने वाली सुशीला उम्र 21 वर्ष शनिवार की देर शाम घर के बाहर टहल रही थी तभी भेड़िए ने उस पर हमला कर दिया। चीख सुनकर ग्रामीण दौड़े तो वो पास में स्थित रामकुमार के घर में घुसकर हमला कर दिया जिसके बाद उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। इस बीच मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे लाठी डंडों से पीटकर मारडाला। वहीं घायल रामकुमार ने बताया कि घर में भेड़िया घुस कर हम पर हमला किया। बता दें कि जिले में आदमखोर भेड़िये के आतंक से ग्रामीण काफी डरे-सहमे हुए हैं। वह आए दिन किसी न किसी को अपना शिकार बना रहा है।

उधर, इस मामले में जिले के प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह ने यादव ने बताया कि सियार ने दो लोगों पर हमला किया था। ग्रामीणों ने उसे मारडाला है।

# जीएसटी सुधार व्यापार के लिए मील का पत्थर

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** रविवार को सदर विधायक पल्टूराम के कैंप कार्यालय, ज्योति टाकीज के पास जीएसटी विधानसभा सम्मेलन के अंतर्गत व्यापारियों के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय तथा जीएसटी विशेषज्ञ व वरिष्ठ अधिवक्ता इंदु भूषण जायसवाल उपस्थित रहे। गोष्ठी का मुख्य विषय था "जीएसटी सुधार और उसका आमजन पर प्रभाव", जिसमें जिले के व्यापारी, उद्योगपति और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। वक्ताओं ने बताया कि जीएसटी सुधार से कर प्रणाली सरल हुई है, व्यापारिक पारदर्शिता बढ़ी है और आम जनता को राहत मिली है। व्यवसायी राजन जायसवाल ने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं और बीमा पॉलिसियों पर राहत मिली है।

उद्योग व्यापार मंडल के प्रीतपाल सिंह ने आर्थिक स्थिरता और बाजार में तेजी आने की बात कही। व्यापारी प्रमोद चौधरी ने कहा कि सुधार का असर अगले 15 दिनों में खुदरा बाजार में दिखेगा। सीए अनूप सर्राफ ने बताया कि डेयरी उद्योग लाभान्वित होगा और रमेश पाहवा ने ट्रैक्टर जैसी वस्तुओं के सस्ते होने का उदाहरण दिया। राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि जीएसटी सुधार देश की व्यापारिक रीढ़ को मजबूत कर रहे हैं और छोटे व्यापारियों को नई ऊर्जा दे रहे हैं। कार्यक्रम में जिले के कई प्रमुख व्यापारी व उद्योगपति उपस्थित रहे।



सम्मेलन को संबोधित करते श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय। अमृत विचार



11वीं शरीफ के जुलूस में शामिल अकीदतमंद। अमृत विचार

## अकीदत से निकाला गया 11वीं शरीफ का जुलूस

**उतरौला, बलरामपुर।** गौस पाक की याद में शनिवार को नगर में 11वीं शरीफ का जुलूस पूरे अकीदत और श्रद्धा के साथ निकाला गया। यह जुलूस शाहजहानी दरगाह से प्रारंभ होकर अपने पारंपरिक मार्गों हाटन रोड, नेहरू कॉलोनी, पुरानी पुलिस चौकी, जामा मस्जिद, बाबा मुहम्मद वली शाह की दरगाह, गोंडा मोड़ तिराहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा और नगर की मुख्य सड़कों से होता हुआ संपन्न हुआ। इस दौरान 11वीं शरीफ की महफ़िलें, नात और दरूद शरीफ की गूंज से नगर का वातावरण धार्मिक आस्था से भर गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने गौस पाक हज़रत शेख अब्दुल क़ादिर जिलानी रहमतुल्लाह अलैह के जीवन व शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा गौस पाक की शिक्षाएं इंसानियत और भाईचारे की अनोखी मिसाल हैं। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम, एकता और सहयोग का संदेश दिया।

## पीएम आवास योजना सर्वे शुरू, 14 अक्टूबर तक खुला रहेगा पोर्टल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत "आवास प्लस-24" सर्वे की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू हो गई है। पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के लिए पोर्टल को 10 दिनों के लिए खोला गया है। अब 14 अक्टूबर तक सर्वे कर्मी गांव-गांव जाकर पात्र लाभार्थियों का सर्वे करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जुलाई माह में पोर्टल बंद हो गया था लेकिन शासन के निर्देश पर इसे पुनः सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में समयबद्ध रूप से सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। ताकि कोई भी योग्य परिवार इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। सीडीओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा सर्वे में पारदर्शिता जरूरी है।

# राम-भरत मिलाप ने किया भाव-विभोर

**उतरौला, बलरामपुर।** नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला कमेटी उतरौला द्वारा परंपरागत भव्यता और धार्मिक उत्साह के साथ रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन संवत् 2082 (सन् 2025) के अंतर्गत 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक संपन्न हुआ। स्थानाधिपति मयंक गिरी महाराज, अध्यक्ष गोपाल मोदनवाल, महामंत्री आलोक गुप्ता व कोषाध्यक्ष श्यामजी कौशल ने बताया कि यह आयोजन नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक एकता का प्रतीक है। बारह दिनों तक चले मंचन में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का प्रस्तुतीकरण स्थानीय व बाहरी कलाकारों ने किया। विशेष आकर्षण के रूप में एकादशी तिथि को आयोजित राम -भरत मिलाप ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। बड़ी मस्जिद से लेकर ज्वाला महारानी मंदिर तक हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में शोभायात्रा निकाली गई। राम-भरत मिलाप स्थल पर दुखहरण नाथ मंदिर सेवा समिति, रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और नगर के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। भगवान श्रीराम व भरत के मिलन का दृश्य देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आयोजन को समाज में प्रेम, त्याग और भाईचारे की मिसाल बताया गया। रामलीला कमेटी ने कहा कि ऐसे आयोजन नगरवासियों को अपनी धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ते हैं।



राम-भरत मिलाप के दौरान मौजूद कलाकार व रामलीला कमेटी के लोग। अमृत विचार

# बंदर का बढ़ा सम्मान, गरीब वन्यजीव सह रहे अपमान

नारद नामा

चंपक वन के लोकसभा चुनाव में बंदर का आश्वासन लोगों को भा गया। उसने सभी कमजोर वन्य जीवों को शेर से सुरक्षा का भरोसा दिलाया। जंगल के चुनाव में जातिगत समीकरण कुछ ऐसा बना की बंदर को राजा का पद मिल गया। वन्य जीवों ने अपने नए राजा को फूल माला से लाद दिया। बंदर ने सभा में ऐलान किया कि शेर को अब किसी भी गरीब व कमजोर जीव का शिकार नहीं करने दिया जाएगा। चंपक वन में विकास की गंगा बहेगी सभा में मौजूद शेर को सभी के सामने शर्मसार होना पड़ा। वह सिर झुकाकर अपनी गुफा की ओर चला गया। ताज छिन जाने के बाद उसकी भूख प्यास मर गई। कुछ दिनों बाद शेर को भूख लगी तो वह गुफा से बाहर निकला। वह हिरण के बच्चे को गुफा की ओर घसीट ले गया। वन्यजीवों ने शेर के सक्रियता की खबर सुनी तो उनके रोंगटे खड़े हो गए। वे भाग कर राजा बंदर के पास पहुंचे। सभी ने बंदर को चुनावी एजेंडा पढ़कर सुनाया जिसमें जिक्र था कि शेर को किसी पर अत्याचार नहीं करने दिया जाएगा। बंदर ने वन्य जीवों को आश्वासन दिया कि वह परेशान न हो। हिरण के बच्चे को बचाना मेरी जिम्मेदारी है। इतना कहकर बंदर इस डाल से उसे डाल की ओर कूदने लगा। कूद फांद करते-करते वह शेर की गुफा के निकट पेड़ पर पहुंच गया। शेर से बंदर की नजर टकराई तो वह पेड़ के सबसे ऊपरी छोर पर पहुंच गया। बंदर का प्रयास कई घंटे तक चलता रहा और शेर ने हिरण के बच्चे को निवाला बना लिया। वन्यजीवों ने राजा बंदर को कोसा तो वह बोल पड़ा-आप लोगों ने मेरे प्रयास में कोई कमी देखी हो तो बताएं। मैंने कई घंटे तक प्रयास किया लेकिन हिरण के बच्चे को बचा नहीं सका, इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। उसकी मौत शहर के हाथों ही लिखी थी। कोई भी राजा ईश्वरीय व्यवस्था को नहीं बदल सकता। कहानी का तात्पर्य यह है कि बड़ी कुर्सी वाले धर्मा बाबू का हाल भी राजा बंदर की तरह है। समस्या कोई भी हो लेकिन हर किसी को उसके निस्तारण का आश्वासन वे जरूर देते है। राजा बंदर की तरह उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है। यहां तक की एक होमगार्ड भी उनका कहना नहीं मानता। उनकी पैरवी केवल फोन करने तक ही सीमित होती है। उनके पक्ष में मतदान करने वाले गरीब अब पछता रहे हैं। जातिगत समीकरण के खेल में फसी जनता पूरी तरह फेल हो चुकी है। आज तक जंगल में नाचते हुए मोर के दर्शन का सौभाग्य बहुत कम लोगों को ही मिला है। कुछ छुट भैया नेता उनके इर्द-गिर्द खीस निपोरे घूम रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि इस बार सत्ता दल उन्हें टिकट देकर चुनाव जिताएगा। लेकिन यह बात मुंगेरीलाल के सपने से अधिक कुछ नहीं प्रतीत होती है। इस कहानी का श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से कोई लेना-देना नहीं है। कहानी केवल छोटे बच्चों को प्रेरणा देने के लिए लिखी गई है, जिससे वह आगे चलकर पुरखों की गलती न दोहराएं। **...ना समझे वह अनाड़ी है...राकेश सिंह बलरामपुर से**

# झारखंडी सरोवर के सौंदर्यीकरण की जांची गुणवत्ता

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र स्थित प्राचीन झारखंडी मंदिर के समीप ऐतिहासिक झारखंडी सरोवर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरु' ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से परीक्षण करते हुए निर्माण कार्य में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंडी सरोवर नगर की सांस्कृतिक धरोहर है, जो धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों दोनों को लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लालचंद्र मौर्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि डी.पी. सिंह बैस, वर्क एजेंट विपिन यादव, ठेकेदार आनंद कुमार सिंह गुड्डू, गौरव मिश्र, शिवम मिश्र सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से कार्य की प्रगति का अवलोकन किया और आवश्यक सुधारों पर चर्चा की। डॉ. सिंह ने कहा कि नपा झारखंडी सरोवर को एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और जल्द ही नागरिकों को इसका लाभ मिलना शुरू होगा।



झारखंडी सरोवर का निरीक्षण करते नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

## करंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

**रेहरा बाजार, बलरामपुर।** ग्राम सभा अचलपुर रूप के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक डीसीएम पर रस्सी कसते समय ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान आबिद निवासी बहराइच के रूप में हुई है। वह एक निजी डीसीएम में खलासी के पद पर कार्यरत था। डीसीएम चालक ने बताया कि ट्रक बाबागंज में माल उतारने के बाद रेहरा बाजार होते हुए सादुल्लाह नगर की ओर जा रहा था। रास्ते में रस्सी ढीली हो जाने पर गाड़ी को साइड में रोककर आबिद को ऊपर भेजा गया। इस दौरान उसका हाथ ऊपर से गुजर रहे तार से छू गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे सीएचसी रेहरा बाजार पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. रविकांत ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**महराजगंज तराई, बलरामपुर।** महराजगंज तराई पुलिस टीम की मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम जारी है। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत ऋतुराज सिंह बालिका इंटर कॉलेज में चौपाल लगा योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडये के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम ने नरायन पुर गाँव में चौपाल लगाकर महिलाओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बताया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर डायल कर सहायता प्राप्त करें।पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102 आदि के बारे जानकारी दी गई।

# अनुचित व्यक्ति को एक पैसा भी न मिले: डीएम

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा बैठक में डीएम दीपक मीणा ने दिए निर्देश

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को पारदर्शी और समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित पर्यटन भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि योजना के अंतर्गत लगभग 5 लाख रुपये की धनराशि पात्र लाभार्थियों को दी जानी है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक रुपया सही व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह धन जनता की सहायता के लिए है, किसी अनुचित व्यक्ति को एक पैसा भी न मिले।



समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी दीपक मीणा व मौजूद अन्य। अमृत विचार

डीएम ने निर्देश दिया कि अब तक प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों की सघन जांच एक सप्ताह के भीतर पूरी की जाए। प्रत्येक तहसीलदार अपनी जिम्मेदारी से काम करें और यह सुनिश्चित करें कि मांगे गए सभी प्रमाण पत्रों मृत्यु प्रमाणपत्र, खतौनी, बैंक विवरण, व अन्य दस्तावेजों की पूर्ण जांच हो। उन्होंने कहा कि जांच कार्य में ई-परवाना पोर्टल और रियल टाइम खतौनी का उपयोग किया जाए, ताकि आवेदक के भूमि अभिलेखों की सटीक जानकारी प्राप्त हो सके और किसी भी फर्जीवाड़े की संभावना समाप्त हो।

### टेबल के नीचे कोई काम नहीं होना चाहिए

डीएम दीपक मीणा ने सख्त लहजे में कहा–टेबल के नीचे कोई काम नहीं होना चाहिए, टेबल के ऊपर ही काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना गरीब, किसान और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए है। इसे भ्रष्टाचार या पक्षपात का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा।

वहीं मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा ने बताया कि जिले में अब तक प्राप्त सभी प्रकरणों की सूची तैयार कर ली गई है। तहसील स्तर पर ई-परवाना और रियल टाइम खतौनी के माध्यम से सभी प्रार्थना पत्रों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट सत्यापित होते ही पात्र किसानों को सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध फर्जी भुगतान, लापरवाही या धन की हेराफेरी की शिकायत प्राप्त होती है, तो तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा किसानों को न्याय, राहत और सम्मान दिलाना है।

बैठक के अंत में डीएम दीपक मीणा ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें और यह सुनिश्चित करें कि 5 लाख रुपये की यह राशि केवल वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक ही पहुंचे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा की मंडल कार्यशाला संपन्न

**सिद्धार्थनगर :** भाजपा द्वारा डुमरियागंज ब्लाक सभागार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंडल कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज मणि त्रिपाठी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले 90 दिवसीय महाअभियान में संगठन का लक्ष्य हर घर तक स्वदेशी उत्पाद पहुंचाना है। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की सहभागिता से ही भारत आत्मनिर्भर बन सकता है। कार्यशाला नगर पंचायत कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अवधेश चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि मधुसूदन अग्रहरि ने कार्यकर्ताओं से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान मंडल संयोजक रमेश सोनी, धर्मराज वर्मा, अजय पांडेय, दिलीप उर्फ छोटे पांडेय, रघुनंदन पांडेय, वासुदेवधर दुबे, विष्णु श्रीवास्तव, अजय अग्रहरि, रामचंद्र यादव मौजूद रहे।

### खेल महोत्सव को लेकर हुई बैठक

**सिद्धार्थनगर :** डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कैंप कार्यालय में अपने प्रभारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा और इसे सफल बनाने की रूपरेखा तैयार करना रहा। बैठक में इंजीनियर मनोज वर्मा, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, डॉ. अरुण प्रजापति, अजय उपाध्याय, जयवर्धन तिवारी, बबलू सिंह, कमलेश चौरसिया, राजू पाल, प्रिंस शर्मा, विजय सिंह, अमरिंदर प्रताप सिंह, पहलवान पांडेय, संजय दुबे आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सांसद ने किया शुभारंभ

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित पर्यटन भवन से रविवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से 31 अक्टूबर का शुभारंभ किया गया। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने अभियान की शुरुआत करते हुए संचारी रोग निवारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए जनजागरूकता और स्वच्छता ही सबसे प्रभावी उपाय है।

कार्यक्रम से पहले जिलाधिकारी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सांसद ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, नगर निगम, पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग के वर्करों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को यह संकल्प कराया कि वे अपने गांव, वार्ड और मोहल्लों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और साफ-सफाई एवं स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

सांसद ने कहा कि घर-घर दस्तक अभियान-स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोग को हराना है" को सफल बनाने के लिए हर नागरिक को आगे आना होगा। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 में अब तक सिर्फ 21 इंसेफलाइटिस के मरीज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम हैं। यह प्रशासनिक प्रयासों और जन-सहयोग का परिणाम है। दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान विधायक विपिन सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र पांडेय, बीएसए रामेंद्र सिंह, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, पार्षद अजय राय, पार्षद रढनजन्य जुगनू सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# महापुरुषों की जयंती पर किया गया पौधरोपण

**आयोजन**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर अंतर्गत तिलकनगर वार्ड पकड़ी स्थित नगर पालिका के पार्क में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव सहित कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संस्कारों की अमर परंपरा को जोड़ने का संदेश दिया।

इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मां जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा होती हैं, उनके नाम पर लगाया गया पौधा न केवल पर्यावरण को संजीवनी देगा बल्कि हमें यह भी याद दिलाएगा कि हमें अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी विशेष अवसरों पर पौधरोपण करें और उसकी देखभाल को जिम्मेदारी बनाएं। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि हर नागरिक यदि साल में कम से कम एक पौधा लगाए और उसे अपने परिवार के सदस्य की तरह सींचे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरियाली भरा जीवन मिल सकता है। उन्होंने नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में इसी तरह पौधरोपण अभियान को लगातार आगे बढ़ाने की बात कही। इस मौके पर पूर्व नपा अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, सभासद फतेह बहादुर सिंह, शिव कुमार जायसवाल, जहीर सिद्दीकी, सभासद अनीता त्रिपाठी के प्रतिनिधि कृपाशंकर त्रिपाठी, उदयशंकर त्रिपाठी, नेहरू युवा केंद्र की पूर्व जिला समन्वयक साधना श्रीवास्तव, देवानंद श्रीवास्तव समेत लाल आनंद प्रकाश, केसी श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, मोहित, विजय श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, महेंद्र श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, दयाशंकर श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, संजय मिश्रा रहे।

### समाज हित ही सरकार की प्राथमिकता: मोहन

संवाददाता, कुशीनगर,

**अमृत विचार।** घटी जीएसटी मिला उपहार व्यापारी संघ की एक बैठक हाटा नगर स्थित एक मैरेज हाल में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा की हम सब व्यापारी हित और समाज हित की भलाई के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे, यही हमारी प्राथमिकता होगी। इस दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठठे लाल निगम, पूर्व विधायक रजनीकांत, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही, जिला मंत्री बाबूनन्दन सिंह, मुंशी सिंह, ब्लाक प्रमुख सुकरौली रंजना पासवान, मोतीचक ब्लाक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह, हाटा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, राम बचन सिंह, संजय सिंह मुन्ना, अखिलेश दास गुप्ता, जयप्रकाश जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे!



बैठक में मौजूद विधायक व अन्य ।

### संचारी रोग वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** 5 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान तृतीय चरण का विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर . द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



संचारी रोग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम व अन्य। अमृत विचार

# मिशन शक्ति अभियान के तहत संवाद कार्यक्रम का आयोजन



जागरूकता अभियान में शामिल महिलाएं व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में "मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0" के तहत जनपद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड ने गांवों में चौपाल लगाकर एवं बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर महिला सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।

साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न सहायता नंबरों का प्रचार-प्रसार कर पंपलेट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त एण्टी रोमियो टीम द्वारा बेवजह घूमने वाले युवकों को चेतावनी भी दी गई। वहीं मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने संवाद स्थापित कर महिलाओं व बालिकाओं को निःसंकोच पुलिस से संपर्क करने का भरोसा दिलाया।

# महिलाओं व बच्चियों के लिए पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



महिलाओं को जागरूक करती महिला कांस्टेबल।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश महिला सशक्तिकरण, एन्टी रोमियों व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ संतोष तिवारी के निर्देशन में रविवार को ग्राम नीबी दोहनी थाना शोहरतगढ. में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया। वहीं महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उप निरीक्षक राजकुमार यादव, मुख्य आरक्षी अविनाश सिंह, आरक्षी पवन मौर्या, कांस्टेबल उर्मिला देवी व मंजू सरोज उपस्थित रहें। वहीं इसी क्रम में रविवार को मिशन शक्ति केन्द्र थाना शोहरतगढ द्वारा पति-पत्नी विवाद में सुलह समझौता कराकर नव दंपति को एक साथ भेजा गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत परसा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–2026 दिनांक–06.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–08.10.2025 से 14.10.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत परसा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–14.10.2025 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पक्की सड़क से कामता के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 7,50,020 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट आदि सामग्री । | 100 |
| 2– | राकेश के घर से सुरेश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 6,22,636 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट आदि सामग्री । | 100 |
| 3 | पक्की सड़क से देवमणि दूबे के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4,15,462 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट आदि सामग्री । | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

ग्रा0पं0– परसा वि0खं0–कूरेभार जनपद–सुल्तानपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सोनौरा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/20225–2026 दिनांक–06.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सोनौरा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–08.10.2025 से 14.10.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत सोनौरा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–14.10.2025 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पक्की सड़क से लेकर कपिन्दर पांडेय के घर होते हुए विजेन्द्र पांडेय के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 15,59,080 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री । | 100 |
| 2– | खड़ंजा से लेकर लव दूबे के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 15,62,680 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री । | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

ग्रा0पं0– सोनौरा वि0खं0–कूरेभार जनपद–सुल्तानपुर

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, भदैया, सुलतानपुर

पत्रांक– जर्जर भवन / नीलामी / 752–57/2025–26 दिनांक 04–10–2025

**नीलामी विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर के पत्रांक–समग्र शिक्षा (निर्माण)/16740–43/2025–26 दिनांक–19.08.2025 एवं शासनादेश सं0–1503/68–05/2023–178–2021 दिनांक–04 अगस्त 2023 के आदेश क्रम में विकास खण्ड भदैया में स्थित परिषदीय प्रा0 उ0प्रा0/कम्पो0 विद्यालयों के जर्जर भवन, अतिरिक्त कक्षा कक्षों की नीलामी की जायेगी। विद्यालय के सम्मुख उल्लिखित नीलामी हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि के 10 प्रतिशत धनराशि की डीडी / नगद प्रतिभूति के रूप में संबंधित विद्यालय प्रबंध समिति के नाम, आवेदन पत्र, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छाया प्रति सहित दिनांक 08.10.2025 से 11.10.2025 तक प्रातः 10: 00 बजे से सायं 04: 00 बजे तक आवेदन ब्लॉक संसाधन केंद्र भदैया में जमा करना सुनिश्चित करें। नीलामी की कार्यवाही दिनांक– 15.10 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य विद्यालयवार ब्लॉक संसाधन केंद्र भदैया में की जाएगी। जिन जर्जर विद्यालयों की नीलामी हेतु तीन आवेदन से कम आवेदन प्राप्त होंगे उस जर्जर विद्यालय की नीलामी स्थगित करते हुए तिथि अग्रेतर बढ़ा दी जाएगी, आवेदन पत्र तथा नियम एवं शर्ते ब्लॉक संसाधन केंद्र भदैया से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदनकर्ता आवेदन के पूर्व सम्बन्धित विद्यालयों / भवनों का एक बार स्थलीय निरीक्षण अवश्य कर ले जर्जर भवन वाले विद्यालय का विवरण निम्नवत है

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि (रू0) | नीलामी हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 1 | उच्च प्राथमिक विद्यालय बालमपुर, अतिरिक्त कक्षा–कक्ष | 505731.07 | 50573.11 |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय बेला सदा, मूल भवन | 249939.41 | 24993.94 |
| 3 | कंपोजिट भदैया, मूल भवन | 126158.19 | 12615.82 |
| 4 | प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर, मूल भवन | 329523.29 | 32952.33 |
| 5 | प्राथमिक विद्यालय कुछमुछ, मूल भवन | 274739.31 | 27473.93 |
| 6 | कंपोजिट लोदीपुर, मूल भवन | 729417.60 | 72941.76 |
| 7 | प्राथमिक विद्यालय मीरानपुर, मूल भवन | 435512.43 | 43551.24 |
| 8 | प्राथमिक विद्यालय मिश्रपुर, मूल भवन | 323689.71 | 32368.97 |
| 9 | प्राथमिक विद्यालय पन्नाटिकरी, मूल भवन | 445935.94 | 44593.59 |
| 10 | प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर, मूल भवन | 732906.88 | 73290.69 |
| 11 | कंपोजिट सकवा, मूल भवन | 274739.31 | 27473.93 |
| 12 | उच्च प्राथमिक विद्यालय समीगंज, मूल भवन | 2361322.87 | 236132.29 |
| 13 | प्राथमिक विद्यालय उचहरा, मूल भवन | 805407.40 | 80540.74 |
| 14 | प्राथमिक विद्यालय माधवपुर मूल भवन | 850869.13 | 85086.91 |
| 15 | प्राथमिक विद्यालय तेरये II मूल भवन | 647479.29 | 64747.93 |

जर्जर भवन नीलामी ध्वस्तीकरण वाले विद्यालयों की बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को स्वयं के खर्चे पर मलवा एक सप्ताह के अन्दर हटाकर समतल कराना होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी और उसकी नीलामी प्रक्रिया स्वतः निरस्त हो जायेगी। नीलामी प्रक्रिया को स्थगित करने अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नीलामी समिति में निहित होगा।

(शिवशंकर मिश्र)
खण्ड शिक्षा अधिकारी भदैया, सुलतानपुर।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद हाटा (कुशीनगर)

पत्रांक– 508(iii)/न0पा0प0हाटा/2025–26 दिनांक:– 29 सितम्बर 2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद हाटा (कुशीनगर) में 15वा वित्त (सामान्य बुनियादी अनुदान)/राज्य वित्त आयोग की धनराशि से जनहित में निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्ययोजना की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय कुशीनगर द्वारा दिनांक–26.07.2025 को प्रदान कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग/नगर पालिका परिषद/आदि के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं दिनांक–15.10.2025 को दिन में 1 बजे तक निकाय कार्यालय पर पर आमंत्रित की जाती है और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा फार्म के साथ अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हाटा (कुशीनगर) के नाम से बंधक होगा अथवा कार्यालय में एम0ए0सी0–5 पर नगद धनराशि जमा करके रसीद संलग्न करना आवश्यक होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्णतः निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विनिश्चियन लोक निर्माण विभाग द्वारा कराने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। निविदा से सम्बंधित नियम व शर्तों की समस्त जानकारी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि लाख में | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र मूल्य कर सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल और आगनबाड़ी केन्द्र शिवराजपुर। वार्ड न0–02, अब्दुलहमीदनगर | 3.76 | 18800 | 400 | दो माह |
| 2 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल और आगनबाड़ी केन्द्र पिपरा शीतल उर्फ बकराबाद। वार्ड न0–02, अब्दुलहमीदनगर | 4.48 | 22400 | 450 | दो माह |
| 3 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण, प्लास्टरिंग व पेंटिग कार्य प्राईमरी स्कूल पगरा। वार्ड न0–08, कालिकारावनगर | 3.93 | 19650 | 400 | दो माह |
| 4 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण, प्लास्टरिंग व पेंटिग कार्य जूनियर हाई स्कूल पगरा। वार्ड न0–08, कालिकारावनगर | 3.21 | 16050 | 350 | दो माह |
| 5 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल और आगनबाड़ी केन्द्र सहबाजपुर। वार्ड न0–15, सहबाजपुर | 5.41 | 27050 | 550 | दो माह |
| 6 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल पोखरा टोला। वार्ड न0–15, सहबाजपुर | 2.83 | 14150 | 300 | दो माह |
| 7 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल बबूनी टोला। वार्ड न0–17, थरूआडीह | 3.52 | 17600 | 350 | दो माह |
| 8 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल और आगनबाड़ी केन्द्र कबिलसहां। वार्ड न0–20, गोपालनगर | 8.58 | 42900 | 850 | दो माह |
| 9 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल जगरनाथ टोला। वार्ड न0–20, गोपालनगर | 2.55 | 12750 | 250 | दो माह |
| 10 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल चिरईया टोला। वार्ड न0–20, गोपालनगर | 2.64 | 13200 | 250 | दो माह |
| 11 | निर्माण फर्श एवं टाईलीकरण कार्य प्राईमरी स्कूल और आगनबाड़ी केन्द्र बिचला टोला (थरूआडीह) वार्ड न0–22, ढाढ़ाखुर्द | 3.54 | 17700 | 350 | दो माह |
| 12 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल मिश्र ढाढ़ा वार्ड न0–01, बाघनाथ | 7.24 | 36200 | 750 | दो माह |
| 13 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल मुजहना रहीम वार्ड न0–02, अब्दुलहमीदनगर | 6.00 | 30000 | 600 | दो माह |
| 14 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल पिपरा शीतल उर्फ बकराबाद वार्ड न0–02, अब्दुलहमीदनगर | 5.14 | 25725 | 550 | दो माह |
| 15 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल सिरसिया। वार्ड न0–04, बुद्धनगर | 3.06 | 15300 | 350 | दो माह |
| 16 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल महादेव छपरा (मदिर टोला) वार्ड न0–05, पगरा | 3.68 | 18400 | 350 | दो माह |
| 17 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल अनुसूचित बस्ती। वार्ड न0–05 पगरा | 1.76 | 8800 | 200 | दो माह |
| 18 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल धरमौली। वार्ड नं0–08, कालिकाराव नगर | 1.74 | 8700 | 200 | दो माह |
| 19 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल बल्डीहा। वार्ड न0–13 स्वामी विवेकानंद नगर | 6.59 | 32950 | 650 | दो माह |
| 20 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट अपर प्राईमरी स्कूल बल्डीहा। वार्ड न0–13, स्वामी विवेकानंद नगर | 7.62 | 38100 | 750 | दो माह |
| 21 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल महुआरी। वार्ड न0–14, लोहियानगर | 8.24 | 41200 | 850 | दो माह |
| 22 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल मुजहना–1 वार्ड न0–15, सहबाजपुर | 3.91 | 19550 | 400 | दो माह |
| 23 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल मुजहना–2, वार्ड न0–15, सहबाजपुर | 1.11 | 5550 | 150 | दो माह |
| 24 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल सहबाजपुर। वार्ड न0–15, सहबाजपुर | 4.35 | 21750 | 450 | दो माह |
| 25 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट अपर स्कूल सहबाजपुर। वार्ड न0–15, सहबाजपुर | 2.67 | 13350 | 250 | दो माह |
| 26 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल बबूनी टोला। वार्ड न0–17, थरूआडीह | 4.07 | 20350 | 450 | दो माह |
| 27 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल चिरईया टोला। वार्ड न0–20, गोपालनगर | 4.96 | 24800 | 500 | दो माह |
| 28 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल थरूआडीह बिचला टोला। वार्ड न0–22, ढाढ़ा खुर्द | 8.21 | 41050 | 850 | दो माह |
| 29 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल ढाढ़ा खुर्द जेवनरहां। वार्ड न0–22, ढाढ़ाखुर्द | 6.21 | 31050 | 650 | दो माह |
| 30 | निर्माण बाउण्ड्रीवाल और गेट प्राईमरी स्कूल दुमहिया टोला। वार्ड न0–24, हरिटोला | 5.91 | 29550 | 600 | दो माह |
| 31 | निर्माण इण्टरलाकिंग व नाली दधिवल चौहान (पिच रोड) से श्रीनरायन कन्नौजिया के घर तक। वार्ड न0–07, महाराणाप्रताप नगर | 3.45 | 17250 | 350 | दो माह |
| 32 | निर्माण इण्टरलाकिंग व नाली रामअशीष सिंह के घर से टैरी धोबी व विद्यासागर यादव से ठाकुर गुप्ता के घर तक (देवरिया देहात)। वार्ड न0–07, महाराणा प्रतापनगर | 5.78 | 28900 | 600 | दो माह |
| 33 | निर्माण इण्टरलाकिंग व नाली रामजानकी मंदिर से बुद्धू चौहान के घर होते हुये रमेश चौहान के घर तक। वार्ड न0–07, महाराणाप्रतापनगर | 7.99 | 39950 | 800 | दो माह |
| 34 | निर्माण इण्टरलाकिंग व नाली रविन्द्र सिंह के घर से सीताराम सिंह के घर तक। वार्ड न0–17, थरूआडीह (बड़का टोला) | 7.99 | 39950 | 800 | दो माह |

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद , हाटा
(कुशीनगर)

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद हाटा
(कुशीनगर)



किताबें उन लोगों के लिए हैं, जो चाहते हैं कि वे कहीं और हों।
-मार्क ट्वेन, अमेरिकन राइटर

## ताकि दर्द न दे दवा

राजस्थान और मध्य प्रदेश में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। पहली मौत के बाद जांच में देरी और भी त्रासदीपूर्ण रही। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारी दवा नियंत्रण प्रणाली में गहरी खामियां हैं, यदि इन्हें समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो कहीं भी अत्यंत दारुण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। घटना के बाद कुछ राज्यों ने संदिग्ध कफ सिरप पर रोक लगाई, तो दवा निर्माण में अग्रणी आधा दर्जन से अधिक राज्यों में दवा उत्पादों की सघन जांच शुरू हो गई। केंद्र सरकार ने भी अपेक्षाकृत त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों और ड्रग कंट्रोलर्स की आपात बैठक बुलाई- यह स्वागतयोग्य कदम है, पर दीर्घकालिक सकारात्मक परिणाम तभी मिलेंगे, जब औपचारिक दिशा-निर्देशों पर ईमानदारी से कार्रवाई भी हो। सरकार द्वारा दवा निर्माताओं, वितरकों और विक्रेताओं के काम को सुगम करने के लिए जन विश्वास विधेयक के तहत ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 27D में फेरबदल का प्रस्ताव यदि कानून बना, तो पहले जिन गड़बड़ियों को गंभीर अपराध माना जाता था और जेल की सजा निश्चित थी, वे कृत्य केवल जुर्माने तक सीमित हो सकते हैं। यह बदलाव दवा सुरक्षा पर भारी असर डाल सकता है।

आज भारतीय बाजार में बिकने वाले दवा उत्पादों में से 20 फीसद से ज्यादा नकली हैं। 5 फीसद जेनेरिक दवाएं बेकार। पैरासिटामोल, ओआरएस घोल और सामान्य आई-ड्रॉप्स जैसी सैकड़ों सामान्य उपयोग की दवाएं संदूषित या अमानक हैं। हम दुनिया की 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' कहलाते हैं। देश में तीन हजार से अधिक दवा कंपनियां और लगभग 10,500 क्रियाशील दवा उत्पादक इकाइयां हैं। हम 185 से अधिक देशों को दवाइयां निर्यात करते हैं और 2030 तक अपने दवा बाजार को 130 अरब डॉलर के पार ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। इस प्रतिष्ठा और लक्ष्य को बचाने के लिए नियमों को सरल नहीं, बल्कि कठोर और प्रभावी बनाना होगा।

समस्या केवल उत्पादन स्तर की नहीं है; निगरानी, गुणवत्ता-परीक्षण और लाइसेंसिंग की ढीली व्यवस्थाएं भी जिम्मेदार हैं। कई बार जानलेवा बताई जाने वाली दवाओं को रिकॉल और रैपिड-अलर्ट दिशा-निर्देशों के तहत 24 घंटे के भीतर वापस नहीं लिया जा सका। सरकार के सामने अब दोहरी चुनौती है। दवा उद्योग को राहत देने के साथ उसकी विश्वसनीयता बनाए रखना और आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करना। ऐसे में सख्त नियमों के साथ प्रत्येक राज्य में आधुनिक प्रयोगशालाएं और त्वरित परीक्षण व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता है। ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या और प्रशिक्षण स्तर में भी सुधार लाना होगा और दवा-निर्माण से लेकर बिक्री तक की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल ट्रैकिंग से जोड़कर हर बैच का स्रोत और गुणवत्ता तुरंत जांचने योग्य बनाना होगा, ताकि दर्द न दे दवा, यदि सरकार सख्ती, पारदर्शिता और जवाबदेही को समान रूप से आत्मसात करना, देश की दवाओं तथा भारतीय दवा उद्योग की विश्वसनीयता को बचा लेगा।

### प्रसंगवश

## सांस्कृतिक परिधान और मानसिकता का प्रश्न

भारतीय समाज में परिधान केवल फैशन या आराम का विषय नहीं रहा, बल्कि पहचान, संस्कृति, धर्म और नैतिकता से जुड़ा प्रतीक माना गया है। विडंबना यह है कि जिन पुरुषों ने स्वयं पश्चिमी जीवनशैली और वस्त्रों को सहज रूप से अपना लिया है, वे ही महिलाओं पर 'भारतीयता' या 'धार्मिकता' के नाम पर पारंपरिक या अरबी पोशाक थोपने की सबसे ज्यादा आवाज उठाते हैं। भारत जैसे बहुलतावादी देश में परिधान सदा से विविध और परिवर्तनशील रहे हैं। मुगल काल में सलवार-कमीज, ब्रिटिश काल में पैंट-शर्ट और कोट, व्यापार और प्रवास के साथ अरब और फारस से आए बहुविध वस्त्र, इन सबने भारतीय परिधान संस्कृति को प्रभावित किया। अगर सदियों से वस्त्र विनिमय होता रहा है, तो महिलाओं के लिए 'शुद्ध भारतीय' या 'विशेष धार्मिक' पहनावे का दबाव ऐतिहासिक चेतना से मेल नहीं खाता।



उपेंद्र चौधरी
वरिष्ठ पत्रकार

आज अधिकांश भारतीय पुरुष ऑफिस, कॉलेज, सार्वजनिक जीवन और विदेश यात्राओं में जीन्स, सूट, टी-शर्ट या शर्ट-पैंट पहनते हैं। वे इसे 'व्यावहारिक' और 'सुविधा जनित' मानते हैं, लेकिन वही पुरुष जब महिलाओं की बात करते हैं, तो उनका स्वर सांस्कृतिक संरक्षक का हो जाता है। वे कहते हैं, "भारतीय नारी को सूट-साड़ी ही पहनना चाहिए।" "मुस्लिम महिला को बुर्का या अबाया पहनना चाहिए।" "लज्जा ही महिला की पहचान है।" यानी वैश्विकता पुरुषों के लिए आधुनिकता और महिलाओं के लिए नियंत्रण का उपकरण बन जाती है।

जब रीति-रिवाजों और धार्मिक मानदंडों की बात आती है, तो भारतीय पुरुष अक्सर धर्म का चयनात्मक सहारा लेते हैं। वे कुरान, वेद, पुराण या धार्मिक परंपराओं का हवाला देकर महिलाओं की पोशाक पर नियम थोपते हैं, जबकि स्वयं धार्मिक पोशाकों में नहीं रहते। सवाल उठता है कि अगर चूड़ीदार-कुर्ता या धोती-कुर्ता भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, तो पुरुष सूट-बूट, पैंट-शर्ट और टाई को क्यों अपना लेते हैं? अगर इस्लामी समाज में पर्दा धार्मिक मर्यादा है, तो पुरुषों के लिए कुरानी पोशाक अनिवार्य क्यों नहीं मानी जाती? यह चयनात्मक आस्था वस्त्रों से अधिक सत्ता का मसला है।

महिलाओं के कपड़ों को 'सम्मान', 'शुचिता' या 'इज्जत' से जोड़ देना भारतीय समाज की एक जड़ मानसिकता है, जबकि वस्त्र नैतिकता की कसौटी नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक परिवर्तनों का परिणाम होते हैं। भारत के संविधान ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और गरिमा को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया है। फिर परिधान का प्रश्न महिलाओं की स्वतंत्रता के बजाय पुरुषों की भावनाओं या धर्म की दीवारों से क्यों नापा जाए?

वस्त्र व्यक्तिगत पसंद और सामाजिक व्यवहार से तय हों, न कि लैंगिक नैतिकता से। धर्म का उपयोग आस्था के लिए हो, नियंत्रण के लिए नहीं। पुरुषों को अपनी आधुनिकता और महिलाओं की स्वायत्तता का एक समान सम्मान करना होगा। परंपरा थोपे जाने से नहीं, विकल्प दिए जाने से जीवित रहती है। जिस समाज में पुरुष आधुनिक कपड़े पहनकर 'भारतीय संस्कृति' या 'धर्म' का प्रमाण-पत्र बांटते हों, वहां समस्या वस्त्रों की नहीं, मानसिकता की होती है। वस्त्र कोई धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन परिस्थितियों और समय का प्रतिबिंब हैं, इसलिए असली सवाल यह नहीं कि महिलाएं भारतीय या अरबी वस्त्र पहनें, बल्कि यह है कि क्या पुरुष वही स्वतंत्रता महिलाओं को दे सकते हैं, जो स्वयं बिना अपराधबोध के भोग रहे हैं? संस्कृति की रक्षा महिलाओं के सीने या सिर पर वस्त्र डालकर नहीं, बल्कि उनके अधिकारों को सम्मान देकर होगी।

## यूएन में भारत की सदस्यता व वीटो का पेच





दिग्विजय सिंह
कानपुर

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत, ब्राजील, जापान को स्थायी सदस्यता के साथ ही वीटो पावर की ताकत देने पर पेच फंसा हुआ है। भारत को स्थायी सदस्यता देने का विरोध करता आया चीन भी अब उदार नजर आ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत, ब्राजील, जापान को स्थायी सदस्यता के साथ ही वीटो पावर की ताकत देने पर पेच फंसा हुआ है। भारत को स्थायी सदस्यता देने का विरोध करता आया चीन भी अब उदार नजर आ रहा है। अगर वास्तव में चीन समर्थन करता है, तो भारत स्थायी सदस्य बन जाएगा। अलबत्ता गलवान घाटी में हुए संघर्ष के बाद चीन और भारत के संबंधों में अविश्वास अब भी कायम है, हालांकि दोनों देशों की तरफ से इस अविश्वास को खत्म करने को लेकर लगातार प्रयास हो रहे हैं। सीमा पर विवाद खत्म करने के लिए भी प्रयास हो रहे हैं, लेकिन फिलहाल कोई ठोस परिणाम सामने आता नहीं दिख रहा है। गलवान घाटी में सैनिकों की तैनाती जारी है। इसमें सैनिकों की संख्या में कुछ कमी जरूर आई है। अहम यह है कि दोनों देशों में अविश्वास खत्म हो और पूर्ण भरोसा कायम हो। इसके लिए कूटनीतिक और शीर्ष स्तर पर प्रयास भी हो रहे हैं।

भारत के ज्यादातर प्रधानमंत्री अलग-अलग मंचों पर, यहां तक कि महासभा में भी परिषद में स्थायी सदस्यता का मुद्दा उठा चुके हैं। दुनिया के तमाम देशों ने भारत को स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन भी किया है, बावजूद इसके भारत को स्थायी सदस्यता पाने में सफलता नहीं मिल पाई है। भारत न सिर्फ खुद को स्थायी सदस्य बनाए जाने की वकालत कर रहा है, बल्कि ब्राजील, जापान और दक्षिण अफ्रीका के लिए भी स्थायी सदस्यता पर बल दे रहा है। भारत की स्थायी सदस्यता की राह में अब तक सबसे बड़ा रोड़ा चीन रहा है, हालांकि चीन ने भी भारत को यूएन में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कहकर हर किसी को चकित कर दिया है। चीन चाहता रहा है कि भारत को यदि सदस्यता मिले तो पाकिस्तान को भी स्थायी सदस्य बनाया जाए। पहला मौका है जब चीन ने ऐसी शर्त नहीं रखी है।

चीन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ज्यादा समावेशिता सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। यह बयान तब दिया गया, जब न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर ब्रिक्स देशों की बैठक हुई। इसमें रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने बयान में कहा कि ब्राजील, भारत और अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसके बाद चीन ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में भारत और ब्राजील की यूएन में ज्यादा भूमिका निभाने की आकांक्षाओं का समर्थन किया। ऐसा माना जा रहा है कि दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ लगा रहे अमेरिका को अलग-थलग करने के उद्देश्य से ही चीन ने भारत का समर्थन किया है।

चीन का यह बयान बदलते जियो-पॉलिटिक्स को दर्शाता है। साथ ही पाकिस्तान पर भी कूटनीतिक दबाव डालने का तरीका है, क्योंकि पाकिस्तान इस वक्त अमेरिका के करीब जा रहा है और अमेरिका से कई बड़े सौदे करने की तैयारी में है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख तीन बार अमेरिका का दौरा भी कर चुके हैं। चीन द्वारा भारत के समर्थन में दिए गए बयान का यह मतलब नहीं है कि वो भारत को यूएन में स्थायी सदस्य बनाने के लिए तैयार हो गया है। यह सही है कि इस दिशा में उसने कुछ कदम जरूर आगे बढ़ाया है। भारत को स्थायी सदस्यता और वीटो पावर मिलने का मतलब है कि चीन का दबदबा कम होना और भारत का उसके बराबर खड़ा हो जाना। भारत अपनी अर्थव्यवस्था, आबादी, सैन्य ताकत आदि के आधार पर परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग कर रहा है और उसकी मांग वाजिब भी है, लेकिन इस मांग पर भारत का समर्थन करने से पहले चीन को कई बार सोचना पड़ रहा है, क्योंकि पाकिस्तान से उसके रिश्ते प्रभावित होंगे।

खुद को एशिया के सबसे बड़े ताकतवर देश के रूप में मान्यता देने वाला चीन अब तक नहीं चाहता था कि वह सुरक्षा परिषद में भारत को अपने बगल में बैठाए, लेकिन न्यूयार्क में हुई ब्रिक्स देशों की बैठक में रूसी विदेश मंत्री के भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग का समर्थन करना सबको चकित कर गया। माना जा रहा है कि अब चीन, भारत को खुले दिल से समर्थन दे सकता है, लेकिन अभी यह वक्त की बात है। परिषद के चार स्थायी सदस्य रूस, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन बहुत पहले से ही भारत को स्थायी सदस्यता देने को तैयार हैं, लेकिन वे नहीं चाहते कि नए स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार मिले। बिना वीटो के स्थायी सदस्य बनने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। यही वजह है कि भारत लगातार कह रहा है कि ब्राजील, जापान और अफ्रीकी देशों को भी स्थायी सदस्यता के साथ वीटो का अधिकार दिया जाए अन्यथा परिषद लगातार कमजोर होता जाएगा।

चीन वास्तव में खुले मन से यदि परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन देता है, तो फिर भारत को इसमें शामिल होने से कोई रोक नहीं सकता है। अब पेच फंसा है, वीटो पावर को लेकर। भारत कूटनीतिक स्तर पर स्थायी देशों को तैयार करने पर लगा है कि वह उनका समर्थन वीटो पावर की ताकत के साथ करे। अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए कार्य करने वाले परिषद में 10 अस्थायी सदस्य और पांच स्थायी सदस्य हैं। अस्थायी सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी परिषद में भारत की सदस्यता का समर्थन किया है और भारत को बहुपक्षीय व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण आवाज बताया है। इससे यह संकेत मिलता है कि वे भी चाहते हैं कि भारत को स्थायी सदस्यता मिले, पर देखना यह है कि वीटो पावर के साथ स्थायी सदस्य भारत को खुले मन से स्वीकार कर पाते हैं या नहीं।

### आमने सामने



मोदी सरकार को बताना चाहिए कि आखिर रूस, जो कभी भारत का सबसे भरोसेमंद रणनीतिक सहयोगी था, अब पाकिस्तान को मदद क्यों दे रहा है। रूस ने पाकिस्तान के चीन निर्मित JF-17 फाइटर जेट्स के लिए एडवांस RD-93MA इंजन देने का फैसला किया है।
-जयराम रमेश
कांग्रेस प्रवक्ता

रूस ने उन खबरों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि मॉस्को पाकिस्तान को RD-93MA इंजन देने जा रहा है। यह सिर्फ अफवाह है और कांग्रेस के कम्युनिकेशन हेड ने फिर से भारत का साथ देने के बजाय दुश्मन का पक्ष ले लिया है।
-अमित मालवीय
बीजेपी प्रवक्ता



## सोने की बढ़ती कीमतें और निवेशकों की चिंता



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों ने जिस तरह लगातार ऊंचाइयां छुई हैं, उसने आम निवेशक और खरीदारों को उलझन में डाल दिया है।

भारत में सोना केवल एक धातु नहीं बल्कि संस्कृति, परंपरा और आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक है। भारत में सोने का महत्व केवल आभूषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुरक्षित निवेश और परंपरा का प्रतीक भी है। दीपावली जैसे शुभ अवसरों पर सोना खरीदना परंपरा रही है, लेकिन इस बार सोने की कीमतों ने आम निवेशक और खरीदारों की चिंता बढ़ा दी है। दीपावली जैसे शुभ अवसरों पर सोना खरीदना सौभाग्य और समृद्धि का सूचक माना जाता है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों ने जिस तरह लगातार ऊंचाइयां छुई हैं, उसने आम निवेशक और खरीदारों को उलझन में डाल दिया है। पिछले एक वर्ष में सोना-सितंबर 2024 में 24 कैरट सोने की कीमत लगभग 77,500 प्रति 10 ग्राम थी, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 1,02,000 तक पहुंच गई। अगस्त 2025 में यह दर करीब 1,05,170 हो गई और वर्तमान में (सितंबर 2025) यह 1,11,000 से 1,12,750 प्रति 10 ग्राम के बीच पहुंच चुकी है। यानी, पिछले बारह महीनों में सोने में लगभग 43–45 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़त देखने को मिली है। इतनी तेजी से बढ़ती कीमतों ने सवाल खड़ा किया है कि आखिर निवेशक अब क्या करें और कैसे निवेश करें, ताकि उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।

सोने की कीमतें क्यों बढ़ रही हैं, इसके पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारण जिम्मेदार हैं। वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता, अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और मध्य पूर्व सहित कई क्षेत्रों में भू-राजनीतिक तनाव ने सोने को 'सेफ हेवन एसेट' बना दिया है। निवेशक डॉलर और शेयर बाजार से हटकर सोने में पैसा लगा रहे हैं। त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग भी इस तेजी में योगदान दे रही है।

रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में असुरक्षा का माहौल बना दिया है। ऐसे समय में निवेशक सोने को सुरक्षित विकल्प मानते हैं, जिससे मांग बढ़ जाती है। अमेरिका और अन्य विकसित देशों में ब्याज दरों की अनिश्चितता और डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भी सोने की कीमतों पर पड़ता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना उपभोक्ता देश है और त्योहारों व शादी के सीजन में घरेलू मांग अचानक बढ़ने से दाम और ऊपर चले जाते हैं। महंगाई बढ़ने की स्थिति में सोना मुद्रास्फीति से सुरक्षा के रूप में काम करता है और यही कारण है कि निवेशक इसे और प्राथमिकता देते हैं।

ऐसे हालात में आम भारतीय निवेशक के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि वह सोने में निवेश कैसे करे? क्या महंगे आभूषण खरीदना ही एकमात्र विकल्प है या ऐसे अन्य रास्ते भी हैं, जिनसे सोने में निवेश सुरक्षित और किफायती ढंग से किया जा सकता है? विशेषज्ञों का मानना है कि आज के समय में निवेशकों को परंपरागत सोने की खरीदारी से हटकर आधुनिक विकल्पों पर ध्यान देना चाहिए।

इस स्थिति में लझन समझ में आती है। सीधे आभूषणों में निवेश करने से न केवल जेब पर भारी बोझ पड़ता है, बल्कि मेकिंग चार्ज और शुद्धता की समस्या भी बनी रहती है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि निवेशक सोने में नए विकल्पों को अपनाएं। सबसे बेहतर विकल्पों में गोल्ड ईटीएफ शामिल है, जिसमें आप छोटे-छोटे यूनिट्स खरीद सकते हैं और भौतिक सोने की सुरक्षा या चोरी की चिंता नहीं रहती। छोटे निवेशक डिजिटल गोल्ड का विकल्प चुन सकते हैं, जिसे सौ से भी खरीदा जा सकता है। वहीं गोल्ड म्यूचुअल फंड्स उन लोगों के लिए बेहतर हैं जो शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड्स से जुड़े हैं और विशेषज्ञों द्वारा प्रबंधित पोर्टफोलियो में निवेश करना चाहते हैं।

जिन्हें त्योहार पर शगुन या परंपरा निभानी है, वे छोटे सिक्कों या हल्के आभूषणों का विकल्प चुन सकते हैं, ताकि परंपरा भी निभ जाए और जेब पर अतिरिक्त बोझ भी न पड़े। निवेशकों को इस समय लालच से बचना चाहिए और अपनी कुल बचत का केवल 10–15 प्रतिशत हिस्सा ही सोने में लगाना चाहिए। इसे कम से कम 5–7 साल की लंबी अवधि के लिए रखना चाहिए, ताकि अल्पकालिक उतार-चढ़ाव का असर न हो। केवल सोने पर निर्भर रहने के बजाय इक्विटी, फिक्स्ड डिपॉजिट और बॉन्ड्स जैसे विविध निवेश विकल्प भी अपनाने चाहिए। साथ ही, यदि आपको लगता है कि कीमतें और बढ़ सकती हैं तो आंशिक खरीद अभी करें और बाकी निवेश धीरे-धीरे किस्तों में करें।

दीपावली पर सोने की बढ़ती कीमतें भले ही चिंता बढ़ा रही हों, लेकिन निवेशकों के पास कई समझदारी भरे विकल्प मौजूद हैं। भौतिक सोने की जगह ईटीएफ, डिजिटल गोल्ड चुनना ज्यादा सुरक्षित और किफायती है। पिछले एक साल में सोने की कीमतों में लगभग 45 प्रतिशत की तेजी यह संकेत देती है कि आने वाले समय में यह संपत्ति महंगी होती जाएगी। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि वे सोने को केवल आभूषण नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सुरक्षा कवच मानें और छोटे-छोटे कदमों में निवेश कर अपनी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में बढ़ती कीमतों से प्रभावित हुए बिना लाभ भी कमा सकें और परंपरा भी निभा सकें।

### सोशल फोरम

## 10 पन्नों की किताब, पढ़ने को चाहिए 20 करोड़ साल





ट्रवल प्वाइंट
फेसबुक

क्या आप जानते हैं कि एक ऐसी किताब भी है, जिसे कोई भी इंसान अपनी पूरी जिंदगी में कभी पूरा नहीं पढ़ सकता और उसमें सिर्फ 10 पन्ने हैं? 1960 में, फ्रेंच लेखक रेयमों क्वेनो (Raymond Queneau) ने शायद दुनिया की सबसे लंबी किताब पेश की थी। इसका नाम है Cent mille milliards de pomes यानी एक लाख अरब कविताएं। यह किताब मात्र दस पन्नों की है और हर पन्ने पर एक सॉनेट (Sonnet) छपा हुआ है। इन कविताओं की पंक्तियां एक ही तुकबंदी पैटर्न को साझा करती हैं और इन्हें स्ट्रिप्स (पट्टियों) पर छापा गया है, जिससे पाठक अलग-अलग सॉनेट की पंक्तियों को आपस में मिलाकर नई कविताएँ बना सकते हैं।

इस अनोखी संरचना की वजह से कुल संभावित संयोजनों की संख्या 10 यानी सौ लाख करोड़ (100 ट्रिलियन) बनती है। इसका मतलब यह है कि इस किताब में सौ लाख करोड़ अलग-अलग कविताएं हैं और इतनी सारी संभावनाओं को पढ़ना किसी भी इंसान के लिए नामुमकिन है। अगर कोई लगातार, बिना खाए-पिए, सोए या कुछ और पढ़े बिना, केवल यही किताब पढ़ता रहे, तब भी उसे सारी कविताएं पढ़ने में लाखों साल लग जाएंगे और यह सब केवल 10 पन्नों से निकलता है।

हर बार जब आप इन स्ट्रिप्स को मिलाते हैं, तो एक नई कविता बनती है, जिसमें सही स्टैंजा, लय और तुक होती है। सबसे रोचक बात यह है कि बहुत संभव है कि जो कविता आप बनाएंगे, वह इससे पहले किसी ने कभी नहीं पढ़ी होगी।

खुद क्वेनो ने कहा था कि अगर एक कविता पढ़ने में लगभग 45 सेकंड और अगली कविता तैयार करने में 15 सेकंड लगते हैं, तो सारी संभावित कविताएं पढ़ने में लगभग 20 करोड़ साल लगेंगे।



### सामयिकी

## पेपर लीक प्रकरण और परीक्षार्थियों का दर्द

उत्तराखंड में पेपर लीक मामले के विरोध में सड़कों पर आंदोलन कर रहे छात्रों में उस समय प्रसन्नता की लहर दौड़ गई जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं छात्रों के बीच पहुंचकर भर्ती परीक्षा रद्द करने के एलान के साथ-साथ मामले की जांच की मांग भी स्वीकार कर ली। राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड से आरंभ हुआ यह आंदोलन धीरे-धीरे उत्तराखंड के सभी तेरह जिलो तक फैल गया था। मामला 21 सितंबर को ग्रेजुएट लेवल की UKSSC की भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र के परीक्षा के दौरान बाहर आने का है, जिससे सालों से तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों का सड़कों पर उतरकर परीक्षा रद्द करने और सीबीआई जांच की मांग जायज थी।



बीना नयाल
लेखिका

किसी भी परीक्षण की पहली शर्त इसकी गोपनीयता, वैधता और विश्वसनीयता होती है, जिसे बनाए रखने की जिम्मेदारी परीक्षा आयोजित करने वाले आयोग की होती है। प्रश्न पत्र निर्मित के लिए स्थापित मानदंडों से कहीं ऊपर है शांत, सुचारु, विश्वसनीय और सुरुचिपूर्ण ढंग से सभी आवंटित सेंटरों में परीक्षाओं का आयोजन होना। पेपर लीक मामले ने सिस्टम के प्रति छात्रों में हताशा, निराशा और अविश्वास तो भरा ही है, लेकिन इससे ऊपर परीक्षा को रद्द न करना उनके आक्रोश का मुख्य कारण था।

उत्तराखंड व अन्य राज्यों में रोजगार के हालात किसी से छिपे नहीं है। यहां युवा सरकारी नौकरियों के लिए दुर्गम इलाकों में स्थित अपने घरों से दूर जाकर शहरी इलाकों में महंगे कोचिंग सेंटरों में मोटी फीस देकर रोजाना घंटों मेहनत करते हैं, तब जाकर चुनिंदा युवाओं की भर्ती की विभिन्न कठिन प्रक्रियाओं से गुजरने के पश्चात नौकरी लगती है। उत्तराखंड के अनेक युवा ऐसे भी हैं, जो खराब आर्थिक परिस्थितियों के कारण दिल्ली शहर में अपने संबंधियों के घर पर रहकर 15 से 20 हजार वेतन में नौकरी करने को विवश हैं। वे नौकरी के साथ उत्तराखंड राज्य आयोग के अधीन विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं और दोगुनी मेहनत करके सरकारी नौकरी का ख्वाब देख रहे हैं, क्योंकि सरकारी नौकरी महज उनके जीविकोपार्जन और भावी जीवन को बेहतर बनाने का ही सपना नहीं है, वरन् उनके माता-पिता व उनके लिए चिकित्सीय व अन्य सुविधाओं की भी गारंटी है।

ऐसे में पेपर लीक होना इन युवाओं के मनोबल को तोड़ने के साथ उन्हें आगामी परीक्षा की तैयारी के लिए हतोत्साहित भी करता है और कौशलविहीन छात्रों को महानगरों में जाकर कठिन परिस्थितियों में 15 से 20 हजार मासिक वेतन पर जीवन यापन को मजबूर भी करता है। पिछले कुछ वर्षों से वैसे भी सरकारी सेवा क्षेत्र में भर्तियों की संख्या क्रमशः घटती जा रही है, जिसका मुख्य कारण संविदा पर काम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति और बड़े-बड़े सेवा प्रदाता क्षेत्रों का निजीकरण होना भी है।

जो चुनिंदा भर्तियां निकलती भी हैं, तो उनमें भी अलग-अलग वर्गों के अनुसार उच्चतम आयु सीमा के कठोर मानदंड है, साथ ही प्रश्न पत्र के पैटर्न पूरी तरह उच्च स्तरीय वैचारिक कौशल और अनुप्रयोग आधारित हैं, जिसे हल करने के लिए गहन तैयारी, उच्च स्तर की एकाग्रता और पठन सामग्री की विविधता के साथ उसे पूर्ण समझ के साथ आत्मसात करना अनिवार्य है। यह अच्छी बात है कि सरकार ने पेपर लीक प्रकरण से उपजे रोष को देखते हुए पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में कमेटी गठित कर दी है, परंतु अब आयोग को चाहिए की शीघ्रतातीत पूर्ण पारदर्शिता और विश्वसनीयता से रद्द परीक्षा दोबारा आयोजित कराए, जिससे छात्रों का सिस्टम पर विश्वास बना रहे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# भरोसेमंद एसयूवी टाटा सिएरा का नया अवतार

**90** के दशक की मशहूर एसयूवी टाटा सिएरा भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक बार फिर हलचल मचाने को तैयार है। पेट्रोल और डीजल वर्जन केबाद, इलेक्ट्रिक मॉडल, लेवल 2 एडीएएस (एडवांस्ड ड्राइवर-असिस्टेंस सिस्टम) और ट्रिपल स्क्रीन फीचर्स के साथ लौट रही है। टाटा मोटर्स, हमेशा से अपनी मजबूत और भरोसेमंद एसयूवी के लिए जानी जाती है। टाटा अपनी लोकप्रिय कार 'सिएरा' को नए अवतार में वापस लाने की तैयारी में है। कंपनी इस बार इसे केवल एक कॉम्पैक्ट एसयूवी नहीं, बल्कि एक हाईटेक, प्रीमियम इलेक्ट्रिक और एडवांस्ड स्मार्ट मशीन के रूप में पेश करने की योजना बना रही है।

## लॉन्चिंग का समय

ऑटोमोबाइल बाजार की खबरों की माने तो टाटा मोटर्स इस नई सिएरा को अगले साल की शुरुआत में भारतीय बाजार में पेश कर सकती है। यह कदम कंपनी के लिए सिर्फ एक नई गाड़ी लॉन्च करने से कहीं अधिक ब्रांड की विरासत को आगे बढ़ाने और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में नेतृत्व दर्ज करने का अवसर है।

### क्यों है महत्वपूर्ण

टाटा सिएरा की वापसी भारतीय एसयूवी प्रेमियों के लिए एक भावुक पल होगा, क्योंकि एसयूवी के शौकीन लोगों के लिए यह कार 90 के दशक में बेहद लोकप्रिय थी।

- इलेक्ट्रिक वर्जन भारतीय ईवी मार्केट में एक नई दिशा दे सकता है।
- एडीएएस और ट्रिपल स्क्रीन जैसे फीचर्स इसे प्रीमियम सेगमेंट में सीधे प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।



## क्या कहना है एक्पर्ट का

टाटा मोटर्स की यह रणनीति उनके ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करेगी और उन्हें ग्लोबल ईवी बाजार में एक मजबूत स्थिति दिलाएगी। नई सिएरा सिर्फ एक एसयूवी नहीं होगी, बल्कि यह भारतीय बाजार में टेक्नोलॉजी, आराम और सुरक्षा का नया मानक सेट करेगी।

### ऑटो इंडस्ट्री एनालिस्ट

टाटा सिएरा का रीलॉन्चिंग सिर्फ एक कार का लॉन्च नहीं होना नहीं है, बल्कि यह भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नए युग की शुरुआत हो सकती है। इलेक्ट्रिक वर्जन के साथ इसकी शुरुआत और पेट्रोल-डीजल मॉडल के बाद में आगमन, इसे हर तरह के ग्राहकों के लिए आकर्षक और बेहतर विकल्प बना देगा। आने वाला साल एसयूवी और ईवी प्रेमियों के लिए रोमांचक साबित होने वाला है।



## सिएरा का इलेक्ट्रिक वर्जन

टाटा मोटर्स का निर्णय है कि यह नई सिएरा पहले इलेक्ट्रिक वर्जन के रूप में लॉन्च होगी। इसका मतलब है कि भारत में यह एसयूवी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। पेट्रोल और डीज़ल मॉडल बाद में बाजार में उपलब्ध होंगे। यह रणनीति टाटा मोटर्स को ईवी सेगमेंट में पहले स्थान पर लाने के साथ-साथ पर्यावरण और भविष्य की टेक्नोलॉजी में भी आगे बढ़ाएगी।

## हाई-टेक फीचर्स

### ट्रिपल स्क्रीन लेआउट

इन्फोटेनमेंट, ड्राइव डेटा और नेविगेशन के लिए तीन अलग स्क्रीन, जिससे इंटरफेस और राइड एक्सपीरियंस बेहतरीन होगा।

### लेवल 2 एडीएएस

इसमें लेन कीपिंग, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग, अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और ब्लाइंड-स्पॉट डिटेक्शन जैसे फीचर्स शामिल हो सकते हैं।

मॉडर्न डिजाइन : एयरोडायनामिक बॉडी, एलईडी लाइट्स, प्रीमियम इंटीरियर्स और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ मॉडर्न डिजाइन में उपलब्ध रहेगी।

### इंजन और परफॉर्मेंस

इलेक्ट्रिक वर्जन (ईवी) में हैरियर ईवी जैसा ड्यूल-मोटर सेटअप मिलने की उम्मीद है, जिससे इसे ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) क्षमता मिल सकती है। इसकी रेंज 500 किमी से ज्यादा होने की भी उम्मीद है।

### पेट्रोल वेरिएंट

इसमें नया डेवलप किया गया 1.5-लीटर टर्बोचार्ज्ड इंजन मिल सकता है, जो लगभग 168 पीएस की पावर और 280 एनएम का टॉर्क देगा।

*टाट की नई सिएरा में ग्राहकों को मिलने वाले फीचर्स इसे बाजार में एक अलग पहचान देने वाले साबित होंगे।*

### डीजल वेरिएंट

डीजल वेरिएंट में 2.0-लीटर डीजल इंजन मिलने की उम्मीद है, जो लगभग 170 पीएस की पावर और 350 एनएम का टॉर्क देगा।

### ट्रांसमिशन

ग्राहकों को 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प मिल सकता है।






## टिप्स

# बाइक सिर्फ सवारी नहीं, एक एहसास है... रखें इसका भी ख्याल

*बहुत से लोगों के लिए 'बाइक' सिर्फ एक जगह से दूसरी जगह जाने का जरिया नहीं होती, बल्कि एक इमोशनल अटैचमेंट होता है। दोस्तों के साथ शाम की सैर हो या किसी शादी-ब्याह में स्टेशन से मेहमानों को लाना हो। हर वक्त बाइक साथ निभाती है। यहां तक कि अगर मूड खराब हो, तो ठंडी हवा खाने के लिए भी यही साथी बन जाती है। क्या कभी सोचा है कि जितनी वफादारी से बाइक आपका साथ देती है, क्या आप उतनी ही ईमानदारी से उसकी देखभाल करते हैं? क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही उसके इंजन को नुकसान पहुंचा सकती है। इंजन को बाइक का दिल माना जाता है। अगर ये ठीक न रहे, तो पूरी मशीनरी पर असर पड़ता है और मरम्मत में जेब भी हल्की हो जाती है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि इंजन ऑयल कब बदलना चाहिए, ताकि आपकी बाइक हमेशा फिट और फास्ट बनी रहे।*

### इंजन से तेज आवाज आना

आपकी बाइक का इंजन पहले से ज्यादा आवाज करने लगे, तो यह संकेत हैं कि बाइक का इंजन ऑयल बदलने का समय आ गया है, क्योंकि नया ऑयल इंजन के पाट्र्स पर सेफ्टी लेयर बनाता है, जिससे धातु के पुर्जे आसानी से चल सकें। जब यह लेयर कमजोर हो जाती है, तो पुर्जों में घर्षण बढ़ जाता है और इंजन की आवाज तेज हो जाती है।

### इंजन का जल्दी गर्म होना

आपकी बाइक थोड़ी देर चलाने पर ही गरम होने लग जाती है, तो यह संकेत है कि इंजन ऑयल या तो कम हो गया है या खराब हो चुका है। खराब ऑयल इंजन को पर्याप्त लुब्रिकेशन नहीं देता, जिससे इंजन पर ज़ोर पड़ता है और डैमेज का खतरा बढ़ जाता है। यह बाइक की इंजन की लाइफ पर भी असर डालता है।



### बाइक की स्पीड कम होना

अगर आपकी बाइक पहले जैसा स्पीड और जैसी स्मूद राइड नहीं दे पा रही है और ज्यादा एक्सीलरेटर देने पर भी स्पीड नहीं बढ़ रही? यह संकेत है कि इंजन ऑयल अपना असर खो चुका है। कम लुब्रिकेशन से पावर आउटपुट घट जाता है, जिससे बाइक की परफॉर्मेंस डाउन हो जाती है।

### ऑयल लेवल कम दिखना

बाइक के इंजन ब्लॉक के साइड में बनी छोटी सी खिड़की से ऑयल लेवल देखा जा सकता है। अगर तेल का स्तर मिनिमम मार्क से नीचे चला गया है तो बिना देरी किए बाइक के इंजन का ऑयल चेंज करवा लें। इंजन की सेहत जांचने का यह सबसे आसान और भरोसेमंद तरीका है।

### ऑयल का रंग बदल जाना

नए इंजन ऑयल का रंग हल्का भूरा होता है, जबकि पुराना ऑयल काला और गाढ़ा हो जाता है। अगर डिपस्टिक या उंगली से जांचने पर ऑयल खुरदुरा लगे या उसमें छोटे-छोटे कण दिखाई दें, तो ये साफ संकेत है कि अब ऑयल बदलने का वक्त आ गया है।

# सफर में कार की बैटरी डेड होने पर अपनाएं ये आसान ट्रिक्स

कार किसी भी सफर को आरामदायक और यादगार बनाती है, लेकिन अगर बीच रास्ते में इंजन अचानक बंद पड़ जाए और कार स्टार्ट न हो, तो यह किसी भी ड्राइवर के लिए तनाव भरा पल बन जाता है। खासकर तब, जब आप किसी सुनसान जगह पर हों और मदद के लिए आसपास कोई भी इंसान न दिखे। अक्सर यह परेशानी कार की बैटरी डेड होने की वजह से होती है। बैटरी खत्म हो जाने पर गाड़ी स्टार्ट नहीं होती और लोग घबरा जाते हैं। यह हमेशा हमारी जरा सी लापरवाही की वजह से हमको इस स्थिति से दो-चार होना पड़ता है। सफर में गाड़ी जब भी बंद हो जाए या बैटरी डेड हो जाए तो हमको घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है। ऐसे में कुछ आसान और कारगर उपाय अपनाकर आप अपनी कार को खुद स्टार्ट कर सकते हैं और इस मुश्किल हालात से आसानी से बाहर निकल सकते हैं। आज हम आपको वह टिप्स बताते हैं, जिनको अपनाकर आप डेड बैटरी के कारण सफर के बीच में बंद हुई कार को स्टार्ट कर सकते हैं। आइए जानते हैं वो ट्रिक्स-

### धक्का देकर करें स्टार्ट

कार को धक्का देकर स्टार्ट करना सबसे पुराना, लेकिन आज भी असरदार तरीका है। सबसे पहले गाड़ी को न्यूट्रल गियर में डालें और इग्निशन ऑन करें। अब किसी साथी से कहें कि वो कार को पीछे से धक्का लगाए। जैसे ही कार थोड़ी रफ्तार पकड़ ले, क्लच दबाएं, दूसरे या तीसरे गियर में डालें और धीरे-धीरे क्लच छोड़ दें। अक्सर पहली या दूसरी कोशिश में ही इंजन चालू हो जाता है। यह तरीका खासतौर पर मैनुअल ट्रांसमिशन वाली कारों में काम करता है।

### जंपर केबल का करें प्रयोग

अगर आपके पास जंपर केबल है और आसपास कोई दूसरी गाड़ी मौजूद है तो यह सबसे आसान समाधान है। दोनों गाड़ियों को पास-पास खड़ा करें और ध्यान रखें कि दोनों के इंजन बंद हों। अब जंपर केबल को दूसरी कार की बैटरी से जोड़कर अपनी गाड़ी की बैटरी में लगाएं। इसके बाद कार को स्टार्ट करने की कोशिश करें। ज्यादातर मामलों में इंजन तुरंत चालू हो जाता है। इसलिए एक्सपट्र्स सलाह देते हैं कि कार में हमेशा जंपर केबल रखना चाहिए, ताकि ऐसी स्थिति में परेशानी न हो।





### एक्सपर्ट की सलाह

ऑटो एक्सपट्र्स का कहना है कि अगर आपकी कार लंबे समय तक पार्क रहती है या रोजाना इस्तेमाल में नहीं आती, तो बैटरी जल्दी कमजोर हो जाती है। ऐसे में समय-समय पर इंजन चालू कर बैटरी को एक्टिव रखना जरूरी है। इसके अलावा, लाइट, म्यूजिक सिस्टम या एसी चालू छोड़कर इंजन बंद न करें, क्योंकि इससे बैटरी पर अतिरिक्त लोड पड़ता है।

### कार स्टार्ट होने के बाद करें ये काम

अगर आपकी कार धक्का देकर या जंपर केबल से स्टार्ट हो गई है, तो उसे तुरंत बंद न करें। कम से कम 20 से 30 मिनट तक चलाएं या थोड़ी दूरी तक ड्राइव करें। इससे बैटरी दोबारा चार्ज हो जाएगी। इसके बाद बैटरी की स्थिति जांच लें। अगर वोल्टेज कम है या चार्ज जल्दी खत्म हो रहा है, तो नई बैटरी लगवाना ही बेहतर विकल्प रहेगा। इससे आगे ऐसी समस्या दोबारा नहीं होगी।

## अगले सप्ताह टीसीएल व एलजी का आईपीओ

**नई दिल्ली।** दो प्रमुख कंपनियां टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल)और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड अपने आईपीओ पेश करने की तैयारी में हैं, जिनका मूल्य 27,000 करोड़ से अधिक है। ये आईपीओ ऐसे समय आ रहे हैं, जब व्यापक इक्विटी बाजार में तनाव के बावजूद, भारतीय प्राथमिक बाजार में तेजी है। वर्ष 2025 में कुल 78 कंपनियां पहले ही आईपीओ के जरिये मुख्य बाजार में प्रवेश कर चुकी हैं, और इस महीने कई निर्गम आने की योजना है।

अमृत विचार
अयोध्या, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## वेदांता 13,226 करोड़ निवेश से करेगा विस्तार

**नई दिल्ली।** अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाली वेदांता लिमिटेड वित्त वर्ष 2027-28 तक अपनी एल्युमीनियम क्षमता को 31 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) तक बढ़ाने के लिए 13,226 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी की वर्तमान क्षमता 24 लाख टन प्रति वर्ष है। सूत्रों ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम को अपनी वृद्धि रणनीति के केंद्र में रख रही है और एक विस्तार योजना के तहत वित्त वर्ष 2027-28 तक इसकी क्षमता 31 लाख टन प्रति वर्ष हो जाएगी। कंपनी इस विस्तार के लिए अगले कुछ वर्षों में 13,226 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। वेदांता घरेलू बाजार में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ देश की अग्रणी एल्युमीनियम उत्पादक है।

## एडब्ल्यूएल चाहता है 10% से अधिक राजस्व वृद्धि

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल और अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाली एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड को बेहतर उपभोक्ता मांग के चलते चालू वित्त वर्ष में राजस्व सालाना आधार पर 10% से अधिक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी का राजस्व 2025-26 में 63,672.24 करोड़ रुपये था। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड, जिसे पहले अडाणी विल्मर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाद्य तेल और खाद्य उत्पाद बेचती है। कंपनी ने हाल में दो बड़े ब्रांड कोहिनूर और टॉप्स का अधिग्रहण किया है। एडब्ल्यूएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंग्शु मलिक ने बताया कि खाद्य तेल व्यवसाय और एफएमसीजी का राजस्व चालू वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ेगा। हमने पिछले वित्त वर्ष में 63,000 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हम मूल्य के लिहाज से 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करेंगे।

## इलेक्ट्रॉनिक घटक से मूल्यवर्धन होगा दोगुना

**नई दिल्ली।** गैर-अर्धचालक इलेक्ट्रॉनिक घटकों के लिए भारत की पहली योजना के तहत मिले रिकॉर्ड प्रस्तावों से अगले पांच वर्षों में स्थानीय मूल्यवर्धन दोगुना होकर 40% तक हो सकता है। उद्योग निकाय एल्सीना ने यह अनुमान जताया। इलेक्ट्रॉनिक्स घटक निर्माताओं के निकाय ने राज्य सरकारों से केंद्र की इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) का समर्थन करने के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ाने का आग्रह किया है। ईसीएमएस को 1.15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो योजना के तहत 59,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य से दोगुने से भी अधिक है।

# आर्थिक आंकड़े शेयर बाजार को करेंगे प्रभावित

## वैश्विक रुझानों और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस के तिमाही नतीजों पर होगी निवेशकों की नजर

- निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई

नई दिल्ली, एजेंसी



विश्लेषकों के मुताबिक इस सप्ताह शेयर बाजार में कारोबारी धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस के तिमाही नतीजों से तय होगी। कारोबारी विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) सितंबर माह में बिकवाल बने रहे । उन्होंने भारतीय इक्विटी से 23,885 करोड़ रुपये बेच दिए हैं, जो अब तक जारी है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के आय सत्र की शुरुआत हो रही है, और आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टीसीएस नौ अक्टूबर को अपने नतीजे घोषित करेगी। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर, एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के साथ ही बैंकिंग क्षेत्र के ऋण और जमा वृद्धि के आंकड़ों पर कड़ी नजर रहेगी।'' इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशकों की नज़र रहेगी। ऑनलाइन कारोबार फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि व्यापक संकेतों के स्थिर होने के साथ ही बाजार का ध्यान दूसरी तिमाही की आय और प्रबंधन की टिप्पणियों पर जाएगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई।

### शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी 74,573 करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 74,573.63 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई। एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को फायदा हुआ, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इंफोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

### एफपीआई ने सितंबर माह में 23,885 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने की 2025 में कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये की निकासी

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सितंबर में भारतीय इक्विटी के शुद्ध विक्रेता बने रहे। इस दौरान उन्होंने 23,885 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, और इस साल अब तक उन्होंने कुल 1.58 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली के बाद यह निकासी का लगातार तीसरा महीना है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख, प्रबंधक अनुसंधान हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हालिया बिकवाली कई कारकों से प्रेरित थी, जैसे अमेरिका का भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाना और एच-1बी वीजा पर एकमुश्त एक लाख अमेरिकी डॉलर की शुल्क वृद्धि। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिरने से मुद्रा जोखिम भी बढ़ा, जबकि भारतीय इक्विटी के अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन के चलते एफपीआई ने दूसरी एशियाई बाजारों की ओर रुख किया। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा बिकवाली के बावजूद स्थितियां धीरे-धीरे भारत के पक्ष में हो सकती हैं। एंजेल वन के वरिष्ठ फंडामेंटल विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि मूल्यांकन अब अधिक उचित हो गए हैं और जीएसटी दरों में कटौती तथा वृद्धि समर्थक मौद्रिक नीति जैसे कारक विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी को एक बार फिर जगा सकते हैं।

## कई कारकों से सोने के दाम अस्थिर रहने का अनुमान

- अमेरिका के वित्त पोषण विधेयक श्रम बाजार के आंकड़ों व फेडरल रिजर्व के बयानों पर रहेगा ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी सप्ताह में सोने के दाम अस्थिर रह सकते हैं, क्योंकि निवेशक अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक, श्रम बाजार के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के बयानों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने कहा कि गुरुवार को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण जारी होने से भी सर्राफा बाजार की धारणा प्रभावित होने की संभावना है।

जेपीएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि आगामी सप्ताह अपेक्षाकृत कम आंकड़ों वाला है, लेकिन अस्थिरता ज्यादा रहने की उम्मीद है। मुनाफावसूली बढ़ सकती है, जिसके बाद नए सिरे से खरीदारी भी हो सकती है। आंकड़ों के मोर्चे पर श्रम बाजार व फेडरल रिजर्व की टिप्पणी पर फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के भाषण पर भी ध्यान होगा। मेर ने कहा कि सोने की कीमतों में 3.5 से 4% और वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी कमजोर अमेरिकी डॉलर और आंशिक अमेरिकी सरकार के बंद होने की चिंताओं से हुई है, जिससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के जारी होने में देरी हुई है। बाजार सहभागी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर भी विचार कर रहे हैं।



### भारत में सोने-चांदी का आयात लगभग दोगुना

शुक्रवार को सोना 1,18,113 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ, जो इतिहास के सबसे ऊंचे स्तर 1,18,444 रुपये के करीब था। अल्फा मनी में इक्विटी और पीएमएस के प्रबंध साझेदार ज्योति प्रकाश ने कहा कि सोने की कीमतों में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में बढ़ती हिस्सेदारी, केंद्रीय बैंकों की संभावित नई मांग और सट्टेबाजी की मजबूत स्थिति सोने की कीमतों में उछाल को बढ़ावा दे रही है। त्योहारों और शादी के मौसम के कारण भारत में सितंबर में सोने और चांदी का आयात अगस्त की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है।

# भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा रूस

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात में सितंबर में मामूली गिरावट देखी गई, लेकिन इसका देश की कुल तेल खरीद में एक-तिहाई से अधिक हिस्सा बना रहा। गौरतलब है कि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाया है।

सितंबर में भारत का कच्चा तेल आयात लगभग 47 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो मासिक आधार पर 2.2 लाख बैरल प्रतिदिन अधिक था और सालाना आधार पर स्थिर रहा। रूसी कच्चे तेल ने भारत के सबसे बड़े एकल आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी। भारत के कुल तेल आयात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 16 लाख बैरल प्रतिदिन या 34 प्रतिशत रही। वैश्विक व्यापार विश्लेषण फर्म केप्लर के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला कि यह 2025 के पहले आठ महीनों के दौरान आयातित औसत रूसी तेल से लगभग 1.6 लाख बैरल प्रतिदिन कम था।



- भारत के कच्चे तेल के आयात में आई मामूली गिरावट, देश के कुल तेल खरीद में एक-तिहाई से अधिक हिस्सेदारी

### गिरावट के बावजूद रिफाइनरों के लिए किफायती विकल्प

केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग एवं मॉडलिंग) सुमित रिटोलिया ने कहा कि गिरावट के बावजूद, रूसी कच्चा तेल भारतीय रिफाइनरों के लिए सबसे किफायती विकल्पों में से एक बना हुआ है। इराक भारत का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता था, उसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान रहा। अमेरिका 2.06 लाख बैरल प्रतिदिन के साथ भारत का पांचवां सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था। रिटोलिया ने कहा कि रिफाइनरी स्पष्ट रूप से पश्चिम एशिया, अमेरिका और अफ्रीका में विविधीकरण पर जोर दे रही हैं, लेकिन रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा।

# निर्यात से देश के कारखाने 25% तक बन रहे हरित

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्यात व्यावसायिक वृद्धि में सहायक होने के साथ ही भारतीय कारखानों को हरित भी बना रहा है। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), लखनऊ ने दो दशकों के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद किए अध्ययन में यह पाया।

अध्ययन में जांच की गई कि क्या निर्यात से भारतीय विनिर्माण कंपनियां हरित प्रथाओं को अपनाने को प्रोत्साहित हो रही हैं। आईआईएम-लखनऊ में अर्थशास्त्र और व्यावसायिक पर्यावरण के प्रो. चंदन शर्मा के नेतृत्व में किया गया अध्ययन प्रतिष्ठित एनर्जी इकोनॉमिक्स (एल्सेवियर) पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। विकासशील देशों में पर्यावरणीय दबाव बढ़ाने के लिए अक्सर व्यापार की आलोचना की जाती है, लेकिन इस बात के सीमित प्रमाण हैं कि निर्यात आधारित कंपनियां हरित प्रथाओं को अपनाती हैं। खासकर ऊर्जा उपयोग के मामले में ऐसा देखा गया। शर्मा ने बताया कि निर्यात न केवल वृद्धि को बढ़ावा देता है, बल्कि भारतीय कारखानों को भी हरित बनाता है। वैश्विक बाजारों में प्रवेश करने के कुछ ही वर्षों के भीतर, कंपनियां उन्नत तकनीकों को अपनाकर अधिक ऊर्जा कुशल बन जाती हैं। अध्ययन के निष्कर्ष इस आम धारणा को चुनौती देते हैं कि वैश्वीकरण विकासशील देशों में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। इसके मुताबिक गैर-निर्यातक कंपनियों के मुकाबले किसी निर्यातक कंपनी की ऊर्जा दक्षता में तीन वर्षों के भीतर 25 प्रतिशत की वृद्धि होती है।





# पीओके भारत का एक कमरा, उसे वापस लेकर रहेंगे

## आरएसएस प्रमुख भागवत बोले- भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो पर 'हम सब एक हैं, हम सब हिन्दू हैं'

सतना (मध्यप्रदेश), एजेंसी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि यह भारत के घर का एक कमरा है, जिस पर अजनबियों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि पीओके को एक दिन भारत में वापस लाया जाएगा। भागवत ने कहा कि चाहे कोई खुद को किसी भी भाषा या संप्रदाय का माने, लेकिन सच्चाई यह है कि हम सब एक हैं, हम सब हिन्दू हैं।

भागवत ने सिंधी कैंप स्थित गुरुद्वारा का उद्घाटन करने के बाद बीटीआई मैदान में आयोजित सभा में अखंड भारत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग अपना घर वहां छोड़कर आए हैं, कल वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। आज हम लोगों की स्थिति ऐसी है कि हम टूटा हुआ आईना देखकर अपने आपको अलग मान रहे हैं। एकता चाहिए, झगड़ा क्यों है? चाहे हम अपने आप को किसी भी भाषा या संप्रदाय का कहें लेकिन यह सत्य है कि हम सब एक हैं। भागवत ने कहा कि एक चतुर अंग्रेज आया, हमसे लड़ाई की, हमें हराकर हम पर राज किया। उसने हमसे आध्यात्मिकता का दर्पण छीन लिया और भौतिकवाद का टूटा हुआ दर्पण थमा दिया। तब से हम खुद को अलग मानने लगे और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगे।

उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बंटवारे के समय सिंधी समुदाय के लोग पाकिस्तान नहीं गए। जो लोग अपना घर छोड़कर आए हैं, जिनको हड़प लिया गया, उन्हें कल वापस लेकर फिर से वहीं डेरा डालना है। भागवत ने कहा कि पूरा भारत एक घर है। हमारे घर का एक कमरा, जहां हमारी मेज, कुर्सी और कपड़े रखे थे, उसे किसी ने कब्जा लिया है। एक दिन हमें उसे वापस लेना होगा। भागवत का बयान पीओके पर भारत के रुख को और सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह भौगोलिक हिस्सा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का हिस्सा है। भागवत ने कहा कि नयी पीढ़ी को इस दिशा में विचार करना चाहिए।

### पाकिस्तान को चेतावनी दी- भारत चुप नहीं बैठेगा

सिंधी समाज का जिक्र करते हुए भागवत ने भावुक अंदाज में कहा कि यहां बहुत से सिंधी भाई-बहन बैठे हैं, मुझे बहुत खुशी है। वे पाकिस्तान नहीं गए, बल्कि अखंड भारत में ही थे। हालात ने हमें यहां लाकर बैठा दिया, वरना हमारा वह घर और यह घर अलग नहीं है। उन्होंने सिंधी समुदाय को आश्वासन दिया कि उनका दर्द और उनकी भावनाएं भारत के साथ हैं। भागवत के बयान को भारत की नीति और दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। पीओके को लेकर भारत हमेशा से कहता रहा कि यह उसका अभिन्न हिस्सा है। भागवत ने स्पष्ट किया कि भारत अपनी धरोहर को वापस लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके बयान ने न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल किया, बल्कि पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि भारत अपने हक के लिए चुप नहीं बैठेगा।

### भारत में अनेक भाषाएं सबका भाव एक

भागवत ने भाषा विवाद पर कहा कि भारत में भाषाएं अनेक हैं, लेकिन भाव सबका एक ही होता है। उन्होंने कहा कि सारी भाषाएं भारत की राष्ट्रभाषाएं हैं। प्रत्येक नागरिक को कम से कम तीन भाषाएं आनी चाहिए, स्थानीय भाषा, जिस राज्य में रह रहे हैं उसकी भाषा और राष्ट्र की भाषा।

### पाक को रूसी जेएफ-17 इंजन देने की जयराम की टिप्पणी पर भाजपा ने कहा

# कांग्रेस ने देश के दुश्मन का साथ चुना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने पाकिस्तान को जेएफ-17 जेट इंजन की आपूर्ति पर रूस के आगे बढ़ने की खबरों को रविवार को गैरजिम्मेदाराना सूचना युद्ध करार दिया और इसे सोशल मीडिया पर उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। भाजपा ने कांग्रेस पर भारत के बजाय 'देश के दुश्मन का पक्ष लेने' का आरोप लगाया।

कांग्रेस ने पाकिस्तानी लड़ाकू विमान जेएफ-17 के लिए रूस द्वारा इंजन की आपूर्ति किए जाने संबंधी मीडिया खबरों का हवाला देते हुए कहा था कि यह मोदी सरकार की कूटनीति की विफलता है और उसे देश को बताना चाहिए कि भारत का भरोसेमंद साथी रूस, पाकिस्तान को सैन्य सहयोग क्यों दे रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उन खबरों का हवाला दिया था जिनमें कहा गया है कि रूस जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति कर रहा है। रमेश ने 'एक्स' पर दावा किया कि यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री मोदी की उस व्यक्तिगत कूटनीति की एक और नाकामी को उजागर करता है, जो राष्ट्रीय हितों से अधिक छवि निर्माण और वैश्विक तमाशे को प्राथमिकता देती रही है।

### रूस ने सभी दावों को किया खारिज : मालवीय



भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने पलटवार करते हुए मीडिया की एक अन्य खबर का हवाला दिया और कहा कि रूस ने उन दावों को खारिज किया है कि मॉस्को जेएफ-17 थंडर ब्लॉक-3 लड़ाकू विमानों के लिए पाकिस्तान को आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रमेश ने एक अखबार में छपी खबर पर भरोसा किया, जिसमें पाकिस्तान समर्थक दुष्प्रचार के लिए कुख्यात एक कम-ज्ञात वेबसाइट का हवाला दिया गया है। मालवीय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं। कोई विश्वसनीय स्रोत नहीं। बस गैरजिम्मेदाराना सूचना युद्ध का एक और दौर तथा कांग्रेस के संचार प्रमुख ने एक बार फिर भारत के साथ खड़े होने के बजाय दुश्मन का पक्ष लेने का फैसला किया।

## हथियार, नशीले पदार्थ मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पाकिस्तान से जुड़े सीमापार हथियार और मादक पदार्थ तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गिरफ्तार दोनों लोगों की पहचान गुरजंत सिंह और गुरवेल सिंह के रूप में की है, जो तरनतारन के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि उनके पास से 2.5 किग्रा हेरोइन और 5 अत्याधुनिक पिस्तौल तथा मैगजीन बरामद की गईं। उनकी कार भी जब्त कर ली गई है, जिसका प्रयोग खेप ले जाने में हुआ था। जांच से पता चला कि आरोपी सीमापार से पाकिस्तानी तस्कर के निर्देश पर काम कर रहे थे। हथियार गैंगस्टर और अन्य अपराधियों को आपूर्ति किए जाने थे।

## त्योहारों पर हवाई किरायों व उड़ान क्षमताओं पर डीजीसीए की नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) त्योहारों के दौरान हवाई किरायों और उड़ान क्षमताओं पर कड़ी नजर रख रहा है ताकि यह टिकटों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी न हो। त्योहारी सीजन और बढ़ती मांग के दौरान घरेलू हवाई किराए में वृद्धि होती है विशेष रूप से उन मार्गों में जिधर के लिए अधिक उड़ानें हैं। हालांकि हवाई किराये को नियंत्रण मुक्त किया गया है लेकिन डीजीसीए को कीमतों पर नजर रखने तथा वृद्धि होने पर उचित कदम उठाने का अधिकार है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार को कहा कि डीजीसीए ने त्योहारी पर होने वाली भीड़ से पहले हवाई किराए की समीक्षा की है और विमानन कंपनियों से उड़ान क्षमता बढ़ाने को कहा है। मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए यात्री हितों के लिए विमानन कंपनियों के किराये और उड़ान क्षमताओं पर नजर रखेगा। इंडिगो 42 सेक्टरों में 730 अतिरिक्त सेवाएं, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस 20 सेक्टरों में 486, स्पाइसजेट 38 सेक्टरों में 546 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। हालांकि यह नहीं बताया गया कि इन अतिरिक्त उड़ानों का संचालन कब से और कब तक होगा।



- डीजीसीए को कीमतों में वृद्धि होने पर उचित कदम उठाने का अधिकार

## लद्दाख हिंसा में हुई मौतों की हो स्वतंत्र न्यायिक जांच : वांगचुक

**श्रीनगर।** राजस्थान के जोधपुर केंद्रीय कारागार में बंद पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने जारी संदेश में कहा कि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं और वह लद्दाख के संवैधानिक हक के लिए शांतिपूर्ण तरीके से लड़ते रहेंगे। वांगचुक ने लद्दाख में हुए हिंसक प्रदर्शन में हुई मौतों की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जबतक जांच का आदेश जारी नहीं होता तब तक वह कारागार में रहने को तैयार हैं। उन्होंने अपना यह संदेश वकील मुस्तफा हाजी और उनके बड़े भाई कात्सेतन दोरजे ले के जरिये भेजा, जो शनिवार को उनसे कारागार में मिलने गए थे। वांगचुक ने के लोगों की प्रार्थनाओं और चिंताओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने लद्दाख के लोगों से शांति बनाये रखने की अपील भी की।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को देंगे हर संभव मदद : शाह

अहिल्यानगर (महाराष्ट्र),एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत के चीनी सहकारी क्षेत्र को काफी लाभ हुआ है। वह अहिल्यानगर जिले में डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल सहकारी चीनी कारखाने की विस्तारित क्षमता का उद्घाटन करने के बाद एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने चीनी सहकारी समितियों से गैर पेराई सत्र में भी मल्टी-फीड एथनॉल का उत्पादन करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि एथनॉल मिश्रण से चीनी सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति बदल गई है, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस क्षेत्र को लाभ हुआ है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार हाल ही में भारी बारिश से प्रभावित महाराष्ट्र के किसानों को हर संभव सहायता देगी। उन्होंने राज्य के किसानों के लिए केंद्रीय सहायता हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार की सराहना की। शाह ने सहकारिता आंदोलन की प्रमुख हस्ती विट्ठलराव विखे पाटिल और उनके बेटे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बालासाहेब विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महाराष्ट्र में भारी बारिश से नुकसान झेलने वाले किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश और बाढ़ से व्यापक नुकसान हुआ है। शाह ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत बैठक की। प्रधानमंत्री की ओर से मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि एक बार विस्तृत रिपोर्ट हमें सौंप दिए जाने के बाद, प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के किसानों को कोई भी मदद देने में देरी नहीं करेंगे। केंद्र सरकार पिछले वर्ष की सहायता में से 3,132 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर चुकी है, जिसमें इस वर्ष अप्रैल में दी गई 1,631 करोड़ रुपये की सहायता भी शामिल है। महाराष्ट्र सरकार ने भी 2,215 करोड़ रुपये की राहत राशि प्रदान की है, जिससे 31 लाख से ज्यादा किसानों को लाभ हुआ है।

गृह मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की परेशानी कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपये की नकद सहायता और 35 किग्रा अनाज दिया गया। ऋण वसूली रोक दी गई है, ई-केवाईसी मानदंडों में एक बार के लिए ढील दी गई है और राजस्व कर और स्कूल फीस में राहत दी गई है।



महाराष्ट्र में किसानों की रैली में लोगों का अभिवादन करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस।

- केंद्रीय मंत्री ने कहा- मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद चीनी सहकारी क्षेत्र को हुआ लाभ

## वर्ल्ड ब्रीफ



हैदराबाद में रविवार को गाजा में तत्काल युद्धविराम के लिए प्रदर्शन किया गया।

### टेक्सास में गिरफ्तार हुआ भारतीय कनाडा प्रत्यर्पित

ओंटारियो। हमले के एक मामले में अमेरिका के टेक्सास में गिरफ्तार किए गए भारतीय मूल के एक व्यक्ति को कनाडा प्रत्यर्पित किया गया है। 'सीटीवी न्यूज' ने शुक्रवार को बताया कि 25 वर्षीय सुखप्रीत सिंह 2021 में कनाडा में एलनाज हजतमिरी नाम की महिला पर हुए हमले के सिलसिले में वांछित कई संदिग्धों में से एक है। सिंह को इस साल जून में 'यूनाइटेड स्टेट्स मार्शल्स सर्विस' के सदस्यों ने गिरफ्तार किया था और अगस्त में उस पर आरोप लगाए गए थे। खबर में कहा गया है कि सिंह को प्रत्यर्पित कर मंगलवार को 'यॉर्क रीजन' भेजा गया था।

### चरमपंथी बने लेबनानी पॉप स्टार का आत्मसमर्पण

**बेरूत।** पॉप स्टार से वांछित इस्लामी चरमपंथी बने लेबनान के एक व्यक्ति ने 12 साल बाद शनिवार को खुद को देश की सैन्य खुफिया सेवा के हवाले कर दिया। लेबनान के शहर सिडोन में जून 2013 में सुन्नी मुस्लिम चरमपंथियों और लेबनानी सेना के बीच सड़क पर हुए खूनी संघर्ष के बाद से फदल शकर फरार था। उसकी गैरमौजूदगी में मुकदमा चलाया गया और 2020 में एक आतंकवादी समूह को समर्थन देने के आरोप में 22 साल जेल की सजा सुनाई गई। शनिवार रात एक लेबनानी सैन्य खुफिया बल सिडोन के पास ऐन अल-हिल्वेह के फिलस्तीनी शरणार्थी शिविर में पहुंचा और शकर को हिरासत में ले लिया, जो 12 साल से इसी शिविर में छिपा हुआ था।

### स्कूल इमारत ढहने से अब तक 40 की मौत

**सिदोअर्जो।** इंडोनेशिया के एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल में मंगलवार को प्रार्थना कक्ष के ढह जाने के बाद लापता छात्रों की तलाश कर रहे बचावकर्मियों ने सप्ताहांत में दो दर्जन से अधिक शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या 40 हो गई। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के अनुसार, बचावकर्मियों को केवल सप्ताहांत में 26 शव मिले। इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पूर्वी हिस्से में सिदोअर्जो में स्थित सौ साल पुराने अल खोजिनी स्कूल में 30 सितंबर को एक इमारत ढह गई और सैकड़ों छात्र उसके नीचे दब गए।

# चीन के गुआंगडोंग क्षेत्र में तूफान के कारण डेढ़ लाख लोग विस्थापित

गुआंगडोंग, एजेंसी

चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में प्रशासन ने मैटमो तूफान की तीव्रता को देखते हुए आपातकालीन प्रतिक्रिया को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है और 150,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।

प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने रविवार सुबह प्रतिक्रिया स्तर में बढ़ोत्तरी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम तक, कुल 151,352 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। तूफान मैटमो लगभग 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है जिससे तटीय शहरों में भारी बारिश और तूफान की आशंका है। एहतियात के तौर



- झानजियांग में कक्षाओं और सभी व्यवसायों को किया गया बंद

पर झानजियांग शहर में शनिवार शाम से ही कक्षाएं, काम, उत्पादन, परिवहन और व्यवसायों को पूरी तरह से बंद कर दिया है और रविवार सुबह से सभी राजमार्गों को बंद कर दिया है। समुद्री प्राधिकारियों ने प्रभावित जलक्षेत्र में परिचालन स्थगित कर दिया है तथा पूरे क्षेत्र में बचाव दल तैनात कर दिए हैं।

## नियम सख्त नहीं, निगरानी में भी ढील

# जब दवाएं बन जाती हैं जहर

भारत में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके तहत बनाए गए नियम खासकर औषधि नियम 1945 की अनुसूची एम (जीएमपी) लागू हैं, जिन्हें केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य विनियामक प्राधिकरण लागू करते हैं। निगरानी के लिए राज्य प्राधिकरण भी हैं जो लाइसेंसिंग की जिम्मेदारी निभाने के साथ निरीक्षण कर नकली और घटिया दवाओं पर कार्रवाई करते हैं। दवाओं की खराब गुणवत्ता से देश में कई बड़े हादसे हो चुके हैं, जिसके बाद सरकार ने जीएमपी नियमों को संशोधित करने के साथ निरीक्षण प्रणाली को मजबूत करने के लिए निर्देश जारी किए थे। हालांकि नियमों और निर्देशों का पालन न होना भी आम है, मध्यप्रदेश और राजस्थान में खराब कफ सिरप की वजह से हाल ही में हुई कई बच्चों की मौत इसका ताजा उदाहरण है।

### दवा निर्माण: ये हैं कानून

- औषधि अधिनियम 1940 दवाओं के आयात, निर्माण, बिक्री-वितरण को नियंत्रित करता है।
- औषधि नियम 1945 के तहत दवाओं के विनिर्माण और गुणवत्ता के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।
- निर्माताओं को जीएमपी का पालन करना होता है ताकि मानक अनुसार दवा निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।
- केंद्रीय प्राधिकरण सीडीएससीओ दवा, चिकित्सा उपकरण, प्रसाधन सामग्री की गुणवत्ता विनियमित करता है।
- राज्य औषधि विनियामक प्राधिकरण लाइसेंस देने, नकली दवाओं की बिक्री पर कार्रवाई के लिए जिम्मेदार हैं।



### गांबिया से सबक नहीं

पश्चिमी अफ्रीका के देश गांबिया में 2022 में भारत से आयातित कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। इसके बाद डब्ल्यूएचओ ने इस दवा के बारे में चेतावनी जारी की थी। भारत की इस घटना से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनामी हुई थी। इन बच्चों की भी किडनी क्षतिग्रस्त हो गई थी जैसा कि हाल ही में मध्यप्रदेश और राजस्थान में हुआ है।

### निगरानी के इंतजाम

- फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम है जो दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों को इकट्ठा कर उनका विश्लेषण करता है और उसके आधार पर सिफारिशें देता है।
- नियामक प्राधिकरण नियमित रूप से दवा निर्माण इकाइयों का निरीक्षण करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे निर्धारित मानकों यानी शेड्यूल एम का पालन कर रहे हैं।

### दवाएं और नियम

- शेड्यूल एच की दवाएं पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही बेची जा सकती हैं, इनमें कफ सिरप भी शामिल हैं।
- शेड्यूल एक्स की दवाएं अत्यंत शक्तिशाली होती हैं जिनमें नशीले व साइकोट्रोपिक पदार्थ शामिल होते हैं।
- कई एंटीबायोटिक्स, मानसिक स्वास्थ्य की दवाएं और नींद की गोलियां भी पर्चे पर ही बेची जा सकती हैं।
- सभी टीके, खासकर बच्चों के लिए आवश्यक टीके नियमों के तहत योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों ही दे सकते हैं।

डायथाइलीन ग्लाइकॉल से दूषित कफ सिरप से कई बच्चों की मौत हुई थी। जम्मू-कश्मीर में 2019-2020 में कफ सिरप पीने से 11 बच्चों की मौत हो गई थी।

"बच्चों को कोई भी दवा या कफ सिरप डॉक्टर के परामर्श के बगैर देना गलत है। कारण ये है कि यह डॉक्टर की जांच से ही पता लग सकता है कि बच्चे को किस प्रकारण का संक्रमण है। जिस कफ सिरप से हाल ही में बच्चों की मौत हुई है, उन्हें सी श्रेणी की कंपनियों ने बनाया था। अच्छी कंपनियां गुणवत्ता का ध्यान रखती हैं। – **दुर्गेश खटवानी, अध्यक्ष बरेली ड्रग एसोसिएशन**

"प्रदेश सरकार ने कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की घटना सामने आने के बाद एडवाइजरी जारी की है इसके तहत दो साल तक के बच्चों को बिना डॉक्टर के परामर्श के कफ सिरप देने पर पाबंदी लगा दी गई है। हालांकि मुख्यालय से अभी गाइड लाइन जारी नहीं हुई है। गाइड लाइन जारी होने के बाद उसका पूरी तरह पालन कराएंगे। – **डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ**

# पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात नहीं कर पाएंगे ट्रंप, कोर्ट ने लगाई रोक

## अमेरिकी राष्ट्रपति के एक और आदेश को संघीय न्यायाधीश ने बताया अवैध

पोर्टलैंड, एजेंसी

अमेरिका में ओरेगन राज्य के एक संघीय न्यायाधीश ने राज्य और उसके शहर पोर्टलैंड की ओर से दायर एक मुकदमे में फैसला सुनाते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने के आदेश पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन ने केंद्रीय अधिकारियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नेशनल गार्ड तैनात करने का आदेश दिया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश करिन इमरगुट ने मुकदमे में बहस लंबित रहने तक यह आदेश जारी किया। वादियों का कहना है कि 'नेशनल गार्ड' की यह तैनाती अमेरिकी संविधान के साथ उस संघीय कानून का भी उल्लंघन है जो आम तौर पर घरेलू कानूनों को लागू करने में सेना के इस्तेमाल पर रोक लगाता है। इमरगुट ने अपने आदेश में लिखा कि यह मामला तीन मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांतों के परस्पर संबंध से जुड़ा है- 'संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून प्रवर्तन के बीच संबंध और सरकार की कार्यपालिका, विधानपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन।'

न्यायाधीश ने कहा कि आम तौर पर राष्ट्रपति उन परिस्थितियों में 'नेशनल गार्ड' सैनिकों की तैनाती का आदेश दे सकते हैं जब नियमित कानून प्रवर्तन बल अमेरिका के कानूनों का पालन नहीं कर पाते लेकिन पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वादियों ने यह साबित किया कि राष्ट्रपति के आदेश से पहले पोर्टलैंड आव्रजन केंद्र में हुए प्रदर्शन अधिक हिंसक या विघटनकारी नहीं थे।



राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश के खिलाफ पोर्टलैंड में लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

### न्यायाधीश ने कहा- ट्रंप के निर्णय तथ्यों से परे

न्यायाधीश ने कहा, राष्ट्रपति का यह निर्णय तथ्यों से बिल्कुल परे है। रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि वह ओरेगन के 'नेशनल गार्ड' के 200 सदस्यों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में रख रहा है ताकि उन जगहों पर संघीय संपत्ति की सुरक्षा की जा सके जहां प्रदर्शन हो रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एवं इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन की इलिनोइस के नेशनल गार्ड के 300 सैनिकों का संघीयकरण करने की योजना है, जो अमेरिकी शहरों में ट्रंप के संघीय हस्तक्षेप की हालिया वृद्धि को दर्शाता है।

### ट्रंप का दावा, युद्धग्रस्त क्षेत्र बन चुका है पोर्टलैंड

ट्रंप ने पोर्टलैंड और शिकागो दोनों को अपराध और अशांति से ग्रस्त शहर बताया है। उन्होंने पोर्टलैंड को 'युद्ध क्षेत्र' कहा है और सुझाव दिया है कि पोर्टलैंड में समस्याओं को खत्म करने के लिए यह तैनाती आवश्यक है। राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से उन्होंने मैरीलैंड के बाल्टीमोर, टेनेसी के मेम्फिस, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया, लुइसियाना के न्यू ऑरलियन्स और कैलिफोर्निया के ओकलैंड, सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिलिस सहित 10 शहरों में सैनिक भेजे हैं या भेजने की बात की है। ओरेगन की गवर्नर टीना कोटेक ने सितंबर के अंत में ट्रंप से कहा था कि यह तैनाती अनावश्यक थी।

### अवैध प्रवासी बच्चों को वयस्क केंद्र भेजने के आदेश पर भी रोक

**अटलांटा।** अवैध रूप से अमेरिका में आए बच्चों के 18 वर्ष की उम्र पूरी करने पर उन्हें वयस्कों के लिए बने हिरासत केंद्रों में स्थानांतरित करने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की नई नीति पर एक संघीय न्यायाधीश ने अस्थाई रोक लगा दी है। वकीलों के अनुसार, यह स्थानांतरण इस सप्ताहांत होने वाला था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश रूडोल्फ कोंट्रेरास ने शनिवार को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग के लिए एक अस्थाई आदेश जारी करते हुए कहा कि वह अकेले एवं बिना अनुमति के देश में आए किसी भी बच्चे को वयस्क होने के बाद आईसीई वयस्क हिरासत केंद्रों में न रखें। वाशिंगटन डीसी के न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह की स्वचालित हिरासत 2021 में जारी किए गए उनके उस अदालती आदेश का उल्लंघन है जिसमें इस चलन पर रोक लगाई गई थी। बताया जा रहा है कि अधिकारी 14 साल और उससे ज्यादा उम्र के प्रवासी बच्चों को स्वेच्छा से अपने देश लौटने के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर की पेशकश कर रहे हैं। पिछले महीने एक अन्य संघीय न्यायाधीश ने अकेले अमेरिका आए ग्वाटेमाला के प्रवासी बच्चों को तुरंत उनके देश वापस भेजने के प्रयासों पर रोक लगा दी थी।

## वांगचुक को रिहा करो



लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार को नई दिल्ली के जंतरमंतर पर अखिल भारतीय छात्र संघ के सदस्यों ने प्रदर्शन कर लद्दाख के प्रति एकजुटता दिखाई।

### अलबामा में भीड़ पर गोलीबारी, दो की मौत, 12 घायल

**मोंटगोमेरी।** अमेरिकी राज्य अलबामा की राजधानी मोंटगोमेरी के भीड़भाड़ वाले इलाके में शनिवार रात दो प्रतिद्वंद्वी गुटों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी की जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए।

मोंटगोमेरी के पुलिस प्रमुख जेम्स ग्रेबॉयज के अनुसार, घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। ग्रेबॉयज ने कहा, इसमें दो पक्ष शामिल थे जो एक-दूसरे पर गोलियां चला रहे थे और उस दौरान भीड़ थी। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने गोलियां चलाते वक्त वहां मौजूद अन्य लोगों की परवाह नहीं की।

# रूस ने यूक्रेन में रेलवे स्टेशन को बनाया निशाना, 30 लोग घायल

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक रेलवे स्टेशन पर रूसी ड्रोन हमले में 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। जिस जगह हमला किया गया, वहां कई यात्री और कर्मचारी मौजूद थे।

बीबीसी के हवाले से जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सुमी क्षेत्र के शोस्तका शहर में हमले वाली जगह पर कई रेल कर्मचारी और यात्री मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं

- जेलेंस्की ने कहा- ये आतंकवाद है दुनिया इसे अनदेखा नहीं करे

घटनास्थल पर हैं और लोगों की मदद शुरू कर दी गई है। घायलों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें एक क्षतिग्रस्त ट्रेन के डिब्बे में आग लगी दिखाई दे रही है।

जेलेंस्की ने लिखा, रूसी लोग इससे अनजान नहीं थे कि वे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। ये आतंकवाद है जिसे दुनिया नजरंदाज नहीं कर सकती। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह ह्वीहोरोव के अनुसार दो हमले हुए जिनमें दो यात्री ट्रेनें प्रभावित हुईं।

# भूटान में बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए पहुंची भारतीय सेना

नई दिल्ली, एजेंसी

भूटान प्रशासन और भारतीय सेना द्वारा रविवार को समन्वित बचाव अभियान के जरिये पड़ोसी देश में अमोचू नदी के आसपास अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सुरक्षित निकासी की गई।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बाढ़ के कारण भूटान के अस्थायी आवास और श्रमिक शिविरों में कई परिवार और मजदूर फंस गए थे। सूत्रों ने बताया कि जब भूटान की राष्ट्रीय एयरलाइन 'ड्रुक एयर' का एक हेलीकॉप्टर खराब मौसम के

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे हुए थे कई मजदूर, भारत से मांगी थी मदद

कारण उड़ान नहीं भर सका, तो देश ने भारत से तत्काल सहायता मांगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना ने इस आग्रह पर तुरंत कार्रवाई करते हुए फंसे हुए मजदूरों को सुरक्षित निकालने और उन्हें तत्काल चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात किए।

भूटान की शाही सरकार ने तत्काल जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय सेना के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

### चेक गणराज्य में विपक्षी एएनओ पार्टी जीती संसदीय चुनाव

**प्राग।** चेक गणराज्य में पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस के नेतृत्व वाली विपक्षी एएनओ पार्टी ने संसदीय चुनाव में जीत हासिल की।

मतगणना के परिणामों के मुताबिक विपक्षी एएनओ को चुनाव में 99 प्रतिशत से अधिक मतदान क्षेत्रों से 34.5 प्रतिशत वोट मिले, जबकि सत्तारूढ़ मध्य-दक्षिणपंथी एसपीओएलयू गठबंधन 23.3 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा है। बाबिस ने चुनाव परिणाम को अपने राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा क्षण बताया।

# ब्रिटेन : बार-बार होने वाले प्रदर्शनों पर प्रतिबंध की तैयारी

## गृह मंत्रालय ने की घोषणा, पुलिस बलों को दिए जाएंगे नए अधिकार

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन सरकार ने रविवार को कहा कि ब्रिटिश पुलिस बलों को बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए नए अधिकार दिए जाएंगे। यह घोषणा प्रतिबंधित समूह 'फिलिस्तीन एक्शन' के समर्थन में लंदन में आयोजित मार्च के दौरान लगभग 500 लोगों को गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद की गई।

नए अधिकारों का विवरण आने वाले हफ्तों में दिया जाएगा। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई विरोध प्रदर्शन कई सप्ताह तक एक ही स्थान पर होता रहा है और बार-बार

- कहा- विरोध प्रदर्शन का अधिकार मौलिक स्वतंत्रता, पर दूसरों की सुरक्षा भी जरूरी

अव्यवस्था फैली है तो पुलिस को आयोजकों को कार्यक्रम कहीं और आयोजित करने का निर्देश देने का अधिकार होगा। ऐसी शर्तों का उल्लंघन करने पर गिरफ्तारी और मामला दर्ज किया जाएगा। ब्रिटेन की गृह मंत्री शबाना महमूद ने कहा, हमारे देश में विरोध प्रदर्शन का अधिकार एक मौलिक स्वतंत्रता है। हालांकि, इस स्वतंत्रता को अपने पड़ोसियों की निडरता से जीने की स्वतंत्रता के साथ संतुलित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, ये परिवर्तन विरोध प्रदर्शन के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही यह भी सुनिश्चित करते हैं कि इस देश में सभी लोग सुरक्षित महसूस करें। महमूद ने कहा, बड़े पैमाने पर, बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शनों से हमारे देश के कई वर्ग, खासकर धार्मिक समुदाय, असुरक्षित, भयभीत और अपने घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार मौजूदा कानूनों की भी समीक्षा करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शक्तियां पर्याप्त हैं और उनका लगातार इस्तेमाल हो रहा है। इनमें विरोध प्रदर्शनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की शक्तियां शामिल होंगी।




### फिलिस्तान के समर्थन में प्रदर्शन

**लिस्बन।** पुर्तगाल के लिस्बन शहर में शनिवार को 3,000 से ज्यादा लोग फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने की कोशिश करने पर इजराइल द्वारा हिरासत में लिए गए तीन पुर्तगाली नागरिकों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने कहा कि रैली में उम्मीदों से कहीं ज्यादा लोग इकट्ठा हुए। रैली में भाग लेने वालों में पूर्व वामपंथी ब्लॉक नेता फ्रांसिस्को लौका और कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एंटोनियो फिलिप भी शामिल थे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 12.23 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| मं. 7 बु. | सू. 6 | के. 5 शु. |
| 8 | 9 / 3 गु. | 4 |
| 10 / 11 रा. | 12 श. चं. | 2 / 1 |

दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पूर्व भाद्रपद 06.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद 7 अक्टूबर 04.01 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज शाम के समय मूड में बदलाव करने के लिए कहीं घूमने जा सकते हैं। साझेदारी वाले व्यापार में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। कोई भी महत्वपूर्ण कार्य न करें। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। गले में संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। उच्चाधिकारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा फोकस करेंगे। पुराने मित्रों के साथ मुलाकात होने से तरोताजा हो जाएंगे। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्वक निपटाएं। शाम का समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। व्यापार में आपको बड़ा धन लाभ होगा। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आप नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाओं के अनुसार कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**कर्क** – आज कम मेहनत के बावजूद आपको अच्छी सफलता मिलेगी। किसी अनावश्यक बहसबाजी पर अधिक ध्यान न दें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध रूप से करें। आपके निजी संबंध काफी रोमांटिक हो सकते हैं।

**सिंह** – आज अपनी दिनचर्या को सदैव व्यवस्थित रखें। आपकी बातों से आपके अपने नाराज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी कारण विवाद होने की संभावना है। आपको किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर दुविधा की स्थिति उत्पन्न होगी।

**कन्या** – आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा, जिसके कारण आप इसका प्रयोग कर अपनी कार्यशैली में सुधार कर सकते हैं। आपका आर्थिक पक्ष कुछ कमजोर रहने वाला है। अतिरिक्त जिम्मेदारियों को अपने ऊपर न लें। इससे आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**तुला** – आज दिन का उत्तरार्ध थोड़ा कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों से झगड़ा हो सकता है। लेन-देन में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। भावनात्मक संबंधों को लेकर अत्यंत सतर्क रहें। घर के बुजुर्गों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज नया व्यापार शुरू करने में मित्र आपको सहयोग कर सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। लोहे के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें वरना चोट लग सकती है। प्रेम-संबंधों के लिए दिन अनुकूल है।

**धनु** – आज अधिकारियों की किसी भी बात को न टालें। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर करें। प्रेम-संबंधों को लेकर कुछ तनाव रहने की संभावना है। जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा। हृदय रोगियों को अधिक तनाव लेने से बचना चाहिए।

**मकर** – आज कारोबार में बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन कमजोर रहेगा। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। शाम के समय किसी भी तरह की वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

**कुंभ** – आज सुबह आपकी मन:स्थिति थोड़ी नकारात्मक रहने वाली है। आपकी आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। परिवार का पूर्ण सहयोग मिलने से आप अत्यंत सुरक्षित महसूस करेंगे। आईटी फील्ड से जुड़े लोगों को नई कंपनी में जॉब मिल सकती है।

**मीन** – आज आपको व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। भावनाओं के बजाय व्यवहारिकता को अपनाएं। पैतृक संपत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलने की संभावना बन रही है।

## सुडोकू-121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |

### सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |



“हमें साउथ अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले लगभग 20 मैच खेलने का मौका मिलेगा, ऐसे में हमारी कोशिश हर सीरीज को उसी दिशा में खेलते हुए अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाएं। मेरे लिए भारतीय टीम को वनडे में लीड करना एक सम्मान की बात है। -शुभमन गिल

# स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### मणिपुर ने हरियाणा को 3-0 से हराया

**नारायणपुर :** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की 30वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी में 23 बार की चैंपियन मणिपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 3-0 से हरा दिया। रामकृष्ण मिशन मैदान पर शनिवार को खेले गए इस मैच में मणिपुर ने अपने अनुभव और कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। मणिपुर की जीत में दांगमेई ग्रेस (जर्सी नंबर-8) का प्रदर्शन सर्वाधिक चमकदार रहा, जिन्होंने 25वें और 53वें मिनट में दो गोल दागे। टीम को जीत तक पहुंचाने में कुमुकचाम भूमिकादेवी (जर्सी नंबर-11) ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 63वें मिनट में तीसरा गोल किया। दूसरे मैच में असम ने पंजाब को 2-1 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। पंजाब ने शोएब तेजीबाला देवी के 10वें मिनट के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन असम की निनगाधूचाम रोनीअ देवी (63वें मिनट) और यानगोइजाम किरणबाला चानू (80वें मिनट) के गोलों ने मैच का पलड़ा पलट दिया।

### श्रेयांशी ने अल ऐन मास्टर्स में पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर खिताब जीता

**अल ऐन (यूएई) :** भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने रविवार को यहां तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर 120,000 डॉलर इनामी राशि के अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। शुरुआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी, जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली। श्रेयांशी ने तीसरे गेम में बढ़त बना ली। तस्नीम ने कुछ देर के लिए 6-5 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गईं और श्रेयांशी ने 15 अंक की बढ़त बनाकर शानदार अंदाज में खिताब अपने नाम कर लिया।

### एशिया कप ट्रॉफी चोरी की पुलिस से शिकायत

**लखनऊ:** दुबई में 27 सितंबर को हुए एशिया कप 2025 के फाइनल के दौरान हुई ट्रॉफी चोरी के गंभीर मामले पर लखनऊ निवासी क्रिकेट प्रेमी संजय शर्मा ने दुबई पुलिस को औपचारिक शिकायत की है। 30 सितम्बर को भेजी गई शिकायत में बताया गया है कि एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष एवं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने ट्रॉफी को कानूनी तरीके से विजेता भारतीय टीम को सौंपने के बजाय अपने कब्जे में ले लिया। दुबई पुलिस ने प्राप्त शिकायत का शीघ्र उत्तर देते हुए 48 घंटों में वापसी का भरोसा दिया है। शिकायत में इस गैरकानूनी कृत्य को क्रिकेट समुदाय के लिए गहरा आघात बताया गया है, जिससे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों में व्यापक रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने दुबई पुलिस विभाग से मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच करने, दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा ट्रॉफी की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इस शिकायत की सूचना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, बीसीसीआई और संबंधित अन्य क्रिकेट संस्थाओं को भी दी गई है।

### शंघाई मास्टर्स में पेरीकार्ड ने फ्रिट्ज को किया पराजित

**शंघाई :** फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर रविवार को शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6, 6-3 से मात दी।

# भारत ने एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हराया

## ऋचा ने 20 गेंदों पर तीन चौकों व दो छक्कों की मदद से बनाए नाबाद 35 रन

**महिला विश्व कप क्रिकेट**

**कोलंबो, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम ने आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हरा दिया। भारत के 248 रनों के लक्ष्य के आगे पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी के आगे 43 ओवर में सभी विकेट गवांकर महज 159 रन ही बना सकी। इससे पूर्व आठवें नंबर की बल्लेबाज ऋचा घोष की 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला विश्व कप मुकाबले में रविवार को 50 ओवर में 247 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत का स्कोर 247 रन तक पहुंचाने में ऋचा घोष ने 20 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। हरलीन देओल ने 65 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत एक समय अपने छह विकेट 201 रन पर गंवाकर संघर्ष कर रहा था, लेकिन ऋचा ने आने के बाद ही अपने शॉट खेले और उनकी तेज-तर्रार पारी ने भारत को 247 रनों तक पहुंचा दिया।

मध्य पारी के साक्षात्कार में जेमिमा रोड्रिग्स कहती हैं कि पिच पर काफ़ी नमी थी जिससे उसे थोड़ी पकड़ मिली। वह उन कुछ खिलाड़ियों में से एक थीं जिन्होंने 32 रन बनाते हुए अच्छी स्ट्राइक ली। उस स्कोरकार्ड में भारत के लिए कई 20 और 30 रन बने क्योंकि बल्लेबाजों को पिच पर ज़्यादा सहजता महसूस नहीं हुई। क्या इरादा बेहतर हो सकता था या उन्होंने बस एक ऐसा स्कोर बनाने का लक्ष्य रखा जो उन्हें लगा कि काफ़ी अच्छा होगा? भारतीय बल्लेबाजों ने काफी समय लिया और फिर स्टार्ट को बड़ी पारी में तब्दील भी नहीं कर सकीं। स्मृति मंधाना ने 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 19 रन बनाये। ओपनर प्रतीका रावल ने 31,दीप्ति शर्मा ने 25 और स्नेह राणा ने 20 रन बनाये।अंत में ऋचा की पारी ने मोमेंटम दिया और भारत को 250 के करीब ले गईं। यह स्कोर भी काफी चैलेंजिंग होने वाला था।



पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त स्ट्रोक खेलती ऋचा घोष। एजेंसी

### भारत और पाक कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

**कोलंबो, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। क्रिकबज़ ने पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे।

### स्कोर कार्ड:भारतीय पारी

- प्रतिका रावल बो सादिया इकबाल 31
- स्मृति मंधाना पगबाधा बो फातिमा सना 23
- हरलीन देओल का नशरा संधू बो रमीन शमीम 46
- हरमनप्रीत का सिदरा बो डायना 19
- जेमिमा रोड्रिग्स पगबाधा बो नशरा संधू 32
- दीप्ति शर्मा का सिदरा नवाज बो डायना बेग 25
- स्नेह राणा का रियाज बो फातिमा सना 20
- रिचा घोष नाबाद 35
- श्री चरणी का नतालिया परवेज बो सादिया इकबाल 01
- क्रांति गौड़ का रियाज बो डायना बेग 08
- रेणुका सिंह का सिदरा नवाज बो डायना बेग 00
- अतिरिक्त : 07

**कुल :** 50 ओवर में 247 रन पर सभी आउट

**विकेट पतन :** 1-48, 2-67, 3-106, 4-151, 5-159, 6-201, 7-203, 8-226, 9-247

### पाकिस्तान गेंदबाजी

| गेंदबाज | ओवर | मेडेन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| सादिया | 10 | 0 | 47 | 2 |
| डायना बेग | 10 | 1 | 69 | 4 |
| फातिमा सना | 10 | 2 | 38 | 2 |
| रमीन शमीम | 10 | 0 | 39 | 1 |
| नाशरा संधू | 10 | 0 | 52 | 1 |

# ऑस्ट्रेलिया ए को हराकर भारत ए ने तीन मैचों की जीती सीरीज

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- प्रभसिमरन के शतक व श्रेयश, रियान के अर्धशतक की बदौलत 46वें ओवर में भारत ए जीता
- ऑस्ट्रेलिया ए ने 317 रनों का दिया था लक्ष्य, 2 विकेट रहते भारत ए ने छू लिया जीत का आंकड़ा

**अमृत विचार।** ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय सीरीज के बाद एक दिवसीय सीरीज पर भी भारत ए ने 2-1 से कब्जा किया। रविवार को ग्रीनपार्क मैदान में खेले गए तीसरे व अंतिम एकदिवसीय डे-नाइट मैच में 317 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए की टीम ने 2 विकेट शेष रहते 46वें ओवर में जीत हासिल कर ली। हालांकि 301 रन पर भारत ए के दो लगातार विकेट गिरने के बाद मैच रोमांचक मोड़ पर चला गया था, लेकिन आखिर के बल्लेबाजों ने मैच को फंसने नहीं दिया। भारत के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने शानदार शतक लगाया। कप्तान श्रेयश अय्यर और रियान पराग ने भी पचासा ठोंका। अभिषेक शर्मा कुछ खास नहीं कर सके। पिछले मैच में 94 रन बनाने वाले तिलक वर्मा भी जल्दी पवेलियन लौट गए। मैच में जीत के बाद ग्रीनपार्क में जमकर आतिशबाजी हुई।

ग्रीनपार्क में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ए ने शुरुआती 4 विकेट जल्द गिरने के बाद भी भारत ए के खिलाफ मजबूत स्कोर खड़ा किया। कूपर कोनोली, लियाम और कप्तान जैक एडवर्ड ने एक के बाद एक तेज अर्धशतक जड़े। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 49.1 ओवरों में ऑलआउट होने के बाद भारत ए को जीत के लिए 317 रनों का टारगेट दिया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा ने 3-3 विकेट झटके वहीं, आयुष बडोनी ने ऑस्ट्रेलिया के 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ए की ओर से एशिया कप के हीरो रहे अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने सधी शुरुआत की। प्रभसिमरन ने 38 गेंदों में 5 चौकों और 4 छक्कें की मदद से तेज पचासा जड़ा। वहीं दूसरी दूसरी खड़े अभिषेक शर्मा ने अपने खेल के विपिरीत धीमी बैटिंग की। अभिषेक शर्मा टॉड मर्फी की गेंद पर तनवीर सांघा को स्लिप प्वाइंट पर कैच थमा बैठे। उन्होंने 25 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 22 रन बनाए। पिछले मैच में 94 रन बनाने वाले तिलक वर्मा भी जल्द आउट हो गए। 3 रन के स्कोर पर टॉड मर्फी ने उन्हें एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद कप्तान श्रेयश अय्यर क्रीज पर प्रभसिमरन सिंह का साथ देने आए। प्रभसिमरन ने 66 बॉल में शानदार 101 रन बनाए। हालांकि शतक के तुरंत बाद वह तनवीर सांघा की गेंद पर सदरलैंड को कैच थमा बैठे। प्रभसिमरन ने शतकीय पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाए। प्रभसिमरन के आउट होने के बाद रियान पराग ने कप्तान श्रेयस के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 28.2 ओवरों में भारत ए ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 रन बना लिए। श्रेयस ने 7 चौकों और एक छक्के की मदद से 58 गेंदों में 62 रन की पारी खेली। उन्हें तनवीर सांघा ने आउट किया। भारत का स्कोर अभी 275 रन हुआ था कि अच्छा खेल रहे रियान पराग जल्दी रन बनाने के चक्कर में तनवीर सांघा की गेंद पर 62 रन पर कैच आउट हो गए। रियान ने पारी के दौरान 5 चौके और 3 छक्के लगाए। इसके बाद निशांत सिंधु महज 2 रन बनाकर आउट हो गए। 285 रनों पर भारत ए का छठा विकेट गिरा। इसके बाद विप्रज निगम खेलने उतरे। भारत ए का स्कोर जब 301 रन था तब 44वें ओवर में भारत ए को एक के बाद एक 2 बड़े झटके लगे। पहले आयुश बडोनी 21 और फिर हर्षित राणा 0 पर चलते बने। विप्रज निगम ने विनिंग शॉट के साथ ही 32 बॉल पर जिताऊ 24 रन बनाए। वहीं अर्शदीप सिंह ने भी 4 बॉल पर एक छक्का लगाते हुए 7 रन बनाए।



ग्रीनपार्क में रविवार को शतक बनाने के बाद जश्न मनाते भारत ए टीम के ओपनर प्रभसिमरन सिंह। एजेंसी



इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बाल के लिए जद्दोजहद करते आर्सेनल और वेस्ट हम यूनाईटेड के खिलाड़ी। एजेंसी

# चेल्सी की जीत, आर्सेनल अंक तालिका में शीर्ष पर

**लंदन, एजेंसी**

ब्राजील के एस्टेवाओ के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत चेल्सी ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया जो गत चैंपियन टीम की लगातार तीसरी हार है। एस्टेवाओ के गोल के बाद जरूरत से अधिक जश्न मनाने के लिए चेल्सी के कोच एंजो मारेस्को को लाल कार्ड दिखाया गया। इस हार के साथ तय हो गया कि लीवरपूल की टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अंक तालिका में शीर्ष पर नहीं होगी। आर्सेनल ने वेस्टहैम को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल पर एक अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईअेड ने भी सदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की। टोटेनहैम ने लीड्स को 2-1 से हराया और अब टीम अर्सेनल और लीवरपूल के बाद तीसरे स्थान पर है।

# अनीसीमोवा ने चीन ओपन का खिताब अपने नाम किया

**बीजिंग:** अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा ने रविवार को चीन ओपन के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से शिकस्त देकर इस हार्ड कोर्ट इंडोर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। सेमीफाइनल में हमवतन कोको गॉफ को शिकस्त देने वाली अनीसीमोवा ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ मैच खत्म किया। उनका चीन ओपन में यह पहला खिताब है।

20 वर्षीय नोस्कोवा ने तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले के आखिरी क्षणों में उन पर थकान हावी हो गई। इस वजह से तीसरा सेट में एकतरफा नजर आने लगा। अनीसीमोवा इस साल यूएस ओपन और विंबलडन दोनों की उपविजेता रही हैं और अब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। यह इस सत्र में उनका दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है।

नोस्कोवा 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 प्रारूप की शुरुआत के बाद से फाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की सबसे युवा खिलाड़ी है।

# जिलेइडे ने स्वर्ण और फातमा ने रजत पदक

- विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन ऑयल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 2025 में ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा ने रविवार को स्वर्ण, तुर्किये की फातमा दामला अल्टिन ने रजत पदक व पोलैंड की कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने महिला लंबी कूद टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में जिलेइडे व फातमा दामला अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण व रजत पदक जीता।

2024 में भाग न लेने के बाद विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी कर रही दिग्गज कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा। 2011 में पदार्पण के बाद से, करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का की किसी वैश्विक प्रतियोगिता में यह केवल तीसरी हार थी। उन्होंने चार विश्व चैंपियनशिप और तीन पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। हालांकि उन्होंने कई बार 6 मीटर की छलांग लगाई है, लेकिन टखने की चोट के कारण उन्हें कांस्य पदक के लिए इस सीजन की सर्वश्रेष्ठ छलांग से ही संतोष करना पड़ा। करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने कहा कि कांस्य पदक उन्हें स्वर्ण पदक जैसा लगा क्योंकि वह अपने टखने की चोट से जूझ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह पसंद आया कि कैसे उन्होंने अपरिचित गर्मी और उमस में प्रतिस्पर्धा करने के बावजूद पोडियम पर बने रहने के लिए अंत तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि आज मुझे बहुत मज़ा आया। मैंने पोडियम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की। शॉट पुट सर्कल से, नीदरलैंड की लारा बार्स ने महिलाओं के एफ40 वर्ग में लोहे की गेंद को 9.77 मीटर से ऊपर फेंककर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। 9 मीटर के निशान को पार करने वाली एकमात्र प्रतियोगी, 28 वर्षीय लारा ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड दो बार फिर से बनाया, इस प्रकार नई दिल्ली 2025 में 30वां विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस बीच, रविवार सुबह, अपील जूरी ने पहले के एक फैसले को पलट दिया और ब्राजीलियाई खिलाड़ी के चार अंक बहाल कर दिए। पॉलिनो डॉस सैंटोस थियागो ने पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता और भारत के सोमन राणा को कांस्य पदक मिला तथा फिनलैंड के तीजो कोप्पिका को पोडियम से बाहर कर दिया। भारत के पदकों की संख्या 18 बनी हुई है, लेकिन अब उसके पास प्रत्येक रंग के छह पदक हैं और वह तालिका में सातवें स्थान पर है। भारत की आगे बढ़ने की उम्मीदें स्प्रिंटर सिमरन शर्मा के कंधों पर टिकी हैं, क्योंकि वह महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां उनका मुकाबला क्लारा बैरोस दा सिल्वा (ब्राजील) और वेनेजुएला की एलेजांद्रा पाओला पेरेज लोपेज से होगा।



भारत की सिमरन (दाईं ओर) नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 200 मीटर फाइनल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहने के बाद अपने गाइड सैफी उमर के साथ जश्न मनाती हुई। एजेंसी

**ईरानी कप**

**यश ढुल की मेहनतकश 92 रनों की पारी के बावजूद शेष भारत की टीम खिताबी मुकाबले में 93 रनों से पराजित**

# हर्ष और यश की शानदार गेंदबाजी से विदर्भ बना चैंपियन

**नागपुर, एजेंसी**

यश ढुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को यहां मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा। बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया। दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया।

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिये। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया, जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। ठाकुर ने अगली ही गेंद पर आकाशदीप को बोल्ड किया और फिर पिछले साल रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच खत्म किया। शेष भारत के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि विदर्भ की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और वे जीत के हकदार थे। हमने परिस्थितियों का बेहतर आकलन नहीं किया। हम अगर ऐसा कर पाते तो उनके स्कोर के करीब पहुंच सकते थे। तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और ढुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पिछले कुछ सत्र अच्छे नहीं थे। लेकिन इस सत्र मैंने बहुत अच्छी तैयारी की। मैं अपनी टीम के लिए प्रभाव डालना चाहता था और ईरानी कप के साथ सत्र की शुरुआत इससे बेहतर हो नहीं सकती थी। इस मैच से भारतीय गेंदबाज आकाश दीप अपनी फिटनेस साबित करने में सफल रहे। आकाश दीप इंग्लैंड दौरे पर ओवल टेस्ट के दौरान चोटिल हो गये थे। उन्होंने कंधे की चोट से उबरते हुए इस मैच में 29 ओवर गेंदबाजी (पहली पारी में 19 और दूसरी पारी में 10) में तीन विकेट लिये। बल्लेबाजी में अभिमन्यु ईश्वरन बड़े मैचों में लचर प्रदर्शन के तमगे को पीछे छोड़ने में फिर से नाकाम रहे।

उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक लगाया, लेकिन दूसरी पारी में 17 रन बनाकर आउट हो गये। वह दोनों पारियों में बायें हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे और दोनों बार एक ही तरह से बैकफुट पर पगबाधा आउट हुए। वह पहली पारी में पार्थ रेखड़े और दूसरी पारी में हर्ष दुबे की गेंद पर पवेलियन लौटे।



फाइनल में भारत को 93रनों से हराकर ईरानी कप जीतने की खुशी मनाते विदर्भ टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

# चेकमेट प्रतियोगिता में अमेरिका ने भारत को 5-0 से हराया

**नई दिल्ली:** हिकारू नाकामूरा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को हरा दिया। अमेरिका के एर्लिंगटन में चल रही पहली चेकमेट प्रतियोगिता में मेजबान देश अमेरिका ने भारत को 5-0 से हरा दिया। मैच के दौरान कई तनावपूर्ण मौके आए और दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जीत के मौके बनाए लेकिन अमेरिका ने मौकों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को फाबियानो करुआना के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को अंतरराष्ट्रीय मास्टर कारिसा यिप ने हराकर उलटफेर किया। अंतरराष्ट्रीय मास्टर लेवी रोजमैन ने इसके बाद सागर शाह को हराया जबकि ईथेन वैज को अंतरराष्ट्रीय मास्टर टेनी एडेवुमी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।